राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 281
लखनऊ, शनिवार 13 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





साप्ताहिक जन चौपाल योजना के तहत ग्रामीणों की सुनी समस्यायें 10

2027 तक होगा बालश्रम मुक्त उत्तर प्रदेश : अनिल राजभर 03


# 12 वर्षों में बदला भारत का स्वरूप : आस्था व आर्थिकी के संगम से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा भारत : सीएम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सेवा, सुशासन और समर्पण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में मीडिया संवाद किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने लोकभवन में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की आस्था व सांस्कृतिक विरासत को वह सम्मान प्राप्त हुआ, जिसकी लंबे समय से अपेक्षा थी। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ और प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री बने, जिन्होंने राम मंदिर के शिलान्यास, प्राण-प्रतिष्ठा तथा मंदिर पर सनातन ध्वज आरोहण जैसे तीनों ऐतिहासिक कार्य अपने कर-कमलों से संपन्न किए। अयोध्या में रामलला की प्रतिष्ठा, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारपुरी के पुनरुद्धार जैसे कार्य भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी कई अवसरों पर देश की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत को अपेक्षित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने स्मरण कराया कि सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री ने वहां जाने से इनकार कर दिया था और राष्ट्रपति को भी कार्यक्रम में शामिल होने से रोका गया था। इसके विपरीत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है और आज देश का प्रत्येक नागरिक नए भारत का हिस्सा होने पर गर्व महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक योजनाएं बनती रहीं, लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहली बार योजनाओं को जन आंदोलन का स्वरूप मिला। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बैंक खाते खोले गए, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बने, 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और मुद्रा योजना जैसी पहलों ने देश को नई दिशा दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री की योजनाओं का सर्वाधिक लाभ मिला है। राज्य में 65 लाख गरीबों को आवास, तीन करोड़ परिवारों को शौचालय, लगभग दो करोड़ परिवारों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन तथा 15 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला। कोविड काल में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया। गरीब अब केवल वोट बैंक नहीं रहा, बल्कि विकास प्रक्रिया का केंद्र बन चुका है। महिला सशक्तीकरण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', मातृ वंदन योजना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने महिलाओं को नई पहचान दी है। उत्तर प्रदेश में भी बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग, पुस्तकें और स्वेटर उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से बेटियों के जीवन को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने का कार्य किया गया। मिशन शक्ति अभियान और पुलिस बल में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण ने महिलाओं को सुरक्षा व अवसर प्रदान किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद और सीमा पार से मिलने वाली चुनौतियों का निर्णायक जवाब दिया है। ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने स्पष्ट कर दिया कि यदि कोई भारत की सुरक्षा व संप्रभुता को चुनौती देगा तो उसे उसके घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा। इससे देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई और सैनिकों का मनोबल भी बढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ नेतृत्व और प्रभावी रणनीति का परिणाम है कि देश नक्सलवाद मुक्त भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सीमा पार से होने वाले हमलों और आतंकवादी घटनाओं पर देश की प्रतिक्रिया सीमित रहती थी। यूपीए शासनकाल में दुश्मन देश भारतीय सैनिकों के सिर काटकर ले गया था, लेकिन सरकार मौन रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की परिस्थितियों और वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों को ऊर्जा संकट से बचाए रखा। जब अमेरिका सहित अनेक देशों में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई और महंगाई ने आम लोगों को प्रभावित किया, तब भी भारत ने ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की तथा महंगाई को नियंत्रित रखने में सफलता प्राप्त की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, एनडीए के सहयोगी अपना दल के नेता एवं मंत्री आशीष पटेल, सुहेलदेव राजभर पार्टी के नेता एवं मंत्री ओम प्रकाश राजभर, निषाद राज पार्टी के नेता व मंत्री संजय निषाद, राष्ट्रीय लोक दल के नेता व मंत्री अनिल कुमार तथा विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



**▶ कोविड प्रबंधन से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, किसान एवं युवा कल्याण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण व आत्मनिर्भर भारत तक की यात्रा को सीएम योगी ने बताया ऐतिहासिक**

### पंच प्रण के माध्यम से विकसित भारत का आह्वान

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सामने 'पंच प्रण' का आह्वान किया, जो विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। इन पंच प्रणों में गुलामी की मानसिकता के अवशेषों को समाप्त करना, भारत की समृद्ध विरासत पर गर्व करना, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना, प्रत्येक नागरिक द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन करना तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करना शामिल है। प्रधानमंत्री ने देश को केवल अमृत महोत्सव के उत्सव तक सीमित नहीं रखा, बल्कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप भी प्रस्तुत किया।

### हर शहर व गांव को ग्रीन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक सेवा से जोड़ेंगे : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ग्रीन मोबिलिटी व सस्टेनेबल डेवलपमेंट का विजन दिया है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार आने वाले समय में हर शहर-गांव को पेट्रोल-डीजल मुक्त ग्रीन मोबिलिटी इलेक्ट्रिक सेवा से जोड़ेगी। हर व्यक्ति को बेहतर, आरामदायक व पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवा मिलने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश में परिवहन विभाग का बेड़ा बड़ा हो रहा है, उनके कार्य भी बड़े दिखने चाहिए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट तक संचालित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 45 इलेक्ट्रिक बसों व 3 हाइड्रोजन बसों को लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने इस अवसर पर नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो का भी शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्रीने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पश्चिम एशिया में चल रहे गतिरोध बड़ी चुनौतियां हैं। इनके कारण दुनिया वायु प्रदूषण, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, ओलावृष्टि का सामना कर रही है। दुनिया पर थोपे गए युद्धों की कीमत पूरी मानवता चुका रही है। पीएम के विजन को धरातल पर उतारने के लिए 15 जून से भारत के सबसे बड़े हवाई अड्डे (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) का संचालन प्रारंभ होने जा रहा है। देश के सबसे बड़े आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक हब तथा सुचारु वायुसेवा की दृष्टि से यात्रियों, नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीनों अथॉरिटी (नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यीडा) ने परिवहन निगम के माध्यम से यह सेवा प्रारंभ की है। यह नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

### विपक्ष पर साधा निशाना, विकास व विरासत से परहेज का आरोप

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों की राजनीति वर्षों तक भ्रष्टाचार, कुशासन, परिवारवाद, तुष्टिकरण, अव्यवस्था और असुरक्षा पर आधारित रही, उन्हें आज देश में हो रहा विकास और परिवर्तन स्वीकार नहीं हो रहा है। पहले देश की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों से दूरी बनाई जाती थी तथा समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा और मत-मजहब के आधार पर बांटने का प्रयास किया जाता था। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान किसान उपेक्षित रहे, उद्यमियों को हतोत्साहित किया गया, युवाओं को अवसर नहीं मिले और गरीब केवल वोटबैंक बनकर रह गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब विकास, सुशासन, सुरक्षा, विरासत के सम्मान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य हुआ तो वही लोग इस परिवर्तन से असहज दिखाई दे रहे हैं। आज पूरा विश्व भारत की उपलब्धियों और विकास यात्रा की सराहना कर रहा है, लेकिन कुछ विपक्षी दल राजनीतिक कारणों से इन उपलब्धियों को स्वीकार करने से बच रहे हैं।

## राजग सरकार के 12 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 12 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला-नेतृत्व वाले विकास पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पिछले एक दशक में महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाई हैं।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार के प्रयासों से महिलाओं को वित्तीय समावेशन और उद्यमशीलता से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सफाई, आवासन, खेल, विज्ञान और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में बड़ी तरक्की करने में मदद मिली है।

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले 12 सालों में राजग सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए काम किया है और यह सभी क्षेत्रों में दिखाई देता है। उन्होंने कहा, वित्तीय समावेशन और उद्यमशिलता से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सफाई, आवासन, खेल, विज्ञान और प्रशासन तक महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं की भलाई और सशक्तिकरण के लिए सरकार के नजरिए पर जोर देते हुए कहा कि पिछले दशक में शुरू की गई पहलें गरिमा, मौका और सशक्तिकरण पर आधारित थीं। उन्होंने कहा कि राजग सरकार की कोशिशें गरिमा, मौका और सशक्तिकरण पर आधारित हैं।

उन्होंने ऐसा माहौल बनाने में मदद की है जहां महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल कर सकती हैं और देश के निर्माण में और भी मजबूती से योगदान दे सकती हैं।

प्रधानमंत्री ने उभरते और प्रौद्योगिकी से चलने वाले क्षेत्रों, खासकर विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और नवाचार में महिलाओं की बढ़ती मौजूदगी पर भी खुशी जताई। श्री मोदी ने कहा कि मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि भारत की नारी शक्ति विज्ञान, अंतरिक्ष और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे उभरते हुए क्षेत्र में उनकी बढ़ती हिस्सेदारी से अवसर के नए रास्ते खुल रहे हैं और पूरे देश में विकास का माहौल बदल रहा है। उन्होंने महिलाओं में आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में स्वयं सहायता समूहों (एसचजी) की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सरकार ऐसे समूहों का सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार स्वयं सहायता समूह को सक्रिय रूप से समर्थन कर रही है, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने में काफी अहम हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री की यह बात तब सामने आई जब राजग सरकार ने 2014 में केंद्र में सत्ता संभालने के बाद से अपनी उपलब्धियों को बताया। सरकार ने पिछले कुछ सालों में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के मकसद से कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें वित्तीय समावेशन, सफाई, आवासन, मातृत्व स्वास्थ्य, उद्यमशिलता और कौशल विकास पर ध्यान देने वाले पहलें शामिल हैं।

**▶ राजग सरकार की कोशिशें गरिमा, मौका और सशक्तिकरण पर आधारित**

**▶ राजग सरकार ने महिलाओं के लिए ऐसा माहौल बनाया कि वे अपनी पूरी क्षमता दिखा सकें**

### –: सर्राफा बाजार :–

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,45,820/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,36,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,11,530/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,60,000/किग्रा |



## विश्वविख्यात निशानेबाज जसपाल राणा का निधन

**एजेंसी, देहरादून।**



पद्मश्री सम्मानित, विश्वविख्यात निशानेबाज और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता जसपाल राणाका दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से देहरादून लाया जाएगा और 13 जून को दोपहर 12 बजे तक देहरादून स्थित उनके नाम पर स्थापित शूटिंग रेंज में आमजन के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा।

खेल विभाग, खिलाड़ी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में आमजन शूटिंग रेंज पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद 13 जून को दोपहर 12 बजे पार्थिव शरीर को विशेष विमान से काशी (वाराणसी) ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजन और खेल जगत से जुड़े लोग भी वहां उपस्थित रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाले पद्मश्री सम्मानित और विश्वविख्यात निशानेबाज जशपाल राणा के निधन से पूरे देश, खेल जगत और उत्तराखंड में शोक की लहर दौड़ गई है। राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और सामाजिक संगठनों ने उनके निधन को खेल जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

## पेट्रोल पंप पर एक दिन में अधिकतम 200 लीटर डीजल मिलेगा, नया आदेश जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी रोकने और इसके विनियमन के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत नया आदेश जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि किसी भी वाहन या व्यक्ति को एक दिन में पेट्रोल पंप पर 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं मिलेगा। नये नियम से लंबी तथा मध्यम दूरी के माल परिवहन वाले ट्रकों पर असर पड़ने की संभावना है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा गुरुवार देर रात जारी अधिसूचना में खुदरा बिक्री केंद्रों (पेट्रोल पंप डीलरों) को आदेश दिया गया है कि वे डीजल की बिक्री केवल वाहनों के टैंक अथवा पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से अनुमोदित कंटेनर में ही करेंगे। एक दिन में एक ग्राहक/वाहन को 200 लीटर से ज्यादा डीजल की बिक्री नहीं करेंगे। ऐसे ग्राहकों के लिए भी डीजल की पुनः बिक्री की मनाही होगी।

आदेश में फिलहाल पेट्रोल की खुदरा बिक्री की कोई सीमा तय नहीं की गयी है, लेकिन भविष्य में ऐसा करने की गुंजाइश रखी गयी है। साथ ही, डीजल के साथ इसकी भी जमाखोरी रोकने के लिए कार्रवाई का प्रावधान है।

तत्काल प्रभाव से लागू इस आदेश में कहा गया है कि संस्थागत और प्रत्यक्ष अथवा औद्योगिक तथा व्यावसायिक ग्राहक खुदरा बिक्री केंद्र से पेट्रोल या डीजल नहीं खरीदेंगे या नहीं मंगवायेंगे। वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल अपने उपभोक्ता पंप से ही करेंगे।

इन प्रतिबंधों का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी तेल विपणन कंपनियों तथा खुदरा विक्रय केंद्र डीलरों की होगी। यह आदेश 90 दिन तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा।

आदेश को लागू कराने के लिए केंद्र या राज्य सरकार किसी राजपत्रित अधिकारी या कम से कम पुलिस उपाधीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारी को तलाशी और अधिग्रहण की शक्ति दे सकती है। तेल कंपनी का सेल ऑफिसर या उससे ऊपर के रैंक का अधिकारी भी यह काम कर सकता है।

राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया है कि वे आज के आदेश और अन्य लागू कानूनों के तहत पेट्रोल और डीजल से संबंधित जमाखोरी, कालाबाजारी, अनधिकृत रूप से उनकी खरीद, जिस उद्देश्य के लिए खरीदा गया है उससे अलग इस्तेमाल और अन्य अनाचारों के विरुद्ध कार्रवाई सहित सभी आवश्यक उपाय करेंगे। इन आदेशों का उल्लंघन आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और अन्य लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार दंडनीय होगा और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा सकेगा।




**▶ नये नियम से लंबी व मध्यम दूरी के माल परिवहन वाले ट्रकों पर असर पड़ने की संभावना**

### नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा, परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : कैबिनेट सचिव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कैबिनेट सचिव टी. वी. सोमनाथन ने शुक्रवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक के साथ बैठक कर नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता और सुचारु संचालन में बाधा डालने या किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में 21 जून को आयोजित होने वाली नीट पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, पारदर्शी और सुचारु संचालन के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। कैबिनेट सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों और हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा की पवित्रता और विश्वसनीयता को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून की पूरी ताकत से कार्रवाई की जाएगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव मामले में दो नाबालिग हिरासत में

**नई दिल्ली/फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद की थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारने वाले दो नाबालिगों को को हिरासत में लिया है। इसी ट्रेन से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी सफर कर रहे थे। हालांकि इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आयी है। स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई, जिसके बाद दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

#### पांच मंजिला इमारत में आग, तीन की मौत, पांच लोगों को बचाया गया

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में बीती देर रात एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग ने तीन लोगों की जान ले ली। जबकि पांच लोगों को धुएं और आग के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के बताया कि हादसे में एक 22 वर्षीय युवक और दो महिलाओं की मौत हो गई है। वहीं दो अन्य घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। गोविंदपुरी के तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित जिस इमारत में आग लगी, वहां प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को हादसे की संभावित वजह माना जा रहा है।

## प्री मानसून की बारिश से जन जीवन प्रभावित आंधी-पानी व ओले गिरने का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश होने से जन जीवन प्रभावित है, वहीं शुक्रवार को भी प्रदेश के कई जिलों मे तेज हवाओं के साथ गरज चमक के साथ बौछारें पड़ी हैं। हालांकि सुबह तेज धूप के कारण तापमान में वृद्धि हुई लेकिन दोपहर बाद मौसम अचानक बदल गया और आसमान में बादल छा गए। शनिवार को भी बारिश और आंधी पानी का अलर्ट है।

मानसून के केरल में दस्तक देने के बाद आज शुक्रवार को साउथवेस्ट मॉनसून पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, झारखंड में पहुंच गया है। पड़ोसी राज्य बिहार पहुंचने के बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश के पहुंचने वाला है। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र के उत्तर प्रदेश सहित समूचे उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से शुक्रवार बारिश और आंधी तूफान के अलावा कई जिलों में ओले गिरने की संभावना जताई है। आज प्रदेश के अधिकांश जिलों एटा, इटावा, हाथरस, मैनपुरी, कासगंज, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, बरेली, अलीगढ, बदायूं, बुलंदशहर, संभल समेत कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है जबकि डेढ़ दर्जन जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो गया है। इससे प्री-मानसून जोर पकड़ने लगा है। ऐसे में आंधी-बारिश का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा।

मौसम विभाग वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिव होने के कारण ही गुरुवार देर रात से आगरा, मथुरा, सहारनपुर, हापुड़, शामली और हाथरस में रुक-रुक कर जोरदार बारिश हुई है और इससे जन जीवन प्रभावित है।

बीते 24 घंटे की बात करें तो गोरखपुर-मेरठ समेत कई शहरों में आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई है।

**निर्देश** | **अमित शाह ने की अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा**

## अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में आधुनिक तकनीक का होगा व्यापक उपयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यात्रा के सुचारु संचालन के लिए व्यापक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गृहमंत्री शाह ने यहां उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बहुस्तरीय एवं अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित किया जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम तथा अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न केंद्रीय बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों तथा यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करें। साथ ही श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था और आपदा प्रबंधन से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं के पंजीकरण पर भी विशेष बल दिया गया। निर्देश दिए गए कि संबंधित व्यक्तियों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएं तथा यात्रा में उपयोग किए जाने वाले पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं। गृह मंत्री ने अधिकारियों को मौसम की स्थिति और पूर्वानुमान के आधार पर ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा मार्ग के अलावा जम्मू-कश्मीर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक सुरक्षित वातावरण में यात्रा और पर्यटन का आनंद ले सकें। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष आयोजित होने वाली अमरनाथ यात्रा में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जिसके मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं।

# भारत के भविष्य के सारथी हैं एनसीसी कैडेट : मंडलायुक्त

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



48 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 160, मनकापुर में आज कैंप के सातवें दिन देवीपाटन मंडल की मंडल आयुक्त श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने कैंप एरिया का निरीक्षण किया। मंडल आयुक्त के आगमन पर कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने उनका स्वागत किया तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा मंडल आयुक्त को गार्ड आफ आनर दिया गया। कर्नल सुनील कपूर ने अपने कैंप कार्यालय में मंडल आयुक्त को कैंप की संरचना के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। इसके उपरांत मंडल आयुक्त ने कैंप कुक हाउस, फायरिंग रेंज तथा ड्रोन ट्रेंनिंग सेंटर और आवासीय परिक्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। मंडल आयुक्त ने कैम्प निरीक्षण के दौरान कैंप की व्यवस्था के लिए कैंप कमांडेंट और लोकल प्रशासन मनकापुर एसडीएम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इस ग्रामीण क्षेत्र में इस कैंप के माध्यम से नवीन ऊर्जा का संचार कर दिया है। कैडेटो को संबोधित करते हुए मंडल आयुक्त ने एनसीसी को कैडेटो के विकास का एक पूर्ण पाठ्यक्रम बताया जो उनके भावी भविष्य का मजबूत आधार बनता है। समय पालन और अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी होती है और यही एनसीसी कैडेट को सिखाती है। समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन करना ही एनसीसी कैडेट का परम कर्तव्य है। मंडल आयुक्त ने विकसित भारत रूपी रथ का सारथी एनसीसी कैडेट को कहा कि जिस प्रकार अर्जुन के रथ को कृष्ण ने पार लगाया उसी प्रकार एनसीसी कैडेट भारत के भावी भविष्य को तैयार करेंगे और तिरंगे को हमेशा अपने दिल में बसा के रखेंगे। मंडल आयुक्त ने अग्नि वीर परीक्षा में बटालियन से चयनित होने वाले 41 कैडेटो को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। कैंप कमांडेंट ने बटालियन की ओर से मंडल आयुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर राजेश द्विवेदी, लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, रमेश शुक्ला,अमिताभ पांडे और सूबेदार मेजर आनंदपाल सिंह तथा बटालियन के पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय वृहद मण्डलीय रोजगार मेले का शुभारंभ



हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा, आई0टी0आई0 उत्तीर्ण एवं कौशल विकास प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोण्डा में एक दिवसीय वृहद मण्डलीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा फीता काटकर किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी गोण्डा व मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद की गारिमामयी उपस्थित रही। मेले में आर0के0 मिश्रा, संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिशिक्ष), देवीपाटन मण्डल, गोण्डा, श्री राम सिंह नोडल प्रधानाचार्य, गोण्डा, श्रीमती स्मृति शर्मा, नोडल प्रधानाचार्य बहराइच, श्री मैथिली शरण नोडल प्रधानाचार्य बलरामपुर, विनोद कुमार गुप्ता, नोडल प्रधानाचार्य भिनगा श्रावस्ती, मण्डल के समस्त जनपदों के समस्त प्रधानाचार्य, एम0आई0एस0 मैनेजर कौशल विकास, डी0पी0एम0 व बी0पी0एम0 डी0डी0यू-जी0के0वाई0 तथा मण्डल के समस्त राजकीय एवं निजी संस्थानों के कर्मचारीगण उपस्थित रहें। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स पन्तनगर उत्तराखण्ड, एल0एन0टी0 अहमदाबाद, एल0एन0टी0 देवरिया, एल0एन0टी0 दिल्ली, किर्लोस्कर ऑयल इंजन लि0 लखनऊ, मैनपावर सुलेशन नोयड, एक्सल डीजल प्रा0लि0 अयोध्या, एस0बी0आई0 बैंकिंग लखनऊ, होण्डा, लखनऊ, हुण्डई नोएडा व वोल्टास प्रा0लि0-दिल्ली द्वारा प्रतिभाग किया गया है। मेले में 8409 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण के माध्यम से रुचि जताई। कुल 63 कम्पनीज ने लगभग 6000 रिक्तियों के सापेक्ष इच्छुक युवक /युवतियों का साक्षात्कार व दस्तावेज सत्यापन के आधार पर चयन की प्रक्रिया प्रगतिमान है। मण्डलायुक्त महोदया, मुख्य विकास अधिकारी महोदय व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी-गोण्डा द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कर शुभकानाएं दी गई। मंच संचालन कर रहें श्री विजय कुमार-कार्यदेशक एवं श्री पवन शुक्ला जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, गोण्डा द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पंचायत चुनाव मतदाता सूची में सैकड़ों नाम कटे, डीएम से मिले ग्रामीण

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



जिले में कल वोटर लिस्ट प्रकाशित हुई तो मतदाता सूची में गड़बडी सामने आई तो शुक्रवार को कई गांव के लोग डीएम प्रियंका निरंजन के कार्यालय पहुंचे और सैकडो जीवित लोगों के नाम कटने की शिकायत दर्ज करायी. डीएम ने एसडीएम से रिपोर्ट तलब की है जिससे गडबडी करने वालों पर कार्रवाई हो सके।

गोंडा जिले में कई गांव की मतदाता सूची में गडबडी प्रकाश में आई है. विकास खंड कर्नलगंज की ग्राम पंचायत शोशामउ में सौ से ज्यादा जीवित लोगो के नाम मतदात सूची से कट गये. इसे लेकर बलराम दिवेदी, बृजेश पाठक अशोक कुमार माधुरी सोनी न डीएम से नाम काटे जाने की शिकायत की। हलधरमउ ब्लाक की ग्राम पंचायत कपूरपुर से शिकायत मिली कि ग्राम पंचायत की वोटर लिस्ट से 270 नाम कट गये हैं, यहां के अमित मिश्र ने डीएम को बताया कि आधार नंबर सही है डुप्लीकेट नंबर फीड नहीं किये गये. इससे जीवित व्यक्तियों के नाम कट गये हैं।

कपूरपुर ग्राम पंचायत से लगभग 200 ग्रामीण डीएम कार्यालय आये थे जो अपने कटे हुए नाम को लेकर आक्रोशित दिखे। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि कपूरपुर अमित कुमार मिश्रा, शिव कमार मिश्र, प्रेम कुमार, संजीव कुमार, किरन, पल्लवी. अर्चना, गीता देवी. केशवराम, हरीलाल, रामलौटन, राधा, मोहित दुबे, माया देवी. पवन कुमार, पार्वती सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भारत-नेपाल सीमा पर दो तस्कर गिरफ्तार लाखों रुपये कीमत की चरस बरामद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के भारत-नेपाल सीमा से सटे रूपईडीहा इलाके में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों रुपये की चरस बरामद हुई है। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत, उप निरीक्षक अजय कुमार, आरक्षी सोविन्द्र यादव, विकास प्रजापति, मनोज कुमार वर्मा और एसएसबी के जवान शुक्रवार सुबह सीमा पर स्थित सीमान्त डिग्री कॉलेज के पास संयुक्त गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पिलर संख्या 651/11 की ओर से दो युवक आते दिखे। उनकी संदिग्ध गतिविधियों के कारण टीम ने तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से 10 लाख रुपये कीमत की 1 किलो 876 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद दोनों युवकों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। रूपईडीहा थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान सादिक और सद्दाम निवासी मुस्लिम बाग, थाना रूपईडीहा के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा जा रहा है।

### केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित, नगर मजिस्ट्रेट ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एक प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ, जिसमें उद्यमी, अधिवक्ता और विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में जन कल्याण, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला एवं युवा उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका रही है। सम्मेलन में मौजूद उद्यमियों और अधिवक्ताओं ने विभिन्न विकासात्मक योजनाओं, सुशासन की पहलों और नागरिक सेवाओं में आए सकारात्मक बदलावों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की जनहितकारी नीतियों ने देश के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा दी है, जिससे आम जनता के जीवन स्तर में सुधार आया है। इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों से सरकार की इन योजनाओं और कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील भी की गई। सम्मेलन का समापन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के संकल्प के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में शासकीय अधिवक्ता राजस्व अजय शर्मा, एडीजीसी अतुल गौड़, एकता जायसवाल, व्यापारी प्रमोद डालमिया, विनोद अग्रवाल, दुर्गेश पांडेय, सरदार मोहन सिंह, सुधाकर मिश्रा, आलोक शुक्ला, देवेंद्र पांडेय, अनिल मिश्रा और संदीप मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, एक युवक को रोडबेज ने दूसरे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। एक बाइक सवार को युवक को रोड बेज बस ने टक्कर मार दिया। दूसरे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिस से दोनो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। कौड़ियां थाना क्षेत्र के जय राम पुरवा कोचवा गांव के निवासी 20 वर्षीय धनी राम पुत्र शालिक राम बृहस्पतिवार की देर शाम को मंगल नगर बाजार खरगू पुर बाइक से गया था। वही से वापस घर लौट रहा था।आर्य नगर मार्ग स्थित सिसई माफी ग्राम के पास एक रोड बेज बस ने टक्कर मार दिया। मृतक के भाई बाबू राम ने बताया कि वह पांच भाई थे। सब से बड़ा मनसा राम राजा राम फिर मृतक और सब से छोटा तपसी राम है। मृतक के भाई बाबू राम ने बताया कि उस का भाई मजदूरी का काम करता है। काम के सिलसिले से वह मंगलनगर बाजार गया हुआ था। तभी रोड बेज बस बहराइच की तरफ से आ रही थी। दूसरी रोड बेज बस गोंड से बहराइच की तरफ जा रही थी। दोनों बसों ने ओवर टेक किए जिस में से एक बस ने टक्कर मार दिया ।घायल अवस्था में आसपास के लोग मेडिकल कालेज एम्बुलेंस से भेजवाया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया । वजीर गंज थाना क्षेत्र के डोडिया पारा राजा सगरा गांव के निवास 25 वर्षीय शिव कुमार पुत्र राम कृपाल बाइक से गोंडा किसी काम से गया था। बृहस्पतिवार की देर रात्रि को घर लौट रहा था। अयोध्या मार्ग स्थित राजा सगरा चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि युवक सड़क पर उछल कर गिर गया। सड़क के किनारे पड़ा हुआ था ।आसपास के लोगों ने देखा तो उस की पहचान किया ।इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजवाया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम भेजा है ।

# खेत बचाओ अभियान में कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को जैविक खाद के उपयोग की दी जानाकारी

मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र में चल रहे खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत आयोजित किसान जागरूकता कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामलखन सिंह यादव ने किसानों को जैविक खेती एवं जैविक खाद के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है, जिससे फसल उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने किसानों को गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद तथा अन्य जैविक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। खेत बचाओ अभियान के संयोजकों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों से जोड़ना तथा खेती योग्य भूमि की उर्वरता को बनाए रखना है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने जैविक खेती से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका कृषि वैज्ञानिक ने सरल तरीके से उत्तर दिया। अंत में किसानों से खेतों की मिट्टी की नियमित जांच कराने तथा संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में पंकज सिंह (ATM), दीपक सिंह (ATM) प्रतीक सिंह सहायक विकास अधिकारी कृषि नबाबगंज करौंदी के प्रधानप्रतिनिधि जगदम्बा, ग्रासभा महादेवा के प्रधान शोभाराम, अर्जुन प्रसाद वर्मा, रामचन्द्र यादव, जसवन्त लाल यादव जग्गीराम पटेल, रोजगार सेवक महादेवा शर्मेन्द्र कुमार वर्मा एवं क्षेत्र के किसान, एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

- 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन गोण्डा में आयोजित किया जाएगा भव्य योग कार्यक्रम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।




कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन एवं तैयारियों की समीक्षा हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित एवं जनसहभागिता आधारित बनाने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत को निर्देशित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आयोजित किए जाने वाले साप्ताहिक रिहर्सल योग कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जून 2026 को प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक सिविल लाइन स्थित चेतना पार्क, गोण्डा में किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि रिहर्सल कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य जनपदीय योग कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे तक पुलिस लाइन, गोण्डा में किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन शैली का आधार है और इसके माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण तत्परता से तैयारियां करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कुमार पांडेय, डीएसटीओ एन.के. सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दुबे, डीसी एनआरएलएम जे.एन. राव, डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम पर शांति व सौहार्द का संदेश अराजक तत्वों को कड़ी चेतावनी

- अराजकता फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : दीपक सिंह

पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।



आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने ग्राम सुनगा में शांति समिति की बैठक आयोजित की।

बैठक में ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी अफवाह या भड़काऊ सूचना पर ध्यान न दें। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा मोहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ संपन्न कराने का भरोसा दिलाया। पुलिस की पहल से क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

# स्कार्पियों ने बाइक को मारी टक्कर दो बाइक सवारों की मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

- सीतापुर के रहने वाले थे दोनों, बहराइच-सीतापुर मार्ग पर हुआ हादसा



हरदी थाना क्षेत्र में बहराइच-सीतापुर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सीतापुर निवासी दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान सीतापुर जनपद के थानगांव थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खरपत्तू पुरवा निवासी नारायण (50 वर्ष) और मंगरू (35 वर्ष) के रूप में हुई है। वे शुक्रवार को निजी कार्य से अपनी बाइक (क्क 34 क्क) से बहराइच आ रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे जब वे हरदी थाना क्षेत्र के रमवापुर खुर्द के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार स्कार्पियो (क्क 32 ह्ज्ञ 6789) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिसकर्मियों की मदद से गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र रामपुरवा भेजा, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### ट्रैक्टर तालाब में फिसला चालक की दबकर मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक ट्रैक्टर तालाब में फिसल गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक मयंकर यादव (28) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, पहलवान पुरवा चौकसाहार निवासी मयंकर यादव अपना आइशर 551 ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर अरनवा स्थित सीमेंट-मौरंग की दुकान से घर लौट रहे थे। रात्रि करीब 2:30 बजे ग्राम तेलियनपुरवा के पास सड़क किनारे स्थित तालाब के समीप ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गया। मयंकर ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे उनकी जान चली गई। सूचना मिलने पर खैरीघाट थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बहराइच सुहेलदेव पर उठाए प्रश्न



**200 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी : शौकत अली**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली रविवार को बहराइच पहुंचे। वे जिले के मटेरा इलाके में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए महाराजा सुहेलदेव को एक काल्पनिक पात्र बताया।

शौकत अली ने कहा कि अगर महाराजा सुहेलदेव वास्तविक थे, तो जिले में उनका कोई किला या महल क्यों नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि हर राजा का महल होता है। उन्होंने सलार मसूद गाजी का भी जिक्र किया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि लोग उन्हें बाहरी बताते हैं, जबकि उनका जन्म राजस्थान के अजमेर में हुआ था।

उन्होंने सवाल उठाया कि यदि महाराजा सुहेलदेव ने कोई लड़ाई लड़ी थी, तो उनके साथ 21 अन्य राजा कौन थे और उनके नाम क्या थे? शौकत अली ने कहा कि इन सवालों का कोई जवाब नहीं है, जिससे उनकी काल्पनिक प्रकृति सिद्ध होती है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने बताया कि पार्टी बहराइच से चुनावी अभियान का शंखनाद करने जा रही है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम पूरे प्रदेश में करीब 200 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, हालांकि इस पर अंतिम फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे। शौकत अली ने ये बातें नगर के तिकोनी बाग इलाके में स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।

# सड़क के लिए फूटा जनता का गुस्सा, चौपाल में विधायक को घेरा

- सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारों से गूंजा मैदान, चुनाव से पहले निर्माण का आश्वासन

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।





वर्षों से टूटी सड़क पर धूल फांक रही जनता का गुस्सा गुरुवार को चौपाल में फूट पड़ा। सुजौली-हरखापुर मार्ग की बदहाली से त्रस्त ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक सरोज सोनकर के सामने जमकर नाराजगी जताई और साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। सड़क चाहिए, वरना वोट नहीं मिलेगा। ग्राम पंचायत चफरिया के राजा हीरा सिंह ग्राउंड में आयोजित चौपाल उस समय जनआक्रोश का मंच बन गई जब सैकड़ों ग्रामीणों ने हाथों में ज्ञापन लेकर सड़क निर्माण की मांग उठाई। लोगों का कहना था कि करीब आठ किलोमीटर लंबी सुजौली-हरखापुर सड़क वर्षों से बदहाल पड़ी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि केवल वादे करते रहे हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की हालत ऐसी है कि रोजाना लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात में मार्ग दलदल में बदल जाता है और मरीजों, छात्रों तथा किसानों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों का आरोप था कि कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। चौपाल में समाजसेवी क्रांति कुमार मिश्र के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि सड़क का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए, पुलियों का निर्माण हो, कारीकोट से सुजौली तक मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाए तथा जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से लोगों को सुरक्षा दी जाए। साथ ही क्षेत्र में इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग भी उठाई गई। जनता के तीखे सवालों के बीच विधायक सरोज सोनकर ने मंच से स्वीकार किया कि सड़क की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है और वन विभाग की अनुमति मिलने के बाद कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि वह जिला अधिकारी और प्रभागीय वन अधिकारी से वार्ता कर चुनाव से पहले सड़क निर्माण कराने का प्रयास करेंगी। हालांकि ग्रामीण विधायक के आश्वासन से पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आए। चौपाल के दौरान कई बार ÷सड़क नहीं तो वोट नहीं÷ के नारे गूंजे। समाजसेवी क्रांति कुमार मिश्र ने दो टूक कहा कि अब जनता केवल भाषण नहीं, सड़क पर मशीनें चलती देखना चाहती है। यदि एक महीने के भीतर सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो सुजौली चौराहे पर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। चौपाल में जंगली जानवरों के हमलों का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ और तेंदुओं की बढ़ती गतिविधियों से लोग दहशत में हैं, लेकिन वन विभाग की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। लोगों ने चेतावनी दी कि सड़क और सुरक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में जनआंदोलन और तेज होगा। चौपाल में क्रांति कुमार मिश्र, सुधीर शुक्ला, कृष्णा पांडेय, मिथिलेश मझवार, अंजनी चतुर्वेदी, वृज किशोर शुक्ला, आदर्श पांडेय, विशाल अवस्थी, निखिल पांडेय, विशाल गुप्ता, मोनू इदरीसी, सोनू बादशाह सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड का किया निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान किया अर्दली रूम, विभिन्न शाखाओं का भी किया निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।





पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ग्रहण कर परेड का निरीक्षण किया।

परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी धारण करने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं मधुर व्यवहार बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल भी कराई।

परेड के उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात रेडियो शाखा, जनपद नियंत्रण कक्ष एवं डायल-112 कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। थानों से आए रिक्रूट आरक्षियों एवं महिला आरक्षियों से संवाद स्थापित कर उनके प्रशिक्षण, अनुशासन एवं व्यावहारिक अनुभवों की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें कर्तव्यनिष्ठा एवं पुलिस सेवा के मूलभूत सिद्धांतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा (एमटी), क्षेत्राधिकारी लाइन कार्यालय, शस्त्रागार, आरटीसी मेस सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव एवं अभिलेखों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन परिसर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों एवं निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल का निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण कर स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस सहायता कक्ष तथा मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन राज सिंह, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 2027 तक होगा बालश्रम मुक्त उत्तर प्रदेश : अनिल राजभर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

अंतर्राष्ट्रीय बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में श्रम एवं सेवा योजन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालश्रम उन्मूलन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों की शिक्षा सुरक्षा एवं समग्र विकास के अधिकारों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के संकल्प पत्र के क्रम में वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बालश्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य के प्रति जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया गया और बालश्रम निषेध संबंधी विधिक प्रावधानों की जानकारी भी उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर प्रदेश के 15 जनपदों के 141 हॉट-स्पॉट-क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया।

मुख्य अतिथि, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश सरकार बाल श्रम उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उनके शैक्षिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास को सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। बाल श्रम में संलिप्त बच्चों को मुक्त कराकर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है तथा उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि उनके बच्चे बालश्रम की ओर उन्मुख न होकर अपने भविष्य के लिए ही चिन्तित रहे। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश के 15 जनपदों को दिसंबर 2026 तक बाल श्रममुक्त बनाए जाने की कार्यवाही चल रही है तथा सरकार ने वर्ष 2027 तक पूरे उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

मंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि वर्ष 2027 तक प्रदेश को बालश्रम मुक्त कर देना है। इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगे, ताकि हमारे देश के भविष्य नौनिहालों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। यही कारण है कि सरकार द्वारा अटल आवसीय विद्यालय संचालित किये जा रहे है, जिसमें वो समस्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है जो उच्चकोटि के विद्यालयों में है, जहाँ श्रमिक का बच्चा शिक्षा प्राप्त कर अपने व अपने पारिवार का सपना साकार कर सके।

### 15 जनपदों को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम मुक्त किया जाएगा : प्रमुख सचिव

प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, डॉ. एम. के. शन्मुगा सुन्दरम ने कहा कि आज 141 शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया जा रहा है। उन्होंने झांसी मंडल को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत प्रथम चरण में 15 जनपदों को दिसंबर 2026 तक बाल श्रम मुक्त किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में कुल 543 हॉट-स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से बच्चे कार्यरत पाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2018-19 में 227, वर्ष 2021-22 में 281 तथा वर्ष 2022-23 में 115 हॉट-स्पॉट को बाल श्रम मुक्त कराया जा चुका है। श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश मार्कण्डेय शाही ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश को बाल श्रम मुक्त घोषित करने के लिए सभी विभागों और हितधारकों को मिलकर कार्य करना होगा। केवल श्रम विभाग के प्रयासों से यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। झांसी मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार झांसी जनपद के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों ने भी अपने जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को साझा किया। उन्होंने बताया कि पहले पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें कार्य करना पड़ता था, लेकिन अब वे नियमित रूप से विद्यालय जा रहे हैं। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अशोक कुमार द्वारा बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास विषय पर निजामाबाद (आंध्र प्रदेश) मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार उनके प्रयासों से निजामाबाद को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री अनिल राजभर द्वारा प्रदेश के 15 जनपदों के 141 हॉट-स्पॉट क्षेत्रों तथा झांसी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया।

# पंकज चौधरी ने गिनाई डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां

## 2027 में लगेगी हैट्रिक, भाजपा दर्ज करेंगी 2017 से बड़ी जीत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



- सरकार नागरिक देवो भव को आगे रखकर काम कर रही है
- पिछले 12 साल व्यवस्था परिवर्तन के साथ-साथ व्यवहार बदलने के प्रतीक

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आज पार्टी के कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विकास और विकास यात्रा अब विकसित भारत संकल्प में बदल चुकी है।

उन्होंने 2014 से 2026 तक के 4402 दिनों को आम आदमी के जीवन में बदलाव का सफ़र बताया। पंकज चौधरी ने मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहा कि आज आम आदमी विकास का भागीदार बना है।

जनधन खातों के जरिए भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास हुआ है। मुद्रा योजना से 40 करोड़ लोगों के खाते में पैसा पहुंचा, वहीं 58 करोड़ से अधिक लोगों को बीमा सुविधा से जोड़ा गया। उन्होने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 44 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कवर मिला। उन्होंने कहा कि सरकार नागरिक देवो भव को आगे रखकर काम कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 12 साल व्यवस्था परिवर्तन के साथ-साथ व्यवहार बदलने के प्रतीक हैं। पहले हर सरकारी काम के लिए लंबी लाइन लगती थी, आज हर चीज ऑनलाइन हो गई है। अब एक-एक पैसा सीधे लाभार्थी के खाते तक पहुंचता है। पहले की सरकारों की पहचान भ्रष्टाचार थी, लेकिन आज पारदर्शिता सरकार की पहचान बन चुकी है। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पंकज चौधरी ने भरोसा जताया कि भाजपा 2017 से भी बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा, 2027 में हैट्रिक लगेगी। यूपी संभावनाओं का प्रदेश है और भारत की अर्थव्यवस्था को सबसे तेज बढ़ाने में यूपी का बड़ा योगदान है। पंकज चौधरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी की पहचान बदलने का काम किया है। कानून-व्यवस्था, निवेश और बुनियादी ढांचे में आए सुधार से प्रदेश अब विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि 2027 में भाजपा को फिर से प्रचंड बहुमत मिले।

## खबरें एक नजर में

### जसपाल राणा के निधन पर योगी ने जताया दुख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक मंच पर भारत को गौरव दिलाने वाले जसपाल राणा की असाधारण उपलब्धियां और युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने में उनका योगदान हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने निशानेबाज के निधन पर शोक व्यक्त किया। राणा (49) का बृहस्पतिवार रात दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वप्रसिद्ध भारतीय निशानेबाज, निशानेबाजी कोच, पद्म श्री जसपाल राणा का निधन अत्यंत दु:खद एवं भारतीय खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, वैश्विक पटल पर भारत को गौरवान्वित करने वाली उनकी असाधारण उपलब्धियां तथा युवा खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि वह उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ऊं शांति।

### विधानसभा सचिवालय में खुशी की लहर, शैलेन्द्र नाथ मिश्रा को संयुक्त सचिव बनने पर दी गई बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय में श्री शैलेन्द्र नाथ मिश्रा के संयुक्त सचिव पद पर नियुक्त होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर विधानसभा सचिवालय के विभिन्न अधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विधानसभा सचिवालय के उप सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने श्री मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर मुबारकबाद दी तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। अधिकारियों ने कहा कि श्री मिश्रा अपने प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता और सौम्य व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से विधानसभा सचिवालय के कार्यों को नई गति और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्री शैलेन्द्र नाथ मिश्रा ने अपने लंबे सेवाकाल में विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है और उनकी निष्ठा, ईमानदारी तथा कार्य के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। बधाई स्वीकार करते हुए श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे तथा विधानसभा सचिवालय की गरिमा और प्रतिष्ठा को और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विधानसभा सचिवालय के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने श्री मिश्रा को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं।

### युवक ने मकान की दूसरी मंजिल की छत से कूदकर दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के तालकटोरा थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक ने मकान की दूसरी मंजिल की छत से छलांग लगा ली। उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तालकटोरा थाना प्रभारी कुलदीप दुबे ने बताया कि आलमनगर के बादशाहखेड़ा निवासी ठाकुर प्रसाद ने शुक्रवार को पुलिस को सूचित किया कि उनका पुत्र अमित लोधी (35) रात में अपने कमरे में सो रहा था। आधी रात तीन बजे अमित ने अपने मकान की दूसरी मंजिल की छत से कूद जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्राप्त तथ्यों के आधार पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मृत्यु के वास्तविक कारणों का निर्धारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। पुलिस ने प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### राम मंदिर के चढ़ावे में गबन की सीबीआई जांच हो लखनऊ हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों के चढ़ावे के पैसे और संपत्तियों के कथित गबन के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की गई है। इसको लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल की गई है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से भी विशेष ऑडिट की मांग की गई है। इस मामले में अगले सप्ताह सोमवार या मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक द्वारा व्यक्तिगत रूप से जनहित याचिका दाखिल की गई है। उन्होंने आवश्यक होने पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने का अनुरोध किया है। याचिका में यह भी मांग की गई है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित नकद धनराशि, सोने-चांदी के आभूषणों और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) से विशेष ऑडिट कराया जाए।

# डिप्टी सीएम ने किया 14 पालीक्लीनिक का लोकार्पण, एक्सपर्ट डॉक्टर करेंगे इलाज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



राजधानी लखनऊ के शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 14 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी) को पॉलीक्लीनिक के रूप में अपग्रेड किया गया है। इन पॉलीक्लीनिक का लोकार्पण शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इन पॉलीक्लीनिक के शुरू होने से मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा अपने घर के नजदीक ही मिल सकेगी और उन्हें छोटी-बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े सरकारी अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। विभागीय योजना के मुताबिक सभी पॉलीक्लीनिक में आठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन और मनोचिकित्सक शामिल हैं।

पॉलीक्लीनिक में मरीजों के लिए आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। यहां एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, मिनी पैथोलॉजी लैब और ईसीजी जांच की सुविधा मिलेगी। साथ ही 63 प्रकार की डायग्नोस्टिक सेवाएं और 195 प्रकार की आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, प्रत्येक पॉलीक्लीनिक में प्रतिदिन करीब 500 ओपीडी मरीजों को सेवाएं देने की क्षमता विकसित की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सक निर्धारित रोस्टर के अनुसार सप्ताह में दो दिन सेवाएं देंगे। जरूरत पड़ने पर टेलीमेडिसिन के माध्यम से भी मरीजों को परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस पहल से शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी, मरीजों का समय और खर्च दोनों बचेंगे और जिला और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों पर बढ़ते मरीजों का दबाव भी कम होगा।

# एलडीए वीसी का व्हाट्सएप हैक, वियतनाम कोड से दूसरा अकाउंट बनाकर भेजे मैसेज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

साइबर हैकर ने एक बार फिर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को निशाना बनाया। उनका व्हाट्सएप नंबर हैक करके फोटो के माध्यम से वियतनाम देश के कोड व नंबर से फर्जी व्हाट्सएप एकांउट बनाकर देश-विदेश में मैसेज भेजे। ये जानकारी मिलते ही साइबर सेल की एक टीम एलडीए पहुंची। अकाउंट बनाकर साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

हालांकि यह जानकारी नहीं हो सकी कि फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट कब से चल रहा था और कितनों को ठगी का शिकार बनाया गया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि उनका निजी मोबाइल नंबर हैक करके वियतनाम देश का कोड 84 के साथ वहां के मोबाइल नंबर 528110165 से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाया गया। उस पर उनकी फोटो लगाई गई। कुछ लोगों के पास उस नंबर से मैसेज गए तो उनके द्वारा जानकारी हुई। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने अपने सभी परिचितों को कॉल, मैसेज और व्हाट्सएप स्टेट्स के माध्यम से अपील की है कि यदि इस नंबर से या अन्य किसी बाहरी नंबर से कॉल, मैसेज, व्हाट्सएप कॉल, चैट आती है तो रिप्लाई न करें। नंबर ब्लॉक करें।

# तंजीमुल मकातिब में दो दिवसीय टेबिल टॉक कार्यक्रम आयोजित



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

अय्यामें अज़ा में बढ़ती खुराफ़ात अज़मते अज़ा हुरमते आइम्मा ए मासूमीन को लेकर दो दिवसीय सफल टेबिल टॉक कार्यक्रम गोलागंज स्थित तंज़ीमुल मकातिब के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

इस मौक़े पर संस्था के सेकरेट्री मौलाना सफी हैदर द्वारा अज़ादारी के तक़द्दूस पर हमला,अज़ादारी में नौहा मातम दिखावा, आपसी झगड़े, मुक़ाबला बाज़ी, आज़ादरी की आड़ में अपनी दूकान चमकाना, आज़ादरी में बेहिजाबी, आज़ादारी एवं नमाज़ के वक़्त का टकराव, आज़ादारी पर सोशल मीडिया एवं दुश्मनों द्वारा हमले, आज़ादारी की रवायती तहज़ीब और तरीको तहफ्फुज़ सहित लगभग दो दर्जन विषय प्रतिभागियों को दिए गए थे। जिस पर बोलते हुए फैज़ाबाद अयोध्या से तशरीफ़ लाये मौलाना वसी हसन खाँ ने कहा कि ऐसी रिवायत नहीं पढ़ना चाहिए जो ईमाम की शान के ख़िलाफ हो या जिससे ईमाम की तौहीन का पहलू निकलता हो, उन्होंने आगे कहा करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी हम कर्बला उस तरह नहीं पहुंचा पाए जैसे रहबर मुअज़्ज़म की शहादत ने पहुंचाया। इसको बाक़ी रखा जाये और इसका ज़िक्र मजलिसों में होना चाहिए, तंज़ीमुल मकातिब के सेकरेट्री मौलाना सय्यद सफी हैदर ने अज़ादारी के नाम पर खुराफ़ात एवं अज़ादारी की आत्मा के बदलाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा मेहराब में जाने की शर्ते हैं, मगर मेंबर पर जाने की कोई शर्त नहीं। हमारा कोई बोर्ड नहीं जो ज़ाकिरों को पास करे। कौन मेंबर पर जाएगा कौन नहीं। उन्होंने आगे कहा कि बहुत ऐसे नौहे पढ़े जा रहे है जो ना मुनासिब है। इस पर कंट्रोल की आव्यशकता है एवं महिलाओं द्वारा माईक से मजलिसें पढ़ने एवं कई कई मजलिसों की आपस में आवाज़ टकराना जो बजाए सवाब के अज़ाब साबित होती है, इस पर भी कंट्रोल होना चाहिए। नायब ईमामे जुमा आसिफी मस्जिद मौलाना सरताज हैदर ने कहा कि आज लोग पुरानी रिवायात छोड़ नई नई रसमें गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। मौलाना यासूब अब्बास ने कहा अक्सर ज़ाकिर खतीब का मक़सद मसायब में ज़्यादा गिरया यानी लोग रोयें इसी कोशिश और फ़िक्र में वो मासूमीन की बेहुरमती करता है, श्री यासूब ने कहा कि इस बार का मुहर्रम बहुत अहम है जो लोग आज़ादारी के ख़िलाफ भी थे वो रहबर की शहादत से बदल रहे हैं। मौलाना सिराज हुसैन ने कहा किसी भी तहरीक को जब दुश्मन, दुश्मन बन कर नुक्सान नहीं पहुंचा पाता तो फ़िर वो दोस्त बन कर नुक्सान पहुंचाता है हमारे अंदर दुश्मन पहचानने की सलाहियत होनी चाहिए।

### जन भवन में सैनिक पुनर्वास निधि की प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को जन भवन लखनऊ में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की प्रबंधन समिति की 52वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निधि से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में निधि द्वारा संचालित वार्षिक शैक्षिक सहायता अनुदान योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित वार्षिक शैक्षिक सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत स्वीकृत पाठ्यक्रमों को अंगीकार किया जाए। साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत प्रारम्भ किए जा रहे नए पाठ्यक्रमों को भी योजना में सम्मिलित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि की भूमि यदि किसी विभाग अथवा संस्था को किसी प्रयोजन हेतु उपलब्ध कराई जाती है तो उसका उचित प्रतिकर निधि का प्राप्त होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि निधि के संसाधनों एवं हितों का संरक्षण किया जा सके। बैठक में युद्ध अथवा सैन्य कार्रवाई में शहीद सैनिकों के आश्रितों तथा दिव्यांग सैनिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में प्राथमिकता प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

# देश के सभी जिला केन्द्रों पर 18 जून को प्रदर्शन करेगा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने राष्ट्रव्यापी आन्दोलन का ऐलान किया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देशभर में सभी जिला केन्द्रों पर 18 जून को विशाल प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारियों को सौंपा जायेगा। यह जानकारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रो. संजय मेधावी ने दी। वह शुक्रवार को प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रो. संजय मेधावी ने बताया कि संसद के मानसून सत्र से पहले राज्यसभा एवं लोकसभा सांसदों को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से ज्ञापन भेजकर आग्रह किया जायेगा।

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 210173467 है, जिसका अंकपत्र सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिला। मुझे अंकपत्र सह प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है। अमन राजपूत पुत्र रामवीर सिंह निवासी खजुरी पो0 रोहिला थाना मोहम्मदाबाद तह0 सदर जनपद फर्रुखाबाद।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक-319/सा0सू0/2026-27/सं0बं0 दिनांक:-11/06/2026

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

भारत सरकार द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले के अंतर्गत जनपद मुख्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों हेतु स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित रेहड़ी पटरी एवं छोटे व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान लाभार्थियों को योजना के विभिन्न लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन समय पर ऋण अदायगी तथा स्वावलंबन की दिशा में उपलब्ध अवसरों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही योजना के सफल लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीएम स्वनिधि योजना ने उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने तथा स्वरोजगार को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना शहरी पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर नगर पालिका फर्रुखाबाद व डूडा के अधिकारी कर्मचारी स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।




**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**फर्रुखाबाद।**

**सराहनीय** — 6316 बुजुर्गों को मिला सुरक्षा और सहारा

# योगी सरकार की पहल से वृद्धाश्रम बना आत्मनिर्भरता का केंद्र

- बुजुर्ग अपने कार्यों के माध्यम से दे रहे आत्मविश्वास और स्वाभिमान का संदेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम केवल बेघर और निराश्रित बुजुर्गों के लिए आश्रय स्थल भर नहीं रह गए हैं, बल्कि सेवा, सम्मान और स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भरता के केंद्र के रूप में भी नई पहचान बना रहे हैं। इसका सबसे प्रेरणादायक उदाहरण औरैया जिले का वृद्धाश्रम है, जहां बुजुर्ग अपने अनुभव, हुनर और श्रम के बल पर स्वावलंबन की नई कहानी लिख रहे हैं। औरैया वृद्धाश्रम में गठित आराध्या वृद्ध महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी माताएं पूजा सामग्री, गुलाब जल और मुंगौड़ी तैयार कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। जीवन के उस पड़ाव में, जब अक्सर लोग स्वयं को समाज से अलग-थलग महसूस करने लगते हैं, ये महिलाएं अपने कार्यों के माध्यम से आत्मविश्वास और स्वाभिमान का संदेश दे रही हैं। वहीं, वृद्धाश्रम में गठित वृद्ध पुरुष स्वयं सहायता समूह के सदस्य गोसेवा और ऑर्गेनिक खेती के जरिए समाज के सामने प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए वे न केवल उत्पाद तैयार कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश भी दे रहे हैं।



समाज कल्याण विभाग के निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि समाज कल्याण विभाग का उद्देश्य बुजुर्गों को केवल संरक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें ऐसा वातावरण उपलब्ध कराना है, जहां वो अपनी क्षमताओं के अनुरूप सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रदेश के 75 जिलों में 6316 बुजुर्गों को सुरक्षा और सहारा मिल रहा है। इन सभी वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों को सुरक्षित आवास, पौष्टिक भोजन, वस्त्र, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही योग, भजन-कीर्तन, मनोरंजन और सामूहिक संवाद जैसी गतिविधियों के माध्यम से उन्हें मानसिक रूप से भी सक्रिय बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग के प्रयासों से वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। जो बुजुर्ग कभी उपेक्षा और असहाय का जीवन जीने को विवश थे, वे आज सम्मान और आत्मविश्वास के साथ समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं।

योगी सरकार की पहल केवल सुविधाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं होती, बल्कि बुजुर्गों के जीवन में आशा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का संचार भी करती है। औरैया का यह मॉडल इस बात का प्रमाण है कि अवसर और प्रोत्साहन मिलने पर बुजुर्ग भी समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा वृद्धाश्रमों की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए समय-समय पर निरीक्षण, समीक्षा और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।

# गांव-गांव जनचैपाल, अधिकारियों का जनता दरबार

**न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम चौपाल आयोजित, एडीएम ने सुनीं समस्याएं**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुसार जनपद में जन चौपाल का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत खजुरी में एक जन चौपाल का आयोजन एडीएम वित्त अरविंद की अध्यक्षता में किया गया। जन चैपाल में सबसे पहले खाद की समस्या को लेकर किसान सामने आए। जिसमें ओवररेट व समिति पर खाद न मिलने पर किसानों ने शिकायत की। एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले को मौके पर ही निस्तारण करते हुए, सम्बंधित अधिकारी को कॉल लगाई और लाउडस्पीकर पर फोन को लेते हुए कड़ी फटकार लगाते हुए निलंबन की कार्यवाही की बात की। ओवर रेटिंग की शिकायत मिली तो संबंधित खाद लाइसेंस धारकों के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जन चैपाल में उन्होंने शौचालय, बिजली समस्या, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, पेंशन, खाद, खनन को लेकर राजस्व व वित्त के एडीएम अरविंद सिंह, समाज कल्याण विभाग, आंगनवाड़ी, आशा, मिशन शक्ति, सफाई कर्मी साहित्य सभी अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति का किया आगाज

थानाध्यक्ष जुगल किशोर ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत घर बैठे डायलॉग दोबारा की सेवाएं दी जा रही है केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा महिला सुरक्षा। उन्होंने कहा कि लड़कियां जो पढ़ने जाती हैं तो किसी तरह की कोई दिक्कत हो तो संबंधित अधिकारी या थाना पर सूचना दें या सबसे पहले अपने परिजनों को सूचना दें जो सौहदे हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लालच में ना पड़े. आपके साथ होने वाले फ्रॉड की समस्या को लेकर 1930 पर कॉल करें। ग्राम पंचायत में एक आरआरसी कूड़ा कलेक्शन बनवाया क्या है इसमें ई-रिक्शा लगाए गए हैं। ग्राम प्रधान राते उर्फ बहादुर लाल शर्मा ने बताया की कूड़ा कलेक्शन करना है जब ई रिक्शा जाता है तो ग्रामीण पैसे देने से इतराते हैं घर-घर जाकर कूड़ा कलेक्ट किया जा रहा है सेंटर पर भेजने की पूरी तरीके से तैयारी है लेकिन ग्रामीण तैयार नहीं है।

### आंधी-तूफान की घटनाएं, रहे सतर्क

तहसीलदार शशांक प्रताप ने बताया कि आंधी की तूफान की घटनाएं होती हैं ज्यादा से ज्यादा तो ऐसे में सतर्क रहने की जरूरत है अगर सबसे पहले आप को अगर किसी प्रकार की दिक्कत है मेडिसिन की दिक्कत है तो आप सबसे पहले 108 को कॉल करेंगे इसके बाद अन्य चीज जो है उनकी देखरेख करेंगे। सांप काटने की घटनाएं ज्यादातर गांव में होती है तो एसएमएस सीएससी पर पहुंचना बहुत जरूरी होता है लोग झाड़ फूंक के चक्कर में जिंदगी दांव पर लगा देते है। इन चक्करों में ना पर पड़े सबसे बेहतर है कि आप सीएससी या फिर अन्य किसी अस्पताल में डॉक्टर की सलाह लें।

### पेंशन समस्याओं का हुआ निस्तारण

विधवा पेंशन विकलांग पेंशन जैसी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिए जिनमें रानी देवी, राधेश्याम, कल्याण सिंह, सत्येंद्र सिंह आदि किसानों ने पेंशन को लेकर शिकायत की जिसमें से मौके पर दो का निस्तारण किया गया. बाकी अन्य 16 का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा।

### कोटेदार की समस्या को लेकर दूजेंद्र सिंह ने एडीएम को दिया शिकायती पत्र

राशन कोटे की समस्या को लेकर ग्राम खजुरी के दूजेंद्र सिंह ने एडीएम अरविंद सिंह को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि राशन काफी समय से नहीं मिल रहा है इस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए कोटेदार को कड़ी फटकार लगाई। और आधार ओटीपी की समस्या का तुरंत निस्तारण व समाधान किया। गोपाल सिंह ने कहा कि राशन ऑनलाइन करवाने के बाद सप्लाई इंस्पेक्टर को 500 रुपये देने पड़ते हैं तब जाकर चढ़ता है इसके बाद काट दिया जाता है. कई बार राशन की समस्याओं को लेकर हमें चक्कर लगाने पड़ते हैं तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। एडीएम ने कहा कि अगर सप्लाई इंस्पेक्टर की कार्य शैली गलत पाई जाती है ऐसी स्थिति में सस्पेंड कर दूंगा।

**समाज कल्याण विभाग की आई कई समस्याएंव पेंशन न मिलना:** सुरेंद्र सिंह भगत कल्याण सिंह सतेंद्र सिंह ऋषिपाल सिंह आदि किसानों का कहना था कि लंबे समय से पेंशन की सुविधा से वंचित हैं। पेंशन की कुल 16 शिकायतें पहुंची जिसमें दो कम मौके पर निस्तारण किया गया।

### खाद न मिलने से किसानो में रोष, आई कई समस्याएं

गांव के ही अवनीश पहलवान, रामनारायण सोलंकी, महेश सिंह डीलर, धीरपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह सुरेंद्र भगत सिंह ने बताया कि ओवर रेट खाद मिल रही है जो 266 की बोरी है 400, से लेकर 450 सौ की दे रहे हैं। सहकारी केंद्र पर खाद न मिलने से ग्रामीण किसान ओवर रेट का शिकार हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्राइवेट दुकानों पर स्टॉक की भरमार है. इन दुकानों पर है स्टॉक। अनुज खाद भंडार शिव मोहन ट्रेडर्स मोहन खाद भंडार किसान सेवा केंद्र बालाजी खाद भंडार बाराकला, वित्त एव राजस्व विभाग के एडीएम अरविंद सिंह ने बताया कि जहां ओवर रेटिंग की सूचना मिलती है उनके लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। फार्मा रजिस्ट्री सही न होने पर लेखपाल सरवराज सिंह तोमर को कड़ी फटकार लगाई और सेवा कड़ी की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सभी किसानो की फारमारजिस्ट्री कराई जाए।

### 2019 में हुआ था बिजली घर स्वीकृत, लटका

रामनारायण सोलंकी व अवनीश, प्रेमपाल, रणधीर आज किसानों ने कहा कि 2019 में स्वीकृत हुआ बिजली घर अभी तक नहीं बना है। बिजली घर न होने से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई जिससे लोगों का फसल सूख रहा है। एडीएम ने फोन पर तुरंत संबंधित अधिकारी को सूचना प्रेषित करते हुए तत्काल समस्या का समाधान कराया जाना सुनिश्चित करें।

### पंचायत सहायक से आय जाति बनवाएं

राजस्व विभाग के लेखपाल सवराज तोमर ने बताया कि आय जाति पंचायत सहायक द्वारा ही बनवाए जिसकी सरकारी फीस 30 है अन्य प्राइवेट जन सेवा केंद्र पर आप पर 100 रूपये पड़ते हैं इससे आप की जेब ढीली होती है आप ज्यादा से ज्यादा पंचायत सहायक द्वारा ही आए जाती बनवाए जिसका शुल्क सिर्फ 30 देय होगा।

## फर्जी ब्रिगेडियर बन सैन्य क्षेत्र में घूम रहा युवक हिरासत में

**शहीद संग्रहालय में सेना की वर्दी पहन पहुंचा, पूछताछ में खुली पोल**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय सेना की वर्दी पहनकर स्वयं को ब्रिगेडियर बताने वाला एक युवक शुक्रवार को सैन्य अधिकारियों के हत्थे चढ़ गया। कैंट क्षेत्र में स्थित शहीद संग्रहालय परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक से जब अधिकारियों ने तैनाती और सेवा संबंधी जानकारी मांगी तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पूछताछ में उसकी पहचान आर्यन वर्मा निवासी दुर्गा इंक्लेव, हथौड़ा बुजुर्ग के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में उसके सेना से जुड़े होने की पुष्टि नहीं हुई, जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी गई। युवक जिस क्षेत्र में मिला, वह सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। मामले की सूचना सैन्य इंटेलिजेंस और अन्य खुफिया एजेंसियों को दे दी गई है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि युवक सैन्य वर्दी पहनकर वहां किस उद्देश्य से पहुंचा था। जिस मामले की जांच जारी है।

रोजा की दुर्गा इंक्लेव कालोनी के रहने वाले आर्यन वर्मा दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। दो बार प्रयास के बाद भी नीट में सफल न हुआ तो उसने सेना में भर्ती की तैयारी शुरू कर दी। जनवरी में परिजनों को बताया कि उसका चयन सेना की आरएन ब्रिगेड में ब्रिगेडियर के पद पर हो गया है। तैनाती चंडीगढ़ के कमांड अस्पताल में बताई। इसके कुछ दिन बाद वह वर्दी में यहां आया। नियुक्ति व परिचय पत्र दिखाया तो उन लोगों ने भी यकीन कर लिया। 26 मई को वह दोबारा घर आया तो प्रतिदिन दो हजार रुपये किराये पर दो बाउंसर लिए। अपनी कार पर सेना का झंडा व स्टार लगाकर शहर में घूमने लगा। कैंट क्षेत्र में आवाजाही होने पर पूर्व सैनिक सतीश सिंह चैहान व सुदेश मिश्रा ने संपर्क किया तो उनको भी ब्रिगेडियर के रूप में परिचय दिया, लेकिन साथ में बाउंसर, निजी कार पर सेना का झंडा व स्टार देख उन लोगों को शक हुआ। कैंट स्थित शहीद संग्रहालय बुलाया। कहा कि सेना भर्ती के लिए कुछ बच्चों की काउंसिलिंग करनी है तो आर्यन वहां पहुंच गया। सतीश ने सेना के स्टेशन कमांडर भरत सिंह को बुला लिया। उन्होंने पूछताछ शुरू की तो फर्जीवाड़ा निकलकर सामने आया। फर्जी ब्रिगेडियर पकड़े जाने के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद सेना के अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर गए हैं जहां पर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि उक्त युवक कई माह से वर्दी पहनकर और गाड़ी लेकर घूम रहा था, जिस पर लोगों की निगाह थी, लेकिन आज उसे पकड़ लिया गया। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर गिराने का आरोप, पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना खुटार क्षेत्र के ग्राम मलिका निवासी सिपाही सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर गांव में बने एक छोटे मंदिर को गिराए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने अपने घर के सामने करीब एक वर्ष पूर्व एक छोटा मंदिर बनवाया था। आरोप है कि पास स्थित एक बड़े मंदिर की कमेटी के कुछ सदस्य इसका विरोध कर रहे थे और वहां मंदिर न बनने देने की बात कह रहे थे। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि एक दिन पुलिस और मंदिर कमेटी से जुड़े कुछ लोग मौके पर पहुंचे तथा मंदिर को गिरा दिया गया। शिकायतकर्ता ने इसे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाली घटना बताते हुए, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। सिपाही सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है। मामले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर जांच और कार्रवाई की मांग उठाई गई है।

## खबरें एक नजर में

### जागृति ग्रुप फाउंडेशन ने जरूरतमंद कन्या के विवाह में किया सहयोग



**शाहजहांपुर।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय जागृति ग्रुप फाउंडेशन ने एक जरूरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग प्रदान कर मानवता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फाउंडेशन द्वारा रामपाल जाटव निवासी मूर्छी, पुवायां रोड, थाना सिंधौली की पुत्री श्वेता के आगामी 19 जून को होने वाले विवाह हेतु बर्तन, वस्त्र, पर्स ,श्रृंगार सामग्री, पंखा, घरेलू उपयोग की अन्य आवश्यक सामग्री तथा आर्थिक सहायता प्रदान की गई। श्वेता की माता का पूर्व में निधन हो चुका है तथा उनके पिता शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, जिसके कारण परिवार लंबे समय से आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। परिवार की विषम परिस्थितियों की जानकारी मिलने पर जागृति ग्रुप फाउंडेशन की सदस्याओं ने आपसी सहयोग से धनराशि एकत्रित कर कन्या के विवाह में सहयोग प्रदान किया। इस सहायता से परिवार को विवाह की तैयारियों में काफी राहत मिली तथा उनके चेहरे पर खुशी लौट आई। इस अवसर पर ग्रुप एडमिन उषा मिश्रा एवं निधि बहल, सचिव एवं मीडिया प्रभारी रिद्धि बहल, कोषाध्यक्ष रचना चिनारिया, रेनू चड्ढा, नीति रस्तोगी, विनंती देवा, संतोष यादव, सीमा सिंह, रजनी बहल, प्रीति पांडे, वंदना पांडे, अनुपम मिश्रा, बबीता सिन्हा, बलवीर कौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। क्षेत्रवासियों ने जागृति ग्रुप फाउंडेशन की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। संस्था का यह प्रयास जरूरतमंद परिवारों के प्रति संवेदनशीलता, सामाजिक सहयोग और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### सबका दल यूनाइटेड की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव पिपरिया प्रहलाद में सबका दल यूनाइटेड की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी चुनावों की तैयारियों तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डालचंद वर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डालचंद वर्मा ने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने और लोगों के बीच पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया। इस दौरान रामरतन वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय किया जाएगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और चुनावी तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में छोटेलाल , नेमपाल, हनुमत लाल, जमुना प्रसाद, देवेश कुमार, शिव कुमार, शंखपाल, अरविंद कुमार, बृजानंद, सहदेव, फकीरे लाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख ने छठे राज्य वित्त आयोग की बैठक में बरेली मंडल की क्षेत्र पंचायतों का प्रतिनिधित्व करते हुए 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने लखनऊ के एक होटल में आयोजित छठे राज्य वित्त आयोग की बैठक में बरेली मंडल के क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व करते हुए 14 सूत्रीय मांग पत्र अध्यक्ष को सौंपा।

ब्लॉक प्रमुख ने छठे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष को बरेली मंडल के क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों के प्रतिनिधि के रूप में सौंपे मांग पत्र में क्षेत्र पंचायत विकास निधि की स्थापना, प्रत्येक क्षेत्र पंचायत को प्रतिवर्ष न्यूनतम ढाई करोड़ स्वतंत्र विकास निधि,अबंधीत निधि में वृद्धि,कुल अनुदान का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा बिना किसी शर्त के उपलब्ध करवाया जाए। ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्य करवाए जा सकें। क्षेत्र पंचायतों को कार्यदाई संस्था का दर्जा,ब्लॉक स्तर की सभी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन क्षेत्र पंचायत के माध्यम से करवाए जाएं। स्थान कर एवं शुल्क लगाने का अधिकार, हाट, बाजार, मेलों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं स्थानीय संसाधनों पर शुल्क निर्धारित करने का अधिकार क्षेत्र पंचायतों को दिया जाए। जिला पंचायत द्वारा नक्शा पास किए जाने के क्रम में लिए जाने वाले टैक्स का 40 प्रतिशत सम्बंधित क्षेत्र पंचायत को दिया जाए। क्षेत्र पंचायत भवन एवं संसाधन केंद्र प्रत्येक ब्लॉक में आधुनिक क्षेत्र पंचायत भवन,सभागार,प्रशिक्षण केंद्र एवं डिजिटल सेवा केंद्र की स्थापना के लिए विशेष निधि दी जाए।

युवाओं एवं खेल विकास कोष प्रत्येक क्षेत्र पंचायत में खेल मैदान,ओपन जिम एवं युवा गतिविधियों के लिए विशेष विजेट की व्यवस्था की जाए। महिला सशक्तिकरण निधि, प्रदर्शन आधारित अतिरिक्त अनुदान,ब्लॉक स्तरीय आपदा राहत कोष, जनसंख्या एवं क्षेत्रफल के साथ पिछड़ेपन को आधार बनाया जाए। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य एवं शिक्षा संरचना विकास निधि,ग्राम पंचायत निधि का एक प्रतिशत क्षेत्र पंचायत को उपलब्ध करवाया जाए। जिससे खंड विकास कार्यालय का सौंदर्यीकरण करवाया जा सके। इसके अतिरिक्त सीएसआर फंड के माध्यम से कुछ अंश क्षेत्र पंचायत को दिया जाय। क्षेत्र पंचायत को सरकारी भवनों के रखरखाव के साथ सरकारी भवनों के निर्माण का अधिकार दिया जाए।

## पूर्व विधायक रोशल लाल ने सपा की नीतियां गिनाईं



**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने सिधौली कस्बे में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से मुलाकात की तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के परिचय पत्र भी बनवाए और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और गरीबों के हितों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की नीतियों से परेशान है और आने वाला समय समाजवादी पार्टी का होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी आवाज उठाना ही जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है। इस अवसर पर नीरज गुप्ता, रवि पाठक, अरुण दीक्षित, वीरपाल यादव, देवशरण अवस्थी, हिमांशु यादव, रामनिवास, अजयपाल सहित अनेक समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीति पर भी चर्चा की गई।

## ग्राम पंचायत दिउरिया में जन चैपाल आयोजित, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




शासन की जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मंशा के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत दिउरिया में जन चैपाल का आयोजन किया गया। जन चैपाल में पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी जीत सिंह, क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह तथा थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों और समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित लगभग 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से करीब 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन चैपाल में ग्राम जिगनिया से विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायत भी सामने आई, जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग एक माह से बिजली की समस्या बनी हुई है। इस पर अधिकारियों ने विद्युत विभाग को आवश्यक कार्रवाई कर जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था सुचारु करने के निर्देश दिए।

वहीं विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चैधरी ने बताया कि ग्राम प्रधान को कई बार विभागीय प्रक्रिया के तहत लेटर पैड पर आवेदन देने के लिए अवगत कराया गया था, जिससे आवश्यक कार्रवाई कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सके, लेकिन विभाग को अभी तक संबंधित पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। जन चैपाल के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लखपत सिंह, हरिश्चंद्र, राम बहोरन, सेठपाल सिंह, सत्यवीर, जेई अमित कुमार चैधरी सहित ब्लॉक के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बारिश से कई सड़कों पर हुआ जलभराव



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र में बृहस्पतिवार रात हुई बारिश के बाद कई सड़कों पर जलभराव और कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे मुड़िया मोड़ से मुड़िया पमार की ओर जाने वाले मार्ग पर पानी भर जाने के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सड़क पर कीचड़ और जलभराव के चलते दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत पहले से ही खराब थी, लेकिन बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। इस मार्ग से चढ़ारी, चदपई, गहरा, पिलाना, पचपेड़ा, महमूदापुर, पिपरिया, महाऊदुर्ग, चांदा, मुड़िया पमार, बड़ेला, कोटाबारी, पसियाखेड़ा, उमरिया सहित दर्जनों गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सौरभ गुप्ता, बलवंत सिंह, गुलजार सिंह, सिमरन सिंह, रमेश गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमरीक सिंह और अजयपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के कारण सड़क पर चलना भी कठिन हो गया है। कई स्थानों पर फिसलन बढ़ने से राहगीर गिरकर चोटिल भी हो रहे हैं। बड़ाबन जाने वाले मार्ग पर भी टूटी सड़क में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# रात्रि में रामलीला मैदान की ऐतिहासिक बाउंड्री वॉल तोड़े जाने से नगर में रोष

**हिंदू संगठनों व व्यापारियों ने जताया कड़ा विरोध**

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले रामलीला मैदान परिसर में स्थित बगीचे की बाउंड्री वॉल को शुक्रवार देर रात्रि अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आने के बाद नगर में आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारी, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रत्यक्षदर्शियों एवं स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार देर रात तेज आंधी और बारिश के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से रामलीला मैदान की बाईं ओर स्थित बाउंड्री वॉल को दुकानों की परिधि वाले हिस्से तक गिरा दिया गया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि यह दीवार कई पीढ़ियों से मौजूद है और रामलीला मैदान की ऐतिहासिक पहचान का हिस्सा रही है। उनका आरोप है कि पूर्व में भी कुछ लोगों द्वारा दुकानों के विस्तार एवं व्यावसायिक हितों के लिए इस दीवार को हटाने के प्रयास किए जाते रहे हैं।

**दो वर्ष पूर्व भी हुआ था विवाद:** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व भी इसी प्रकार का विवाद सामने आया था। उस समय तत्कालीन उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता कराया गया था, जिसके बाद मामला शांत हुआ था। बाद में क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप एवं रामलीला कमेटी के प्रयासों से क्षतिग्रस्त दीवार का पुनर्निर्माण कराया गया था।



**पुलिस और राजस्व विभाग ने किया स्थलीय निरीक्षण:** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेखपाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरे प्रकरण की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही। अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**भाईचारे को बिगाड़ने की साजिश- सुधीर सिंह:** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वह तत्काल मौके पर पहुंचे और थाना प्रभारी से रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मिलकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व खुदागंज की शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से नगर में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की जो मिसाल कायम है, उसे बदनाम करने की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

**कमेटी ने शुरू कराया पुनर्निर्माण कार्य:** श्री आदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों से वार्ता के बाद दोपहर लगभग तीन बजे क्षतिग्रस्त दीवार को पुनः जोड़ने और मरम्मत का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान नगर की आस्था और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है, जिसकी सुरक्षा हर कीमत पर सुनिश्चित की जाएगी।

**जेसीबी मशीन पर कार्रवाई न हुई तो होगा आंदोलन:** व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी ने कहा कि यह दूसरी बार ऐसी घटना हुई है और प्रशासन को पहले भी अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि रामलीला कमेटी अपने संसाधनों से दीवार का पुनर्निर्माण करा रही है, लेकिन प्रशासन को यह भी जांच करनी चाहिए कि किस जेसीबी मशीन से दीवार गिराई गई और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी वर्ग लोकतांत्रिक तरीके से बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

**दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा- बालिस्टर सिंह:** रामलीला कमेटी के सचिव एवं पूर्व प्रधान बालिस्टर सिंह उर्फ बट्टे ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि इस प्रकार का कोई प्रयास किया गया तो कमेटी और नगरवासी इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

**सुबह से जुटे रहे जनप्रतिनिधि एवं सनातन प्रेमी:** घटना के बाद शनिवार सुबह से ही रामलीला मैदान परिसर में लोगों का जमावड़ा लगा रहा। मौके पर पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी, श्री आदर्श रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय गुप्ता, सचिव बालिस्टर सिंह उर्फ बट्टे, कृष्ण कुमार सक्सेना, रोहित सिंह (बजरंग दल), सभासद सौरभ गुप्ता, अंशु जैन, सियारामख नायक सहित बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी, व्यापारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। निष्पक्ष जांच और धरोहर की सुरक्षा की मांग स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान सुनिश्चित करने, संबंधित जेसीबी मशीन एवं उसके संचालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा रामलीला मैदान जैसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की है।नगर में इस घटना को लेकर व्यापक चर्चा बनी हुई है और लोग प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ छापेमारी, कई सैंपल भरे गए

- पहचान पत्र के बिना अधिकारी एवं कार्मिक प्रतिष्ठान में प्रवेश नहीं करेंगे
- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त के आदेश क्रम मे अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त लखनऊ के आदेश क्रम में डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में विशेष नमूना अभियान के दृष्टिगत सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहित अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में टीम द्वारा खाद्य पदार्थो मसालों पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें मैसर्स सालिग राम बाबू राम अटसलिया से मिर्च पाउडर का 1 नमूना एवं हल्दी पाउडर का 1 नमूना, मैसर्स अल्का एजेन्सी लोहिया कालोनी बहादुरपुरा से हल्दी पाउडर का 1 नमूना, रेड चिली पाउडर का 1 नमूना एवं धनिया पाउडर का 1 नमूना, और महक स्पाइस कम्पनी जलालनगर से साबुत धनिया का 1 नमूना एवं साबुत जीरा का 1 नमूना लिया गया। अभियान के क्रम में सचदेवा एजेन्सीज अण्टा चैराहा के पास, माधव नगर सदर बाजार से धनिया पाउडर का 1 नमूना एवं मिर्च कुटी पाउडर का 1 नमूना तथा सिंह एजेन्सी एण्ड जनरल स्टोर, खलील गर्बी से हल्दी पाउडर का 1 नमूना एवं धनिया पाउडर का 1 नमूना लिया गया इस प्रकार कुल 11 नमूनें संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला भेजे गये। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहित अधिकारी द्वारा बताया गया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन में कार्यरत अधिकारियों एवं कार्मिकों को आयुक्त द्वारा जारी पहचान पत्र पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। पहचान पत्र के बिना अधिकारी एवं कार्मिक प्रतिष्ठान में प्रवेश नहीं करेंगे।

## राष्ट्रीय संत असंग साहब के सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने लिया आशीर्वाद**

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कस्बा सिधौली में आयोजित राष्ट्रीय संत श्री असंग साहब महाराज के भव्य सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बृहस्पतिवार शाम शुरू हुआ यह धार्मिक आयोजन देर रात तक चलता रहा, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा भी पहुंचे। उन्होंने राष्ट्रीय संत श्री असंग साहब महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने संत महात्माओं के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सत्संग के दौरान श्री



असंग साहब महाराज ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन सुनाए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए तथा एक-दूसरे के प्रति सेवा, सहयोग और प्रेम की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और समाज में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने से जीवन सफल बनता है। संत के प्रेरणादायक विचारों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा। सत्संग स्थल पर श्रद्धालुओं ने संत के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधान पिंटू वर्मा, अरुण दीक्षित, राम प्रकाश, मुलायम, राकेश कुमार, धूम सिंह, पिंटू यादव, राजेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रधान के खिलाफ कार्रवाई हुई तो जिला मुख्यालय पर होगा प्रदर्शनः विपिन मिश्रा

- हरनाई प्रकरण को लेकर प्रधानों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम व इंस्पेक्टर से की मुलाकात, निष्पक्ष जांच की मांग

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



हरनाई गांव में हुए विवाद और चांदपुर पुलिस चैकी पर प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को ग्राम प्रधानों में नाराजगी दिखाई दी। प्रधान संगठन के राष्ट्रीय सचिव विपिन मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान खुटार थाने पहुंचे और एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज तथा प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार से मुलाकात कर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। प्रधानों ने आरोप लगाया कि चैकी पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर अनावश्यक बल प्रयोग किया गया तथा ग्राम प्रधान सहित कुछ लोगों के विरुद्ध बिना पर्याप्त आधार के मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और निर्दोष लोगों के नाम मुकदमों से हटाने की मांग की। विपिन मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्राम प्रधान को गलत तरीके से मामले में फंसाया गया तो 14 जून को जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रम के बाद जिले भर के ग्राम प्रधान आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी। इस बीच क्षेत्रीय विधायक चेतराम ने भी मामले का संज्ञान लिया है। बताया गया कि उन्होंने क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक से वार्ता कर घटना की जानकारी प्राप्त की और निष्पक्ष कार्रवाई पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में अधीर शुक्ला, हर्ष दीक्षित, जीत शुक्ला, नवल किशोर सिंह, शैलेंद्र सिंह, रूपराम, पर्वजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विमल वर्मा, मदनपाल सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### गांव पहुंचे विधायक चेतराम, बोले शासन से कराऊंगा जांच

**पुलिस के लाठीचार्ज घटना की निंदा की, पीड़ितों से भी मिले**



**खुटार, शाहजहांपुर।** गांव हरनाई में एक साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप गुड्डू पर लगने के बाद पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज करने के बाद उसी रात युवक का हाफ एनकाउंटर कर दिया था। हाफ एनकाउंटर के विरोध में ग्रामीण चांदपुर चैकी पर धरना दे रहे थे, तभी पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया था, हालांकि महिलाओं के द्वारा भी पत्थर फेंकने की बात पुलिस के द्वारा कही जा रही हैं। पुलिस की लाठी चार्ज से कई महिलाएं और पुरूष घायल हुए। लाठी चार्ज के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। मामले के तूल पकड़ने के बाद विधायक चेतराम एडवोकेट शुक्रवार को गांव पहुंचे और लाठी चार्ज में घायल हुईं महिलाओं और पुरूषों से बात की। इसके बाद उन्होंने सीओ पुवायां प्रवीण मलिक को गांव से ही फोन करके लाठी चार्ज की घटना की निंदा की और कहा योगी सरकार में इस तरह के कृत्य किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किए जाएंगे। इस पूरे प्रकरण की शासन स्तर से जांच कराऊंगा और जो भी दोषी होगा उसे बक्शा नही जाएगा। कहा गांव में भय का माहौल हैं, पुलिस रात में आकर कई लोगों को पकड़कर ले गयी हैं गांव के लोग भय के माहौल में रह रहे है। उन्होंने कहा वह योगी जी को पूरे घटना क्रम से अवगत कराएंगे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएंगे। उन्होंने सीओ से कहा कि वह अपने स्तर से भी जांच करें और जो दोषी हो उस पर कार्रवाई करें।

### रेल संचालन संघर्ष समिति ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को सौंपा ज्ञापन

**मैलानी-बरेली रूट पर ट्रेनों की संख्या को बढ़ाने की मांग**

**पूरनपुर, पीलीभीत।** रेल संचालन संघर्ष समिति पूरनपुर की ओर से केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को क्षेत्र की रेल समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति के कार्यकर्ताओं ने मैलानी से बरेली के मध्य रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार अपील की। समिति ने बताया कि मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन के बाद भी पूरनपुर रेल खंड पर रेल सेवाएं सुचारु रूप से नहीं चल पा रही हैं। क्षेत्र में आम दैनिक यात्रियों की लाखों की संख्या को देखते हुए वर्तमान में मात्र एक एक्सप्रेस ट्रेन और सीमित सवारी गाड़ियों से स्थानीय जनता को भारी असुविधा हो रही है। व्यापारी वर्ग,अधिवक्ता, किसान, विद्यार्थी और आम नागरिक सभी इस समस्या से प्रभावित हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि 21वीं सदी के भारत में पूरनपुर जैसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर रात भर आम यात्रियों के लिए कोई ट्रेन उपलब्ध न होना अत्यंत कष्टदायक है। समिति ने मांग की है कि मैलानी-बरेली रूट पर कम से कम चार जोड़ी सवारी गाड़ियां/लोकल ट्रेनें चलाई जाएं। साथ ही, वर्तमान में मैलानी से पीलीभीत तक चल रही ट्रेनों को बरेली तक विस्तारित किया जाए, ताकि पूर्व की भांति रात में भी पर्याप्त ट्रेनें उपलब्ध हो सकें।रेल संचालन संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्रीय जनता लंबे समय से इस समस्या से जूझ रही है। रेलवे प्रशासन और केंद्रीय मंत्री से हमारी अपील है कि आम जनता की इस वैध मांग को शीघ्र स्वीकार किया जाए और रेल सेवाओं को सुचारु बनाया जाए। यह ज्ञापन क्षेत्र की व्यापक जन भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्रॉड गेज होने के बावजूद ट्रेनों की कमी से रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार प्रभावित हो रहा है।रेलवे प्रशासन और मंत्री कार्यालय से अब इस मांग पर शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

- वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय सहायक श्रमायुक्त में सहायक श्रमायुक्त केके गुप्ता की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए किया गया। उन्होंने बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए वर्ष 2027 तक प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने के सरकार के संकल्प को दोहराया। साथ ही प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के संबंध में भी उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी गई। संगोष्ठी



को इंटक के जिलाध्यक्ष पवन सिंह, असंगठित मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मो. खुर्शीद, बाल कल्याण समिति के सदस्य रवीन्द्र मिश्रा, मुनीश सिंह परिहार तथा भारत विकास कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में ईंट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष एके खन्ना, केके गर्ग, प्रकाश कलानी, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, एएचटीयू से उप निरीक्षक रोहित कुमार, प्रवेश, कृभको के एचआर प्रतिनिधि शिवांशु पाठक, केआर पल्प एंड पेपर्स से मोहित, राघवेन्द्र आदि उपस्थित रहे। अंत में सहायक श्रमायुक्त केके गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए बाल श्रम उन्मूलन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला तथा बाल श्रम के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने, बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी के सामूहिक सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के सदस्यगण, उद्योग एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधि, श्रमिक संगठन, उद्यमी बंधु, राइस मिलर, ईंट भट्ठा एसोसिएशन, चाइल्ड लाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एएचटीयू, पेस संस्था के प्रतिनिधि तथा श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बदलावः अब डीएल बनवाने के लिए पास करना होगा ड्राइविंग टेस्ट

- 16 जून से ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर में लाइसेंस अभ्यर्थी को जाना होगा अनिवार्य
- जनप्रतिनिधियों की सिफारिश नहीं आएगी काम, डीएल के टेस्ट देना जरूरी

**प्रभाकर मिश्रा**



> एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि उक्त के क्रम में एडीटीसी कांट का संचालन 16 जून से प्रारम्भ किया जाएगा। जनपद के सभी ड्राइविंग लाइसेंस अभ्यर्थी बायोमेट्रिक सत्यापन प्रक्रिया पूर्व की भांति एआरटीओ आफिस नियामतपुर में ही संपादित की जाएगी। बायोमेट्रिक सत्यापन पूर्ण होने के उपरान्त अभ्यर्थी ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर कांट में उपस्थित होकर निर्धारित प्रक्रिया के के अनुसार ड्राइविंग प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा तत्पश्चात ड्राइविंग कौशल परीक्षण में सम्मिलित होंगे, परीक्षण में उत्तीर्ण होने के बाद ही नियमानुसार चालक लाइसेन्स जारी किया जाएगा।
>
> -एके सिंह
> एआरटीओ प्रशासन

**शाहजहांपुर।** अब अगर आप भी अपना डीएल बनवाने की सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। क्योंकि अब डीएल बनवाने के लिए आपको बायोमेट्रिक सत्यापन पूर्ण होने के बाद ड्राइविंग प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। यह प्रक्रिया शुरू होने से एआरटीओ आफिस में उन्हीं लोगों के डीएल पास होगे, जोकि वाकई में वाहन चलाने में पारंगत होगे। अब डीएल के लिए राजनीतिक जनप्रतिनिधियों की सिफारिश नहीं भी चलेगी। सबसे खास बात यह है कि ट्रेनिंग सेंटर में टेस्ट देने के लिए जाने वाले लाइसेंस अभ्यर्थियों को एक निर्धारित समय में गाड़ी, बाइक चलाकर टेस्ट पूरा करना होगा। अगर ऐसा नहीं कर पाते हैं, तो आप फेल मानें जाएगें। उसके बाद आपको दोबारा री-टेस्ट के लिए फीस आनलाइन भरनी होगी। साथ ही जो टेस्ट के लिए ट्रैक बनाया गया है, सफेद, पीली पट्टी डाली गई और सेंसर लगाए गए हैं, अगर धोखे से ही आप सेंसर टच कर लिए तो भी आप फेल हो जाएगे।

बता दें कि जिले में मैसर्स साबरी फिलिंग स्टेशन ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर कांट को ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर के संचालन के लिए फार्म 11-ए में प्रत्यायन प्रदान किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### जीआईसी व अटल आडिटोरियम में शिक्षकों से सम्पर्क-संवाद कार्यक्रम



**शाहजहांपुर।** डीएम के निर्देशानुसार सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 140 करोड़ भारतीयों की निरन्तर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज एवं भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम सभागार में शिक्षकों से सम्पर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीएमश्री राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता एवं समाजसेविका नीलम गुप्ता एवं जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जय शंकर श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से शासन की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं से अवगत एवं निरन्तर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही भारत रत्न श्री अटल विहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में उपस्थित बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के मध्य विद्यालय स्तर पर सरकार द्वारा चलायी गयी छात्र हित में विभिन्न योजनाओं पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रमुख संवाद के माध्यम से परिचर्चा की। इस अवसर पर जनपद के बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न विद्यालयों से आये प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य एवं तमाम शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### विश्व हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष बने अभिषेक, विश्व हिंदू रक्षा सेना की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**शाहजहांपुर।** कृष्णा एकेडमी रोजा में विश्व हिंदू रक्षा सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल शुक्ला ने संगठन के विस्तार, मजबूती एवं जनहित के कार्यों को गति देने पर विशेष बल दिया। इसी अवसर पर उन्होंने अभिषेक तिवारी को विश्व हिंदू रक्षा सेना का उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। अपने संबोधन में अभिषेक तिवारी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को प्रदेश के प्रत्येक जिले, तहसील एवं ब्लॉक स्तर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मजबूत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा युवाओं, गौसेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़कर एक सशक्त जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। उन्होंने संकल्प लिया कि गौवंश संरक्षण, गौहत्या पर प्रभावी रोक, समाज में जागरूकता, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सामाजिक समरसता तथा हिंदू समाज के हितों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर कार्य करेगा। साथ ही धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर जनजागरण अभियान चलाकर समाज को संगठित करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में रवि गंगवार एडवोकेट, आदित्य गंगवार एडवोकेट, अनुज द्विवेदी, कार्तिक कश्यप, अंकित अवस्थी, सोमेश पाण्डेय आदि को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर परविंदर कृष्ण, अभिनव तिवारी, अनिल पाल, अतुल दीक्षित, अनुराग सिंह ठाकुर, आयुष सहित अनेक हिंदू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने एवं समाजहित के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया।

## बाइक रपटने से युवक गम्भीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाईवे पर अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर युवक घायल हो गया । जिसे पिता ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया ।शुक्रवार पूर्वान्ह करीब साढ़े ग्यारह बजे हाईवे स्थित भक्शी तिराहे के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर घिसटती चली गई। इस दौरान बाइक चला रहा कांट थाना क्षेत्र के गांव हसन पुर निवासी पवन कुमार पुत्र हरद्वारी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसे पिता हरद्वारी लाल ने सीएचसी पहुंचाया। जहां से पवन को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# जानलेवा हमले का वांछित गिरफ्तार, लंबे समय से था फरार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जलालाबाद पुलिस टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने और मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्त पर पहले से ही चोरी और अवैध हथियार रखने जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार और अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक जलालाबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सटीक मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खण्डहर रोड, मण्डी गेट के पास से दोपहर करीब 12:10 बजे अभियुक्त नितिन ठाकुर उर्फ कालू (उम्र करीब 20 वर्ष) को



घेराबंदी कर दबोच लिया। अभियुक्त मूल रूप से जलालाबाद के ग्राम रुस्तमपुर चक का निवासी है। घटनाक्रम के अनुसार, बीती 3 मई 2026 को कांट थाना क्षेत्र के ग्राम खुटरिया निवासी राघवेन्द्र सिंह ने थाना जलालाबाद में एक तहरीर दी थी। आरोप था कि संजय कुमार, शोभित सिंह, नितिन ठाकुर और अमित ठाकुर ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से उन पर तमंचे से फायर किया और बुरी तरह मारपीट की। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 176/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (ब्नहस्) की विभिन्न धाराओं और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया था। इस मामले के दो आरोपी संजय और शोभित पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि नितिन फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त नितिन ठाकुर उर्फ कालू एक शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर थाना जलालाबाद और अल्हागंज में चोरी, अवैध शस्त्र अधिनियम और जानलेवा हमले सहित कुल चार गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इस शातिर अपराधी को सलाखों के पीछे पहुँचाने में उप-निरीक्षक पवन कुमार, कांस्टेबल देवव्रत, कांस्टेबल अतुल शाक्य और महिला कांस्टेबल डोली चौहान की मुख्य भूमिका रही। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, तमंचा समेत गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने आरोपी को तमंचे समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वायरल वीडियो की समृद्धि न्यूज पुष्टि नहीं कर रहा है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी फरदीन द्वारा अस्पताल में साथियों के साथ बैठकर मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात को आरोपी फरदीन को तमंचा व कारतूस के साथ हिरासत में ले लिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। बकुल कोतवाल सरकारी अस्पताल के अंदर इस तरह की वीडियो बनाए जाने की भी पड़ताल की जा रही है। बता दें कि आरोपी ने मेडिकल कोर्स किया है और वह अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा था।

# रोजा पुलिस का कृष्णा एकेडमी पर हाई वोल्टेज ड्रामा

- प्रदर्शन करने वालों को पहले फोर्स के साथ थाने बुलाया फिर छोड़ दिया
- थानाध्यक्ष बोले- बीएनएसएस की धारा 163 का किया था उल्लंघन

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार की सुबह पेपर लीक सहित कई जनहित मुद्दों को लेकर युवाओं के साथ कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने वाले परविंदर कृष्ण बहार की एकेडमी पहुंच कर रोजा पुलिस ने हाई वोल्टेज ड्रामा करती हुई उन्होंने थाने ले आई, जबकि प्रदर्शन में साथ देने वाले साथी को रोजा पुलिस पहले ही थाने ले आई थी। देर रात चले हाई वोल्टेज ड्रामें बाद पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया। सवाल उठता हैं कि पुलिस को जब छोड़ना ही था, तो रोजा पुलिस ने हाई वोल्टेज ड्रामा आखिर क्यों किया। जब रोजा



थानाध्यक्ष बीएनएसएस की धारा 163 का उल्लंघन बता रहे हैं।

ज्ञात हो कि गुरुवार की सुबह परविंदर कृष्ण बहार पेपर लीक सहित कई समस्याओं को लेकर युवाओं के साथ सुभाषचंद्र बोस चैराहे पर एकत्र हुए थे। जहां से युवाओं के साथ पैदल करना चाहते थे, लेकिन रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बिना अनुमति पैदल मार्च निकालने से मना कर दिया। इस दौरान परविंदर और पुलिस के बीच काफी नोकझोंक हुई थी।इसके बावजूद पुलिस को धता देते हुए परविंदर अपने साथियों के साथ कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा था। उससे पहले भी रोजा पुलिस ने सभी को एक साथ कलेक्ट्रेट तक जाने के लिए कई जगह पर रोकने का प्रयास किया था। लेकिन रोजा पुलिस उन्हें रोकने में नाकाम रही थी।

बताते जिसके बाद परविंदर और उनके साथियों पर नजर रखी जाने लगी। गुरूवार की देर शाम को रोजा पुलिस फोर्स रोजा स्थित परविंदर शिक्षण संस्थान पहुंची। काफी देर रात पुलिस और परविंदर में बीच एकेडमी पर तीखी बहस होती रही। पुलिस ने उनसे थाने चलने के लिए कहा। बताते है पहले तो परविंदर थाने जाने से मना कर दिया। काफी देर तक पुलिस और उनके साथियों के समझाने पर वह थाने जाने के लिए राजी हो गए। जिसके बाद रोजा पुलिस उन्हें थाने ले गई। जिसके बाद देर रात रोजा पुलिस ने उनके परिवार को बुलाकर दोनों को समझा बुझाकर परिवार के सुपुर्द कर दिया। वही रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा बीएनएसएस की धारा 163 का उलंघन किया था। जिसके लिए उनको थाने लाया गया था। बाद में देर रात उनके परिवार को बुलाकर दोनों को समझा बुझाकर परिवार के सुपुर्द कर दिया।

**संबंध विच्छेद**

सूचित हो कि मेरे हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0882768 , इंटर मीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 215749371 के अंक पत्र वास्तव में खो गए हैं। **अंशुक पुत्र हरिनंदन, ग्राम लखोहा-तिलहर (शाहजहांपुर)।**

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ मोनू को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, उससे अब कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **वीरपाल पुत्र नत्थूलाल नि.मो.-कसभरा मठिया, थाना-पुवायां, शाहजहांपुर।**

## खबरें एक नजर में

### पुनः सर्वे कराकर चक निर्माण की मांग



**फतेहपुर।** ललौली ग्राम प्रधान मोहम्मद शमीम खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस दौरान इन लोगों को कहना था कि उनके गांव में कब्जा परिवर्तन पैमाइश का कार्य चकबंदी टीम के द्वारा किया जा रहा है। गांव में सर्वे न होने के कारण चक निर्माण के समय पूर्वजों के कबरे, कुए, बाग, मकान आदि एक दूसरे के चक में पड़ रहे हैं। इसलिए गांव में आपस में बहुत ज्यादा विवाद एवं तनाव की स्थिति बन गई है और भविष्य में मारपीट व अप्रिय घटना होने की भी संभावना है। ऐसी स्थिति में गांव में कब्जा परिवर्तन पैमाइश का कार्य रोकते हुए सर्वे कराने के उपरांत नया चक निर्माण कराके कब्जा परिवर्तन पैमाइश कराया जाये। बिना सर्वे के हो रहे चकबंदी को तत्काल रोकने की मांग की गई। इस अवसर पर असलम खान, मोबीन खान, सईद अली, नुसरत अली, आसिफमकसूद एडवोकेट, नंदकिशोर पाल, मुबारक खान, इजहार खान, अनीश अली, अकील अहमद, मोहम्मद हसन, इफ्तार खान, नौशाद अली फैसल खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### भाजपा शासन में महोबा विकास पथ की ओर अग्रसरः जितेंद्र सिंह सेंगर



**महोबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष सेवा,सुशासन एवं गरीब कल्याण के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पार्टी संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सरकार के प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति पथ के क्रम में प्रातः गोरख गिरी पर्वत के सौंदर्यीकरण एवं ट्रामा सेंटर के निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन सदर विधायक राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने पार्टी संगठन के पदाधिकारीयो संग किया गया। शिव तांडव पार्क में वृक्षारोपण एवं गोरख गिरी पहाड़ में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम भी चलाया गया। एमएलसी श्री सेंगर ने कहा कि जिला महोबा में चहूं और विकास की गति का पहिया तेजी से घूम रहा है। पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल एवं ऐतिहासिक स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है, रिंग रोड महोबा का निर्माण तेजी से चल रहा है आगामी समय में महोबा में बहुत कुछ अच्छा बदलाव देखने को मिलेगा द्य इस कार्यक्रम में तारा पाटकार,कार्यक्रम संयोजक अंकुर शिवहरे, नगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पुष्पा अनुरागी, भाजपा नेता विनोद पुरवार, दिलीप जैन, ईश्वर प्रसाद, अन्नू पुरवार, डॉ देवेंद्र पुरवार, मनीष जैदका, जगदीश शिवहरे, प्रशांत गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी सत्येंद्र गुप्ता, डॉ राजेश चौरसिया, रामपाल, जागेश्वर चौरसिया, दीपक राजोरे, तुलसीदास सविता, मयंक मिश्रा, नरेंद्र कुशवाहा, मयंक गोयल, छोटू साहू, संदीप सहित स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कृषकों को नवीन उद्यान रोपण करने पर प्रतिमाह मिलेगा 3 हजार रुपए

**महोबा।** जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के समस्त सम्मानित कृषकों को सूचित किया है कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद में संचालित बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास की योजनान्तर्गत कृषक प्रक्षेत्रों पर कलमी फलदार पौधों (अमरूद, आम, आंवला, नींबू वर्गीय फल, बेर, बेल एवं अनार आदि) का रोपण कराया जायेगा। योजना का क्रियान्वयन नियमानुसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नवीन उद्यान रोपण हेतु ऐसे कृषकों को चयन में वरीयता दी जायेगी, जिसके पास रोपित उद्यान की जीवितता सुनिश्चित किये जाने हेतु कटीले तार (बारवेड वायर) से फेंसिंग हो तथा सिंचाई हेतु ड्रिप पद्धति की स्थापना हो। ड्रिप सिंचाई प्रणाली की स्थापना हेतु उद्यान विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत आवेदन कर 80-90 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कृषक द्वारा न्यूनतम 0.2 हेक्टेयर से अधिकतम 1.0 हे0 तक नवीन उद्यान रोपण का कार्य किया जायेगा, जिस हेतु नवीन उद्यान रोपण का समस्त व्यय भार (पौध, सिंचाई, सुरक्षा, अन्तरावर्ती फसल लागत आदि) कृषक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। कृषक द्वारा नवीन उद्यान रोपण करने पर क्षेत्रफल 1.0 हेक्टेयर में धनराशि रूपया 3 हजार प्रतिमाह की दर से तीन वर्ष अर्थात् 36 माह तक कुल धनराशि रूपया 1 लाख 8 हजार पौध जीवितता के अनुरुप डी.बी.टी. के माध्यम से देय होगी। नवीन उद्यान रोपण हेतु कृषक द्वारा पौध क्रय राजकीय पौधशाला या एक्रीडेटिड पौधशाला से ही किया जायेगा, जिसका बिल/ रसीद आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्यता होगी। कृषकों का चयन आनलाइन पंजीकरण की वरीयता के आधार पर प्रथम आवक प्रथम पावक के तर्ज पर लक्ष्य की उपलब्धता के अनुसार किया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कृषक को उद्यान विभाग के पोर्टल http://one.uphorticulture.in/ पर पंजीकरण कराते हुये आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू-अभिलेख की छायाप्रति तथा पंजीकरण पावती सहित पूर्ण आवेदन कार्यालय में जमा करना होगा, जिसमें स्थलीय सत्यापनोपरान्त पात्र कृषकों का चयन कर योजना का लाभ दिया जायेगा। योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवसों में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, महोबा (पता- राजकीय बहुउद्देशीय औद्यानिक इकाई, छतरपुर रोड महोबा) में सम्पर्क किया जा सकता है।

### चोरी की स्कूटी बरामद, दो बाल बदमाश गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**जालौन (उरई)।** जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली जालौन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी की एक स्कूटी बरामद करते हुए दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह का मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। 12 जून की रात्रि में कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा छोलापुर नहर बंबा के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने मुकदमा संख्या 121/2026 से संबंधित चोरी की स्कूटी संख्या यूपी 78 एफ्यू 7899 बरामद कर ली। कार्रवाई के दौरान दो बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया, जबकि उनके साथ मौजूद आशुतोष उर्फछोटू त्रिवेदी निवासी मोहल्ला जोशियाना, कस्बा जालौन पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस पूंछताछ में बाल अपचारियों ने बताया कि वे तीनों मिलकर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उन्होंने स्वीकार किया कि 8 जून 2026 की रात मोहल्ला नारोभास्कर क्षेत्र से उक्त स्कूटी चोरी की गई थी। इसके अलावा उसी रात मोहल्ला नया फर्दनवीस से एक प्लेटिना मोटरसाइकिल भी चोरी की गई थी, जिसे लेकर मुख्य आरोपी आशुतोष फरार हो गया। जांच में यह भी सामने आया है कि फरार आरोपी आशुतोष उर्फछोटू त्रिवेदी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है और जेल जा चुका है। पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है तथा जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में कस्बा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष कुमार तिवारी, कांस्टेबल जितेन्द्र सारस्वत एवं कांस्टेबल विवेक राजपूत शामिल रहे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार बाल अपचारियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूंछताछ के आधार पर क्षेत्र में हुई अन्य वाहन चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है। वहीं फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चोरी गई प्लेटिना बाइक बरामद होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई को वाहन चोरों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# एफआरएस के माध्यम से लाभार्थियों को पोषाहार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें: डीएम

- निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों का शेष कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें
- ऑपरेशन कायाकल्प के तहत निर्धारित संकेतांकों से जल्द से जल्द संतृप्त कराना सुनिश्चित करें



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कार्यक्रम विभाग से संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्ष 2024-25 में निर्माण के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य शेष रह गया है, को गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे एवं खंड विकास अधिकारी विजयीपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण की प्रगति धीमी पाए जाने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए। साथ ही खंड विकास अधिकारियों से कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जो केन्द्र निर्धारित संकेतांको से असंतृप्त है, के लिए कार्ययोजना बनाकर माह में 10 केन्द्रों का लक्ष्य रखते हुए कार्य पूर्ण कराए। कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चो का चिन्हांकन करते हुए बच्चों को समय से पोषाहार व अन्य सुविधाएं मुहैया कराए और निगरानी बनाए रखें, साथ ही सभी सीडीपीओ कार्ययोजना बनाकर 05 केन्द्रों को चिन्हित करें जिसमें सैम एवं मैम बच्चे अधिक है एवं शेष मुख्य सेविका के माध्यम से संवेदनशीलता के साथ निगरानी कराते हुए पोषण वो स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए कि रिपोर्ट से भी अवगत कराए साथ ही खंड विकास अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए पात्रता के आधार पर जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि गर्भवती, धात्री, महिलाओं, बच्चो को पोषण का वितरण शत प्रतिशत एफआरएस के माध्यम से कराना सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं से संबंधित प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल पर ससमय फीड कराए। उन्होंने कहा कि सीडीपीओ व मुख्य सेविका निरन्तर आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे और रिपोर्ट से भी अवगत कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## सपा मुखिया की बेटी पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई की मांग



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश सिंह चौहान एडवोकेट के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुपुत्री के विरुद्ध सोशल मीडिया में अपमानजनक अभद्र और असामाजिक पोस्ट की गई है जो कि अखिलेश यादव के करोड़ों समर्थको व चाहने वालों को क्षुब्ध करने वाली पोस्ट है। इस दौरान समर्थकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस कृत्य को करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई और उनके खिलाफ प्रभावी विधिक कार्यवाही भी की जाने की मांग की गई। इस अवसर पर जगनायक सचान एडवोकेट, संदीप कुमार श्रीमाली, सुनील उमराव, राम बहादुर, महेंद्र सिंह यादव, जितेंद्र सिंह चौहान, शिवमंगल यादव, सुमित साहू, आसिफ मकसूद एडवोकेट,नंद किशोर पाल सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला आरक्षी कुसुमलता सम्मानित, 2100 का पुरस्कार



**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज सिंह के पर्यवेक्षण में थाना रेंढ़र में तैनात महिला कांस्टेबल कुसुमलता को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

महिला आरक्षी कुसुमलता पिछले छह माह से थाना रेंढ़र के आईजीआरएस हेल्पडेस्क पर नियुक्त होकर जन शिकायतों के निस्तारण संबंधी कार्यों का अत्यंत निष्ठा, लगन और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर रही हैं। उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के परिणामस्वरूप थाना रेंढ़र की आईजीआरएस रैंकिंग जनपद में प्रथम स्थान पर रही। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सराहनीय योगदान को देखते हुए थाना रेंढ़र के थानाध्यक्ष अभिनेन्द्र सिंह द्वारा उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप रु.2100 की नगद धनराशि देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों को भी महिला आरक्षी कुसुमलता की कार्यशैली, मेहनत एवं समर्पण से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन के साथ कर सकें।

## रास्ते में निर्माण करा रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की



**फतेहपुर।** ललौली थाने के कृष्णा नगर पूर्वी कस्बा बहुआ के रहने वाले ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपनी आवाज बुलंद किया। इस दौरान इन लोगों ने कहा कि उनके मोहल्ले में एलआईसी गली के बगल में स्थित रास्ता जिसकी चौड़ाई 10 फिट है और सभी लोगों ने अपने-अपने मकान प्लाट बैनामा करा लिए हैं। सभी बैनामा में उपरोक्त वर्णित रास्ता 10 फीट अंकित है। इसी रास्ते पर कुछ लोग अवैध तरीके से साजिश करके रास्ते में निर्माण करा कर रास्ता अवरुद्ध कर रहे हैं। जबकि इसके नाम कोई भी भूमि नहीं है। विवादित भूमि रास्ते की भूमि है। प्रार्थी गणों द्वारा पुलिस चौकी बहुआ में सूचना देने पर चौकी इंचार्ज द्वारा निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। बावजूद इसके वह लोग फिर से निर्माण करने की धमकी दे रहे हैं। लिहाजा इन लोगों ने रास्ते में निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने की मांग किया। ज्ञापन देने वालों में इसरार खान, फैज मोहम्मद, गुलाम खान, नफीसा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## योग दिवस आयोजन में जनसहभागिता को बढ़ाने के प्रयासों हुई चर्चा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में योग दिवस के आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा जनसहभागिता को बढ़ाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि योग दिवस के आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि अधिक से अधिक लोग योग के प्रति प्रेरित हो सकें। जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं तथा सुरक्षा प्रबंधों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, स्वयंसेवी संगठन तथा आमजन सहभागिता करेंगे। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता और भी बढ़ गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और समन्वय के साथ करें। उन्होंने यह भी कहा कि योग भारतीय संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया ने अपनाया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या के प्रति प्रेरित किया जा सकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बाल-श्रम की रोकथाम हेतु जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**महोबा।** 12 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम की रोकथाम के लिए जनपद के सभी शहरों, कस्बों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु ई रिक्शा प्रचार वाहन को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

**श्रमिकों हेतु सूचना**

**उपश्रमायुक्त चित्रकूट धाम क्षेत्र बांदा के निर्देशों का पालन करते हुए संस्था कुलपहाड़ चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन की ओर से संदर्भित**

दिनांक 11/6/2026

कुलपहाड़ चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन कुलपहाड़ जनपद महोबा द्वारा समस्त श्रमिकों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि उपश्रमायुक्त महोदय चित्रकूट धाम क्षेत्र बांदा के कार्यालय से प्राप्त पत्रांक 1270/चि.श्रे. शिखा./2026 दिनांक2/6/2026 के अनुपालन में संस्था द्वारा श्रमिकों के हितों व उनके रोजगार की सुरक्षा तथा श्रम विभाग के निर्देशों के पूर्ण पालन हेतु आवश्यक कार्यवाहीं की जा रही है। संस्था के कुछ श्रमिक, श्री निरोद कुमार वर्धन के विरुद्ध की गई प्रशासनिक कार्यवाही एवं उनके निष्कासन से असहमति व्यक्त करते हुए स्वेच्छा से कार्य स्थल से अनुपस्थित हो गए थे तथा उन्होंने स्वयं कार्य करना बंद कर दिया था। संस्था द्वारा ऐसे श्रमिकों को सेवा से पृथक किए जाने का कोई आदेश पारित नहीं किया गया था, तथापि संस्था श्रम विभाग के निर्देशों का सम्मान करते हुए सभी संबंधित पक्षों के हितों को ध्यान में रखकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रतिबद्ध है। आदेश दिनांकित 02/ 6/2026 के अनुशरण में सभी श्रमिकों को व्यक्तिगत रूप से सूचना उपलब्ध कराई गई परन्तु किसी भी श्रमिक ने संस्था के कार्यालय से संपर्क नहीं किया अतः इस सूचना के माध्यम से आप सबको निर्देशित किया जाता है कि 3 दिवस के अंदर संस्था कार्यालय से संपर्क करें। जिससे आदेश दिनांकित 02/6/ 2026 के अनुपालन में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

यह प्रेस विज्ञप्ति जनहित एवं समस्त संबंधित श्रमिकों की जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु जारी की जाती है।

**जारी कर्ता**
**(अमरजीत सिंह )**
**अध्यक्ष (chairman)**
**कुलपहाड़ चर्च आफ क्राइस्ट मिशन**
**कुलपहाड़, जनपद महोबा**
**संपर्क मोबाइल नं.-8853565662**

## जगम्मनपुर-बहादुरपुर मार्ग पर बनेंगे दो लघु सेतु, विधायक ने किया भूमि पूजन

**जगम्मनपुर, जालौन, समृद्धि न्यूज़।**

- करीब दो करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का होगा समाधान



रामपुरा विकासखंड क्षेत्र के लोगों के लिए शुक्रवार का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने जगम्मनपुर से बहादुरपुर मार्ग पर प्रस्तावित दो लघु सेतुओं के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जा रही मांग के पूरा होने से दर्जनों गांवों के लोगों में खुशी का माहौल है। विकासखंड रामपुरा अंतर्गत जगम्मनपुर से कुठौंद मार्ग पर ग्राम लिड़ऊपुर के आगे बिलौहां गेट के पास लोक निर्माण विभाग की सड़क लगभग दो वर्षों से कटान का शिकार थी। कटान के कारण आवागमन बाधित हो रहा था और कई बार राहगीर दुर्घटनाओं का भी शिकार हुए। क्षेत्र के लोगों द्वारा यहां लघु सेतु निर्माण की मांग लगातार की जा रही थी। इसके अतिरिक्त जगम्मनपुर और लिड़ऊपुर के मध्य झरना नाले पर बनी पुलिया की ऊंचाई कम होने के कारण वर्षा ऋतु में उसके ऊपर से पानी बहने लगता था। नदी में बाढ़ आने पर पुलिया के ऊपर 8 से 10 फीट तक पानी भर जाने से मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता था, जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन के प्रयासों से शासन ने दो लघु सेतुओं के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। दोनों परियोजनाओं के लिए क्रमशः 98.12 लाख रुपये और 98.11 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। भूमि पूजन से पूर्व ग्राम लिड़ऊपुर में एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, मंडल महामंत्री हिमांशु चिरवारिया, सचेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बटेश्वर पाल, शीतल सिंह सेंगर, नरेंद्र प्रजापत, छत्रपाल सिंह सेंगर, दीपक सिंह सेंगर, रामू तिवारी, संतोष सिंह सेंगर सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज तिवारी ने किया।

## उरई-झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना को मिली रफ्तार

- 237 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण का कार्य जारी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज ने बताया कि प्रदेश सरकार सड़क संपर्क को विकास का सबसे बड़ा माध्यम मानती है। बेहतर परिवहन व्यवस्था से औद्योगिक निवेश, व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जहां परिवहन के अधिक साधन उपलब्ध होते हैं, वहां विकास की गति स्वतः बढ़ जाती है।प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। झांसी स्थित बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र से प्रारंभ होकर जालौन तक प्रस्तावित इस परियोजना के लिए लगभग 237 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। परियोजना के अंतर्गत उरई तहसील के 11 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है। इनमें नंदा, कोटरा, बरसार, टिमरो, गोरन, फूलपुरा, काबिलपुरा सहित अन्य गांव शामिल हैं। प्रशासन द्वारा किसानों से लगातार संपर्क कर भूमि की रजिस्ट्री कराई जा रही है। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 20 से 25 रजिस्ट्रियां संपादित की जा रही हैं तथा करीब 65 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। भूमि अधिग्रहण के बदले किसानों को ग्रामीण क्षेत्रों में सर्किल रेट का चार गुना तथा शहरी क्षेत्रों में दो गुना मुआवजा दिया जा रहा है। रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण होने के लगभग 15 दिनों के भीतर किसानों के खातों में मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है, जिससे किसानों में संतोष का माहौल है। प्रशासन किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करते हुए परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद बुंदेलखंड क्षेत्र में आवागमन और औद्योगिक गतिविधियों को बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

## डीएम ने डूडा विभाग का किया निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों का रोका वेतन

- डीएम द्वारा प्रतिदिन 10 शिकायतकर्ताओं से बात कर लिया जा रहा फीडबैक, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गुरुवार कोआइ.जी.आर.एस. के निस्तारण से असंतुष्ट फीडबैक के आधार पर जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका, अभिलेखों के रख-रखाव, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लाभार्थियों को समय से लाभ उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने परियोजना अधिकारी डूडा का वेतन रोकते हुए शिकायतकर्ता से स्वयं बात कर समस्या का वास्तविक निराकरण के लिए कड़े निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कार्यालय में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई तथा बेहतर कार्य संस्कृति बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समयबद्ध समाधान किया जाए, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों में और अधिक तेजी लाने तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यालय के उपस्थित रजिस्टर का गहन जांच करते समय कर्मचारी सिटी लाइवलीहुड्स प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर अर्पित पांडे बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये, इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों/ कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतने के निर्देश दिए।

# बाराबंकी में आरटीई के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सेमिनार आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय महिला कल्याण समिति द्वारा शुभम गेस्ट हाउस, आवास विकास, बाराबंकी में "Ensuring Access to Quality Education for Economically Weaker Sections under RTE" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाना था।

मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने अपने संबोधन में आरटीई अधिनियम, 2009 के विभिन्न प्रावधानों एवं निजी विद्यालयों में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है तथा सरकार इस अधिकार को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अभिभावकों से योजना का अधिकतम लाभ उठाने और पात्र बच्चों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि निर्मला श्रीवास्तव, पुस्तकालयाध्यक्ष, जिला राजकीय पुस्तकालय, बाराबंकी ने शिक्षा को समाज के विकास और सशक्तिकरण का आधार बताते हुए विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित करने तथा पुस्तकालयों के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम के वक्ता कुलदीप शर्मा ने ईडब्ल्यूएस




श्रेणी के बच्चों के अधिकारों, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रवेश संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही अधिक से अधिक पात्र परिवार इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष सुनीता शर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा सामाजिक समानता एवं समावेशी विकास की आधारशिला है तथा समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।

डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही एक सशक्त एवं

- शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बताया प्रभावी माध्यम
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही कर सकती है विकसित राष्ट्र का निर्माण: डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा

विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। हरिनाम सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर कैलाश प्रसाद त्रिवेदी, डॉ. उपेन्द्र प्रताप सिंह, जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी, मोहम्मद उबैद अशहद तथा प्राची शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, शत-प्रतिशत नामांकन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में विजय श्रीवास्तव, निशांत श्रीवास्तव, डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, लल्लू सिंह, ऊषा श्रीवास्तव, रवि शुक्ला, उमेश त्रिवेदी, पुष्पा त्रिवेदी, जज़्बी रज़ा, सरिता सिंह, अमर सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद्, समाजसेवी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बीरबल शर्मा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के अधिकार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा पात्र बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया।

## न्यू सहारा अस्पताल का लापरवाही, मामले में नही हुई ठोस कार्यवाही

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** न्यू सहारा अस्पताल में कथित चिकित्सीय लापरवाही के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित पक्ष ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पुनः प्रार्थना-पत्र सौंपा है। पीड़ित परिवार ने दोषी चिकित्सकों व संबंधित स्टाफ के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित अजय कुमार पाण्डेय का आरोप है कि मामले में शिकायत और साक्ष्य उपलब्ध कराने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग प्रभावी जांच करने के बजाय मामले को दबाने और लीपापोती करने में लगा है। उन्होंने कहा कि उनकी पुत्री शालू पांडेय का इलाज अब भी जारी है।शिकायत के अनुसार, शालू पांडेय को 2 मार्च को प्रसव के लिए न्यू सहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 5 मार्च को ऑपरेशन के माध्यम से बच्ची का जन्म हुआ और 13 मार्च को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।परिवार का आरोप है कि इसके बाद मरीज को लगातार पेट दर्द,बुखार और पेशाब में जलन की शिकायत बनी रही।परिजनों के मुताबिक 19 मई को यूरिन के माध्यम से कथित रूप से कॉटन (गॉज) का बड़ा टुकड़ा बाहर निकलने के बाद चिकित्सीय लापरवाही का मामला सामने आया।परिवार का कहना है कि यदि समय रहते यह बाहर नहीं निकलता तो मरीज की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि कई सप्ताह बीत जाने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से न तो ठोस जांच की गई और न ही किसी जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई हुई। उन्होंने नवागत सीएमओ से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।अजय कुमार पाण्डेय ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।इस संबंध में नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रंजन गौतम ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बदोसराय थाना क्षेत्र के बरदरी मरकामऊ गांव में शुक्रवार सुबह एक 25 वर्षीय युवक का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।मृतक की पहचान चाँद बाबू (25) पुत्र मोहियाद्दीन निवासी ग्राम बरदरी मरकामऊ के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे घर में मौजूद वृद्ध दादी और दो छोटी बहनों को घटना की जानकारी हुई। परिजनों के शोर-शराबे पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उतारा।घटना की सूचना मिलने पर बदोसराय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन भी जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है।परिजनों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मृतक के पिता का निधन हो गया था। चाँद बाबू परिवार का इकलौता बेटा था और उस पर अपनी दो छोटी बहनों की जिम्मेदारी भी थी। उसकी मां रोजगार के सिलसिले में लखनऊ में रहती हैं।ग्रामीणों के मुताबिक चाँद बाबू मिलनसार स्वभाव का था, लेकिन पिता की मृत्यु के बाद से वह कुछ गुमसुम रहने लगा था।घटना को लेकर गांव में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं हैं,हालांकि मौत के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।बदोसराय थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

# सुभासपा का रामनगर सीट पर संगठन विस्तार

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी सुभासपा ने रामनगर विधानसभा सीट पर अपना राजनीतिक दावा मजबूत करते हुए संगठन विस्तार और चुनावी तैयारियों का संकेत दिया है।पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर ने भवानी पैलेस,रामनगर में आयोजित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।बैठक के दौरान समीक्षा करते हुए उन्होंने विधानसभा स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारियों की घोषणा की और कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक पार्टी की नीतियां पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही जयशंकर पांडेय को विधानसभा रामनगर अध्यक्ष तथा राजेश तिवारी को बाराबंकी जिले का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बनाया गया।इसके अलावा अवधेश दीक्षित को जिला उपाध्यक्ष,प्रदीप द्विवेदी को प्रदेश महासचिव, मनीष पांडे को जिला महासचिव, सराज राजभर को विधानसभा रामनगर का प्रमुख महासचिव, अवमरेश यादव को जिला महासचिव, चंद्रभान वर्मा को जिला सचिव तथा हर्ष द्विवेदी को युवा मोर्चा का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।अरविंद राजभर ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा गांव, गरीब और वंचित वर्ग की आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण तथा बेटियों के जन्मदिन पर पांच लाख रुपये का बीमा दिए जाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा है।

# मशरूम की उन्नत खेती पर हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

यूपीसीएआर वित्तपोषित परियोजना इंटरवेंशन्स ऑफ इम्प्रूव्ड एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजीज फॉर ट्रांसफॉर्मिंग एग्रीकल्चर फॉर एन्हांसिंग फार्मर्स इनकम इन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सिद्धौर विकासखंड के दुरौंधा गांव में मशरूम की उन्नत खेती तकनीक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 50 किसानों ने ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का समन्वयन परियोजना के सह-अन्वेषक डॉ रूपन रघुवंशी द्वारा किया गया। डॉ. रूपन रघुवंशी ने कहा की मशरूम कम लागत, कम भूमि कम समय में अधिक आय देने वाला कृषि आधारित उद्यम है, जिसे किसान अतिरिक्त आय के श्रोत्र के रूप में अपना सकते है। दिव्या राय डीडीएम नाबार्ड ने किसानों को बैंक



द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं एवं ईकेकेसी पोर्टल के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ समीर कुमार पांडे ने किसी को मशरूम की विभिन्न प्रजातियां, स्पॉन का चयन , सब्सट्रेट तैयार करने की विधि , बेग भराई के बारे में बताया।

डॉ रघुवंशी ने मशरूम के मूल्य संवर्धन एवं विपणन की संभावनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सिद्धौर एफपीओ लिमिटेड. के डायरेक्टर राजेश गुप्ता जी ने अपने मशरूम खेती के वास्तविक फील्ड अनुभव साझा किया ओर प्रोत्साहित किया। इसी के साथ विशेषज्ञों ने किसानों को भारत सरकार के विशेष जागरूकता खेत बचाओ अभियान के बारे में भी जागरूक किया ओर डेचा, सनई जैसी फसलों का हरी खाद के रूप में उपयोग कर मिट्टी की सेहत सुधारने का आव्हान किया।

## खबरें एक नजर में

### अवैध खनन पर कार्रवाई जारी, पांच डंपर किए गए जब्त



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** अवैध खनन के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर मुसाफिरखाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खनन कार्य में लगे पांच डंपरों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी वाहन बिना वैध अनुमति और आवश्यक दस्तावेजों के खनन कार्य में संलिप्त पाए गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चालकों से खनन परमिट और वाहन संबंधी कागजात मांगे, लेकिन वे कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद सभी वाहनों को कब्जे में लेकर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा जब्त किए गए डंपरों के नंबर यूपी 85 ईटी 3115, यूपी 95 टी 4077, यूपी 85 ईटी 3133, यूपी 85 ईटी 3134 और यूपी 32 एमएन 8269 हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### निर्माण कार्य में गड़बड़ी देख मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का चढ़ा पारा



**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** बछरावां कस्बे के रेलवे स्टेशन पर किए गए नव निर्माण को देखने पहुंचे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी का पारा उस समय चढ़ गया, जब उन्हें निर्माण कार्यों में खामियां देखने को मिली। उन्होंने साथ चल रहे अधिकारियों कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यों को बेहतर ढंग से पूरा किया जाए। खामियां मिलने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।रेलवे विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एस के श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बछरावां रेलवे स्टेशन पहुंचकर जमीनी हकीकत को परखा। अभी 2 महीने पहले ही रेलवे स्टेशन पर लगाए गए अधिकांश पेड़ उन्हें काफी दयनीय स्थिति में मिले, कई पेड़ तो सूखे हुए थे, इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। रेलवे स्टेशन परिसर में टिकट काउंटर की ऊंचाई को मुख्य महाप्रबंधक के निर्देश के बावजूद दुरुस्त नहीं किया गया, इसकी शिकायत मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी अधूरे कार्य पड़े हैं, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोकार्पण के बारे में उन्होंने कहा कि शीघ्र ही विभाग द्वारा इसकी तिथि निर्धारित की जाएगी।

### पुत्री की तलाश में पिता हलकान

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस स लापता पुत्री की तलाश किए जाने की गुहार लगाई है पुलिस मुकदमा दर्ज करके छानबीन कर रही हैं। पीड़ित पिता ने बताया कि बुधवार की रात आयीं आंधी व बूंदाबांदी के दौरान जब उसकी आंख खुली तो देखा पुत्री घर से गायब है इसके बाद आस पड़ोस और रिश्तेदारी में जानकारी की गयी परंतु पता नहीं चल सका।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के फतेहगंज गांव से लाया गया 22 वर्षी युवक को मृत घोषित कर दिया गया जिसके बाद परिजन शव लेकर घर को चलें गये। जहां अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी जगदीश प्रसाद यादव के पुत्र जंग बहादुर यादव को परिजनों द्वारा गुरुवार की देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डॉक्टर द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। जनचर्चा है कि युवक द्वारा फांसी लगाकर जान दे दी गई है। वही परिजन बीमारी से मौत की बात बता रहे हैं।

## एलिम्को आसरा का लगाया दो दिवसीय शिवर, बुजुर्गी, दिव्यांगजनो ने किया आवेदन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड हैदरगढ़ की न्याय पंचायत दतौली में शिवशरण भगौती प्रसाद सेवा संस्थान दव एलिम्को आसरा बाराबंकी द्वारा दो दिवसीय एडिप और वयोश्री योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें बुजुर्ग महिला पुरुष तथा दिव्यांगजनों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किये। दो दिवसीय शिविर में कुल 400 आवेदन कर्ताओं ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किये। जिसमें जांचोपरांत 328 आवेदन सही पाए गए इन आवेदनों की जांच करने के बाद आसरा सेन्टर बाराबंकी को अग्रिम कार्रवाई के लिए फॉर्म प्रस्तुत कर दिए गए। इस मौके पर अमित मिश्रा,लालू प्र प्रसाद, ग्राम प्रधान फूलचंद,समाज सेवी कृष्ण मगन पांडेय एडवोकेट, न गुड्डू तिवारी गौरा, महेश बाबा, माताफेर तिवारी, माता फेर यादव प्रधान नैपुरा, शिव मगन पांडेय, बद्री विशाल पांडेय, अनीता पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# कच्चे घर में रहने को मजबूर परिवार, नहीं मिला पक्का आशियाना



**लालगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

सरकार द्वारा गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन आज भी कई परिवार कच्चे और जर्जर घरों में रहने को मजबूर हैं। ऐसा ही एक मामला रायबरेली जनपद के विकास खंड लालगंज पूरेसोबनसिन से सामने आया है, जहां तीन परिवार वर्षों से कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहा है,

- पीड़िताः कई बार कर चुके है आवास के लिए आवेदन , लेकिन नहीं मिली छत
- बारिश-आंधी जैसे मौसम में लगता है डर

लेकिन अब तक उसे पक्का आशियाना नसीब नहीं हो सका। बरसात के मौसम में घर की छत टपकती है और दीवारें गिरने का खतरा बना रहता है। वहीं ज्योति पत्नी रामकेवल ने बताया कि वह अपने 3 छोटे छोटे बच्चों के साथ कच्चे घर में रहने को मजबूर है और डर लगता है कि कही आंधी तूफान में घर न गिर जाए कहीं हम सब इसी में दब न जाएं। वही तारा देवी और नसीबनबनो परिवार का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। ऐसे में हर बारिश उनके लिए नई मुसीबत लेकर आती है।

ग्रामीणों का कहना है कि पात्र होने के बावजूद यदि जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, तो यह व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस परिवार की पीड़ा को कब तक अनदेखा करते हैं और उन्हें पक्का आशियाना कब तक मिल पाता है।

# 12 वर्ष पूरे होने पर सरकार की गिनाई उपलब्धियां




**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर रायबरेली के प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को छुआ है तथा भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में

- 2047 तक भारत बनेगा पूर्ण विकसित राष्ट्रः प्रभारी मंत्री

तेजी से आगे बढ़ रहा है। विपक्ष के सवालों पर पलटवार करते हुए मंत्री ने कहा कि विपक्ष का काम केवल प्रश्न उठाना है, जबकि सरकार विकास के एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव, जनपद और प्रदेश के विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा और 2047 तक भारत एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनेगा।

## वृद्धावस्था पेंशन में आधार नहीं होगा आयु प्रमाण राशन कार्ड व वोटर आईडी भी मान्य

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत आवेदन, स्वीकृति एवं पेंशन वितरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन संचालित की जा रही है। शासन द्वारा नगरीय क्षेत्रों में वृद्धावस्था पेंशन के लिए आयु सत्यापन संबंधी प्रक्रिया में आंशिक संशोधन करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार न किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की आयु सत्यापित करने के लिए परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध रहता है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में इस प्रकार का अभिलेख उपलब्ध नहीं होने से आयु सत्यापन में कठिनाइयाँ आ रही थीं। इसी समस्या के समाधान के लिए शासन ने निर्देश जारी किए हैं कि नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे वृद्धजन, जिनके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है तथा परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है, उनकी आयु सत्यापित करने हेतु निर्धारित अभिलेखों के अतिरिक्त राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट एवं पैन कार्ड को भी मान्य दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था केवल नगरीय क्षेत्रों के आवेदकों के लिए लागू होगी। इसके लिए आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि उसके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है तथा उसके क्षेत्र में परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदक परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा जन्मतिथि अंकित शैक्षिक प्रमाण-पत्र अपलोड करें, जबकि नगरीय क्षेत्रों के आवेदक राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या पैन कार्ड में से कोई एक मान्य दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करें।

# अभिलेखों में मिली अनियमितता, चार संस्थानों को नोटिस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी देवेन्द्र सिंह निरंजन द्वारा गुरुवार को विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों में अनियमितता पाए जाने पर इफको किसान सेवा केंद्र गौरीगंज, इफको किसान सेवा केंद्र जायस तथा साधन सहकारी समिति लिमिटेड ब्रहमनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

वहीं साधन सहकारी समिति लिमिटेड ओदारी निरीक्षण के समय बंद पाए जाने पर उसे भी नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि संबंधित संस्थानों में




स्टॉक एवं उर्वरक वितरण अभिलेख पूर्ण रूप से अद्यतन नहीं पाए गए। उन्होंने जनपद के सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि बिक्री रजिस्टर में उपलब्ध विवरणों के अतिरिक्त प्रत्येक किसान का मोबाइल नंबर, खतौनी नंबर तथा फार्मर आईडी का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने बताया कि किसानों को बोई गई फसल के अनुसार निर्धारित मानकों के तहत ही उर्वरकों का वितरण किया जाए। प्रति हेक्टेयर अधिकतम पांच बोरी डीएपी एवं सात बोरी यूरिया उर्वरक की बिक्री ही की जाएगी तथा बिक्री अभिलेखों में खतौनी संख्या, मोबाइल नंबर एवं फार्मर आईडी का उल्लेख अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान यदि किसी विक्रेता के यहां नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो उसका लाइसेंस निरस्त करते हुए विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद मे अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैगेंस्टर एक्ट थाना गौरीगंज में वांछित अभियुक्त परमानन्द यादव पुत्र चन्द्रिका प्रसाद यादव निवासी ग्राम मिश्रौली थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबंध में गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध थाना गौरीगंज पर हत्या के प्रयास, चोरी, गुण्डा, मारपीट आदि विभिन्न धाराओं में कुल 10 अभियोग पंजीकृत हैं।

# अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही उद्देश्य : राकेश राठौर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बट्सगंज स्थित बालदा कॉलोनी में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। इस अवसर पर नगर




विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए जनभागीदारी को लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताया।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिये हम सभी निरन्तर प्रयासरत हैं और आगे भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर गुप्ता, नगर पालिका परिषद सीतापुर की अध्यक्ष नेहा अवस्थी, उप जिलाधिकारी न्यायिक सीमा सिंह, सभासद गण सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जनजागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाई।

# सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर डीएम सख्त

- सीडीओ की अध्यक्षता में समिति गठित, जांच पूरी होने तक भुगतान पर रोक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद में नवनिर्मित सड़क मार्गों के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं के संबंध में मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच सुनिश्चित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा प्रकरण के सभी तथ्यों एवं तकनीकी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक संबंधित ठेकेदार के किसी भी बकाया भुगतान का निस्तारण न किए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में आगामी 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। शुक्रवार को इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने परीक्षा की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी



तरह निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखने के लिए पुलिस बल, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं सीसीटीवी सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित वस्तु के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके लिए अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। साथ ही शासन एवं आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जनपद के कुल 7 परीक्षा केंद्रों पर यह भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 2791 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

प्रवक्ता भर्ती परीक्षाः

# पेयजल संकट, अतिक्रमण व विकास योजनाओं की रखीं समस्याएं

- मुख्यमंत्री से मिले सिकंदरपुर चेयरमैन



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सिकंदरपुर नगर पंचायत के चेयरमैन हरिहर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट कर नगर पंचायत क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे।

चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए नगर की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। मुलाकात के दौरान चेयरमैन हरिहर सिंह ने नगर क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में नगरवासियों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने नगर में ओवरहेड टैंक (पानी की टंकी) निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा तथा संबंधित विभागीय फाइल भी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह लंबे समय से क्षेत्रीय जनता की प्राथमिक मांग रही है। इसके अलावा चेयरमैन ने नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों का मामला भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने तथा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रभावी अभियान चलाने की मांग की। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज भी मुख्यमंत्री को सौंपे गए। नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए चेयरमैन ने नगरोदय योजना के अंतर्गत विशेष बजट आवंटित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। क्चेयरमैन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सिकंदरपुर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का प्रयास किया जाएगा।

## कंस वध व रुक्मिणी विवाह की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सकरावा स्थित श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में कंस वध और रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्र मुक्त हो गए। कथा के दौरान मुख्य अतिथि ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत और सौरिख चेयरमैन राहुल गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन कर कथा व्यास आचार्य जी को माला, पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। कथा व्यास आचार्य आदित्य मनोहर पाठक ने भगवान कृष्ण द्वारा किए गए कंस वध और रुक्मिणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। संगीतमय भजनों और सजीव वर्णन को सुन पांडाल में मौजूद सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास ने व्यासपीठ से कहा कि सांसारिक वस्तुएं और वैभव नश्वर हैं। इस संसार में केवल भगवान का नाम, निश्छल भक्ति और सत्संग ही शाश्वत (हमेशा रहने वाले) सत्य हैं।

# बैंक सखियां बीओआई से जुड़कर करेंगी वित्तीय सेवाओं का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड मुख्यालय सभागार में बैंक सखियों की महत्वपूर्ण बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार तथा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और बैंक सखियों को नई जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

बैठक के दौरान बताया गया कि अब बैंक सखियां एनआईसीटी कंपनी के माध्यम से बैंक ऑफ इंडिया के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगी। उनका मुख्य उद्देश्य गांवों में अधिक से अधिक लोगों के बैंक खाते खुलवाना, बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देना तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना होगा। अधिकारियों ने कहा कि बैंक सखियां ग्रामीण जनता और बैंकिंग संस्थानों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाएंगी। एनआईसीटी कंपनी से जुड़े लालू कश्यप ने बैंक सखियों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, ग्राहक सहायता, खाता खोलने की प्रक्रिया और बैंकिंग सुविधाओं के प्रचार-प्रसार संबंधी आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक सखियां घर-घर जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करें, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। बैठक में एडीओ आईएसबी अनिल कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर भंवर सिंह सहित अन्य कर्मचारी एवं बैंक सखियां मौजूद रहीं।

# पेड़ पर लटकता मिला लापता किसान का शव

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- घटना से परिजनों में कोहराम
- मृतक की पत्नी व बच्चों का हो रहा रो-रोकर बुरा हाल

कोतवाली क्षेत्र के नगला लीटा गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब देर रात एक किसान का शव खेत में पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। उधर जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के नगला लीटा गांव निवासी किसान राजबहादुर (45) पुत्र रामसेवक जाटव खेती कर किसी तरह परिवार का भरणपोषण करते थे। बुधवार देर रात तक वह घर नहीं पहुंचे। इस पर परिजनों को चिंता हुई और उनकी खोजबीन की गई। रात करीब 1 बजे उनका शव खेत में खड़े पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में उन्हें फंदे से नीचे उतारकर सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी ममता देवी व बच्चों अमन, अनुज, किरन व दीक्षा समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुराहाल हो गया। सूचना पर पहुंचे मंडी चौकी इंचार्ज सुरेशचंद्र चतुर्वेदी ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## भाभी से मिलने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कमालपुर रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण पुत्र रघुराज राठौर निवासी महरुपुर खास, थाना जहानगंज, (फर्रुखाबाद) के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि अरुण दिल्ली की एक निजी कंपनी में रजाई और गद्दा भरने का कार्य करता था। वह मंगलवार रात करीब 10 बजे दिल्ली से अपने घर आया था। यहाँ से वह अपने बड़े भाई गोविंद की ससुराल ग्राम कुशलपुरवा, थाना तालग्राम में अपनी भाभी सुनीता और बच्चों से मिलने बाइक से जा रहा था। तभी कमालपुर रोड पर हनुमान मंदिर के सामने किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे 100 शैया अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अरुण अविवाहित था। उसके परिवार में मां निर्मला देवी, तीन भाई गोविंद, अरुण व गौतम तथा बहनें जानकी और डोली हैं। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

# नगरपालिका में हुई स्वच्छता कर्मियों की कार्यशाला

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें सूखे और गीले कचरे के प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करके सफाई कर्मचारियों को जागरूक किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि प्रदेश सरकार के मानकों के अनुसार अभी काम पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि लक्ष्य जिला स्तर पर ही नहीं, बल्कि मंडल स्तर पर अग्रणी बनने का रखा जाए। उन्होंने कहा अभी तक कचरा गाड़ियों में दो डस्टबिन लगे थे, अब चार लगाए जाएंगे। जनता को प्यार से समझाएं कि सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डाले। स्वच्छता का वातावरण न बना तो बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। मनोज दुबे ने सफाई कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर कार्य हो रहा है और संसाधन उपलब्ध कराना उनका दायित्व है। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने जन सहयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए सिंगापुर का उदाहरण दिया, जहां कचरा प्रबंधन से सरकार को अच्छी आमदनी होती है। उन्होंने कचरे का बटवारा, सुंदर छिबरामऊ हमारा नारे को सार्थक बनाने का आह्वान किया। जिला प्रोग्राम मैनेजर शिवम कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता की जिम्मेदारी घर के डस्टबिन से शुरू होती है। नागरिकों को लगातार समझाने से सफलता मिलेगी। कार्यशाला में सफाई प्रभारी अमरदीप, लिपिक प्रवेश यादव, नायक राजेंद्र कुमार, सूरज, सुजीत कुमार, सुभाष चंद्र सहित समस्त सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# मारपीट के मामले में दोषी को सात वर्ष का कारावास



- सौरिख थाने में 2018 में दर्ज मुकदमे में आया फैसला
- 53,500 रुपये अर्थदंड भी लगाया

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

थाना सौरिख क्षेत्र में वर्ष 2018 में दर्ज मारपीट के एक मामले में विशेष न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 53,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पुलिस के अनुसार, वादी के भाई के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में जगरूप ठाकुर पुत्र शिवराम निवासी बेहटारामपुर के खिलाफ धारा 326, 323, 504, 506 भादवि एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी कर पुलिस ने आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान कन्नौज पुलिस, अभियोजन पक्ष, मॉनीटरिंग सेल और कोर्ट पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 53,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## मानदेय व ईपीएफ भुगतान को लेकर एनएचएम कर्मियों ने उठाई आवाज

**कन्नौज।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संविदा कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. पंकज वर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने समय पर मानदेय भुगतान, लंबित ईपीएफ जमा कराने और कार्यस्थल संबंधी समस्याओं का मुद्दा उठाया।

ज्ञापन में कहा गया कि संविदा कर्मचारियों को निर्धारित समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले एक वर्ष से ईपीएफ का भुगतान भी लंबित है, जिससे उनमें नाराजगी है। संघ ने यह भी कहा कि आयुष चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति स्थल से बाहर पुलिस लाइन में एक माह की ड्यूटी लगाई जा रही है, जो शासन के निर्देशों के विपरीत है।

# बाल श्रम मुक्त अभियान में 16 ग्राम पंचायतों को मिली पहचान

- अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर हुए कार्यक्रम
- 47 जनप्रतिनिधियों ने किया प्रतिभाग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार की प्राथमिक कार्ययोजना के तहत उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में कन्नौज सहित कानपुर मंडल के सभी जनपदों को वर्ष 2026 में ही बाल श्रम मुक्त किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर 12 जून को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्नौज की 16 ग्राम पंचायतों को बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में जनपद से 47 जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया।

इनमें संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, श्रम विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल को कलेक्ट्रेट परिसर से बस द्वारा लखनऊ रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेंद्र सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए जागरूकता और विभागीय समन्वय के माध्यम से अभियान को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

# बसपा-भाजपा की 'बी-टीम' बनकर कर रही काम : लाल बिहारी यादव

- उर्स कार्यक्रम में पहुंचे विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष
- महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था को बनाया चुनावी मुद्दा



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कन्नौज पहुंचकर उर्स कार्यक्रम में शिरकत की और भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। सर्किट हाउस में उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए तथा धर्म के नाम पर मतभेद पैदा करना देशहित में नहीं है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और बदहाल शिक्षा व्यवस्था जैसे मुद्दों पर मतदान करेगी। उन्होंने पेपर लीक की घटनाओं और शिक्षकों की भर्ती परीक्षाओं में हो रही देरी का उल्लेख करते हुए सरकार पर निशाना साधा। उनका आरोप था कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रही है।

शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं के लिए अलग-अलग बोर्ड होते थे, तब भी परीक्षाएं समय पर नहीं हो पाती थीं। अब सभी आयोगों के लिए एक बोर्ड बना दिया गया है, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी नियमित भर्ती परीक्षाएं नहीं हो सकी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में शिक्षकों की भर्ती कैसे होगी, यह बड़ा प्रश्न बन गया है। सरकार शिक्षा के नाम पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिससे युवाओं को न तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पा रही है और न ही रोजगार के पर्याप्त अवसर बसपा पर हमला बोलते हुए यादव ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी भाजपा की बी-टीम की तरह काम कर रही है। वहीं अदिति यादव प्रकरण पर उन्होंने कहा कि राजनीति का स्तर लगातार गिर रहा है और सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना चाहिए। राजनीति नीतियों और विचारों की लड़ाई होनी चाहिए। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के उस बयान पर, जिसमें उन्होंने 2027 में समाजवादी पार्टी की स्थिति पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस जैसी होने की बात कही थी, लाल बिहारी यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता का रुझान समाजवादी पार्टी के पक्ष में स्पष्ट रूप से दिखाई दे चुका है और आगामी विधानसभा चुनाव में भी यही जनादेश दोहराया जाएगा।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, सपा मुख्य प्रवक्ता विजय द्विवेदी, आकाश शाक्य, हसीब हसन सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्लॉट पर दबंगों का हमला,दो भाई और मां घायल

- हैबतपुर कटरा में लाठी-डंडों व धारदार हथियार से मारपीट का आरोप
- सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े,एसपी के निर्देश पर जांच शुरू

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के हैबतपुर कटरा गांव में निर्माणाधीन जमीन पर काम कर रहे परिवार पर दबंगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में दो सगे भाई और उनकी मां घायल हो गईं। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जबकि आरोप है कि हमलावरों ने कैमरे भी क्षतिग्रस्त कर दिए। हैबतपुर कटरा निवासी रुक्मणी देवी पत्नी प्रभूदयाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गुरुवार शाम करीब पांच बजे वह अपने पुत्रों बलराम, राजीव और संजीव के साथ मुस्तफाबाद चौकी क्षेत्र स्थित गाटा संख्या 315 व 317 पर निर्माणाधीन पिलरों में पानी डाल रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के अमन, कन्हैया, अवधेश और रतन समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों, धारदार हथियारों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना



में राजीव समेत अन्य लोग घायल हुए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

वायरल सीसीटीवी फुटेज का संज्ञान लेते हुए एसपी ने सदर कोतवाली पुलिस को जांच कर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने पर दोषी को सजा

- आरोपी को अदालत ने ठहराया दोषी
- न्यायालय उठने तक के कारावास व 750 रुपये का अर्थदंड भी लगाया



**तालग्राम/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। तालग्राम थाना क्षेत्र के मुकदमे में सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने आरोपी को न्यायालय उठने तक के कारावास और 750 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन के अनुसार थाना तालग्राम में मुकदमा संख्या 281/25 धारा 296 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी सोनू उर्फ सुभाषचंद्र पुत्र रावेन्द्र निवासी बगुलियाई पर सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने का आरोप था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शुक्रवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (जूनियर डिवीजन) एफटीसी-द्वितीय अदालत द्वारा मामले की सुनवाई के उपरांत आरोपी को दोषी करार दिया। अदालत ने उसे न्यायालय उठने तक के कारावास तथा 750 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में नियमानुसार अतिरिक्त दंड भुगतना होगा।

# सामुदायिक केन्द्र का असीम अरुण ने किया निरीक्षण

**निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर, सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा**

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाज कल्याण विभाग द्वारा खैरनगर में निर्मित कराए जा रहे सामुदायिक केंद्र का शुक्रवार को राज्य मंत्री असीम अरुण ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि सामुदायिक केंद्र का निर्माण तेजी से चल रहा है और इसे जल्द ही जनता के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को विवाह, सहालग और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। सामुदायिक केंद्र में रसोईघर, घरातियों एवं बारातियों के ठहरने की व्यवस्था सहित आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में इस प्रकार के केंद्र सामाजिक आयोजनों को सुगम बनाने के साथ लोगों पर आर्थिक बोझ भी कम करते हैं। स्थानीय लोगों ने भी सामुदायिक केंद्र के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके शुरू होने से क्षेत्र में लंबे समय से महसूस की जा रही एक महत्वपूर्ण आवश्यकता पूरी होगी। अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे जनता को समर्पित किया जाएगा।

# धर्म के प्रति आस्था मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी : धर्मेन्द्र शास्त्री

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



श्रीमदभागवत कथा प्रसंग सुनाते आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री



कथा पंडाल में बैठे भक्तगण

क्षेत्र के ग्राम रायपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री ने भक्तों को कंस वध की लीला का प्रसंग सुनाते हुऐ कहा भगवान श्रीकृष्ण ने मामा कंस के घोर अत्याचार करने पर उसका अपने हाथों से वध किया था आचार्य ने कहा कि कंस के अन्दर अहंकार भाव था तभी भगवान ने उसका विनाश किया इसलिए मनुष्य को अहंकार कभी नहीं करना चाहिए क्योंकि अहंकार मनुष्य के विनाश की जननी हैं। उन्होंने आगे कहा कि मानव शरीर करीब 84 लाख यूनियो में भटकने के वाद मिला है इसलिए धर्म के प्रति निष्ठावान बनकर अच्छे कर्म करे तभी तुम्हारा भला होगा समाज में ऐसा कोई काम न करें जिससे दूसरो को कष्ट हो वाद में भगवान श्रीकृष्ण व गोवर्धन पूजा के प्रसंग को सुनकर भक्त गण भावविभोर हो गये इस अवसर पर परीक्षित रमेशचन्द्र, दिनेश कुमार, मोहित तिवारी, रोमी तिवारी, पवन कुमार, ओमकार, कल्लू यादव, नवीन कुमार, विपिन कुमार आदि सैकड़ों भक्त गण कथा पंडाल में मौजूद रहे।

# मंदिरों की पूजा में दिखे नए चेहरे, भाजपा में बदले समीकरणों की चर्चा तेज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- 2027 विधानसभा चुनाव से जोड़कर लगाए जा रहे कयास



केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को जिले में आयोजित भाजपा के धार्मिक कार्यक्रमों के बीच राजनीतिक गतिविधियां भी चर्चा का केंद्र बनी रहीं। अलग-अलग मंदिरों में हुए पूजन कार्यक्रमों में ऐसे नेताओं और समर्थकों की मौजूदगी देखने को मिली, जिन्हें अब तक अलग-अलग राजनीतिक खेमों से जोड़कर देखा जाता रहा है। इससे भाजपा के भीतर बदलते समीकरणों और 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की, जबकि पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने माता फूलमती मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। दोनों कार्यक्रमों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गईं। माता फूलमती मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुब्रत पाठक के साथ पूर्व विधायक बनवारी लाल दोहरे के परिवार की सक्रिय मौजूदगी को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेष रूप से नयन दोहरे को लगातार सुब्रत पाठक के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में प्रमुखता मिलने को भाजपा के स्थानीय राजनीतिक भविष्य से जोड़कर देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी कई युवा कार्यकर्ता नयन दोहरे के समर्थन में खुलकर टिप्पणियां करते दिखाई दिए।

वहीं दूसरी ओर मंत्री असीम अरुण के कार्यक्रम में ऐसे चेहरे भी नजर आए, जो पिछले निकाय चुनावों के दौरान अलग-अलग राजनीतिक धाराओं में सक्रिय रहे थे। नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव में मंत्री के करीबी माने जाने वाले कन्हैया दीक्षित और तत्कालीन विरोधी खेमे से जुड़े पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री की एक साथ मौजूदगी ने भी राजनीतिक हलकों का ध्यान खींचा। इसे कन्नौज सदर विधानसभा की भावी राजनीति के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

सोशल मीडिया पर भाजपा समर्थक विभिन्न गुटों के बीच भी इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं तेज हैं। कई पोस्ट और टिप्पणियों में स्थानीय नेताओं के बीच बढ़ती नजदीकियों को आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है।

## सूचना

मैने अपनी हार्दिक इच्छा से, बिना जोर दबाव के अपने बड़े पुत्र सौरभ कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब इन दोनों का मुझसे व परिवार के अन्य लोगों से कभी कोई वास्ता ताल्लुक नहीं रहेगा और न मेरी सम्पत्ति में कोई हक रहेगा। अगर कोई व्यक्ति इन दोनों से मेरे या मेरी सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई व्यवहार या करार करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा ,हम लोगों की कोई जिम्मेदारी या मतलब नहीं होगा।

**विनोद कुमार पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम रूद्रापुर मौजा हरिबल्लभपुर पोस्ट खुबरियापुर थाना छिबरामऊ (कन्नौज)।**





# लोहिया अस्पताल में दुर्लभ बीमारी का सफल आपरेशन: डॉ. रोहित तिवारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला चिकित्सालय के सर्जरी विभाग ने एक अत्यंत दुर्लभ एवं जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर जिला स्तर पर उपलब्ध उन्नत चिकित्सा सेवाओं की क्षमता का परिचय दिया है। हरदोई जनपद के पाली निवासी सत्य प्रकाश शुक्ल का एम्यांड हर्निया नामक दुर्लभ बीमारी का सफल एवं पूर्णतः निःशुल्क ऑपरेशन किया गया।

चिकित्सा साहित्य के अनुसार एम्यांड हर्निया अत्यंत दुर्लभ स्थितियों में गिनी जाती है। उपलब्ध अध्ययनों के अनुसार यह स्थिति सामान्य आबादी में अत्यंत कम पाई जाती है और अनुमानतः लगभग 1 से 1.5 करोड़ लोगों में एक व्यक्ति में देखी जाती है।

- 1 से 1.5 करोड़ लोगों में एक को होने वाली है एम्यांड हर्निया बीमारी
- हरदोई के मरीज का पूर्णतः निःशुल्क उपचार, एक ही दिन में दस बड़ी सर्जरियां भी संपन्न

इस बीमारी में अपेंडिक्स हर्निया की थैली के भीतर फंस जाता है, जिससे सर्जरी तकनीकी रूप से अधिक जटिल हो जाती है। इसकी सटीक पहचान कई बार ऑपरेशन के दौरान ही संभव हो पाती है। वरिष्ठ परामर्शदाता सर्जन एवं विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. रोहित तिवारी के नेतृत्व में की गई इस सर्जरी के दौरान टीम ने अत्यंत सावधानीपूर्वक अपेंडिक्स निष्कासन के साथ आधुनिक टेंशन-फ्री हर्निया रिपेयर तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया। मेजर डॉ0 रोहित तिवारी ने बताया इस प्रकार के मामले अत्यंत दुर्लभ होते हैं। ऑपरेशन के दौरान सही निर्णय, सटीक तकनीक और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पूरी टीम के समन्वित प्रयासों से यह जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जगमोहन शर्मा ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी नीतियों के अनुरूप मरीज का संपूर्ण उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया गया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में लगातार जटिल एवं उन्नत सर्जिकल प्रक्रियाएं की जा रही हैं, जिससे मरीजों को महंगे निजी अस्पतालों या बड़े महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि सर्जरी विभाग ने उसी दिन कुल 10 बड़ी एवं जटिल सर्जरियां सफलतापूर्वक संपन्न कीं। इनमें एम्यांड हर्निया का यह ऑपरेशन अपनी दुर्लभता, तकनीकी जटिलता तथा उच्च स्तरीय सर्जिकल विशेषज्ञता की आवश्यकता के कारण दिन की सबसे महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण सर्जरी रहा। इस सफल सर्जरी में डॉ. अमिताभ चौहान एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, अनीता लाल ओटी इंचार्ज तथा ऑपरेशन थिएटर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्तमान में मरीज की स्थिति संतोषजनक है तथा वे तेजी से स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।



आपरेशन रूम में मरीज व डॉ. रोहित तिवारी व चिकित्सीय टीम

## लोडर चालक को होमगार्ड ने पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।चौराहे पर ड्यूटी कर रहे एक होमगार्ड ने शुक्रवार सुबह सोलर प्लेटों को भरकर बाजार की ओर जा रहे लोडर को रुकवाया। लोडर चालक ने लोडर रोका, तो होमगार्ड ने लोडर को बाजार में न ले जाने की बात कही। लोडर के चालक ने सामान बाजार में ही एक दुकान पर उतारने की बात कहकर लोडर को बाजार में ले जाने की बात कही। जिसपर उत्तेजित होमगार्ड ने गाली-गलौज कर चालक को पीट दिया और थाने पर फोन कर पुलिस को मौके पर बुलवाया। पुलिस लोडर व चालक को थाने ले गई। थाने पहुंचे लोडर के मालिक व स्थानीय दुकानदारों ने थाने पहुंचकर मामले की जानकारी थाना प्रभारी राजीव कुमार को देकर घटना पर आपत्ति जताई। थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेकर चौराहे पर लगे होमगार्ड को थाने बुलाकर किसी से अभद्रता न करने की हिदायद दी और उसे चौराहे से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया। लोडर व चालक को थाने से जाने दिया।

## सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो वायरल कर बदनाम करने का आरोप

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के याकूतगंज निवासी वैभव कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पुत्री पर सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल कर बदनाम किए जाने का आरोप लगाया है। वैभव कुमार गुप्ता ने बताया कि मैंने लिव इन रिलेशनशिप में 1 जून से शिखा गुप्ता निवासी नवाबगंज, कानपुर नगर के साथ रह रहे है और हमने विवाह कर लिया है। उनका आरोप है कि विवाद के चलते मेरी पुत्री मुझे बदनाम करने के लिए इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेरी व महिला मित्र के फोटो और वीडियो वायरल कर रही है।विरोध करने पर गाली-गलौज और लोगों से धमकियां दिला रही है।पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# युवती की मौत के मामले में गांव में पुलिस तैनात



गांव में पसरा सन्नाटा

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले को लेकर पुलिस सतर्क है। मृतका के परिजनों की ओर से गांव के ही दो भाइयों के खिलाफयुवती को आत्महत्या के लिए उकसाने तथा हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। बताया गया है कि युवती ने कथित रूप से नशीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना के बाद गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमों का गठन किया गया है।

आरोपियों की तलाश जारी

संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है तथा अतिरिक्त पुलिस बल को भी रिजर्व रखा गया है। घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बदहाली का शिकार हुआ नौ लाख की लागत से बना आरआरसी सेंटर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

विकास खंड बढ़पुर की ग्राम पंचायत कुटरा में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करीब 9 लाख रुपये की लागत से निर्मित आरआरसी (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) बदहाली का शिकार हो गया है। सेंटर की लोहे की टीनें उड़ चुकी हैं और भवन की स्थिति जर्जर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों के अनुसार आरआरसी सेंटर पर कई दिनों से ताला लटका हुआ है, जिसके कारण कूड़ा निस्तारण का कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं परिसर के पास बने शौचालय की भी हालत खराब है और उसके गेट पर भी ताला पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराकर आवश्यक मरम्मत एवं व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत प्रधान अजय कुमार लल्ला ने बताया कि आरआरसी सेंटर का निर्माण लगभग ढाई वर्ष पूर्व कराया गया था, जिसकी लागत करीब 9 लाख रुपये थी। अब इतनी कम अवधि में भवन की खराब स्थिति कई सवाल खड़े कर रही है।



बंद पड़ा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

# साप्ताहिक जन चौपाल योजना के तहत ग्रामीणों की सुनी समस्यायें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

शासन के आदेशों पर चलाई जा रही साप्ताहिक जन चौपाल योजना के तहत ग्रामीणों से रूबरू होने के लिए विकासखंड के कर्मचारियों ने गांव में पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनी।

ग्राम पंचायत कुतुबुद्दीनपुर में शासन के आदेशों पर चलाई जा रही साप्ताहिक जन चौपाल योजना के तहत विकासखंड के कर्मचारियों ने गांव में पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनी। सर्वाधिक मामले पेंशन संबंधी आए, जिसमें अधिकारियों ने बताया की नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शासन के निर्देश पर जनता वालों का आयोजन लगातार जारी रहेगा। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुतुबुद्दीनपुर में जन चौपाल आयोजन कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य रूप से एडीओ समाज कल्याण तथा एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह ने समस्याओं को सुना। वहीं मौजूद ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव ने भी जनता के समस्याओं को सुना और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजीव कुमार, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार तथा ग्रामीण जनता मौजूद रही।



चौपाल में ग्रामीणों की समस्यायें सुनते कर्मचारी

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में विवाद, पांच घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के ढड़ियापुर गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में कुल पांच लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ढड़ियापुर निवासी राम लक्ष्य पाल अपने घर पर थे, तभी गांव का एक युवक पुराने विवाद के चलते उनके घर के बाहर गाली-गलौज करने लगा। राम लक्ष्य पाल ने जब युवक को गाली-गलौज करने से मना किया, तो युवक ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। मारपीट होते देख राम लक्ष्य पाल की पत्नी कान्ति देवी और पुत्र आलोक भी उन्हें बचाने पहुंचे, लेकिन वे भी हमले में घायल हो गए। इस तरह एक पक्ष से राम लक्ष्य पाल, उनकी पत्नी और पुत्र सहित तीन लोग घायल हुए। वहीं, दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों ने नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ0 लोकेश शर्मा ने घायलों का उपचार किया। पांच घायलों में से दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने जमकर किया हंगामा

- अस्पताल कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर अस्पताल ने रेफर कर दिया। ले जाते समय मौत हो गयी। जिसको लेकर परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और कार्यवाही की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



मौके पर मौजूद पुलिस

जानकारी के अनुसार मैनपुरी जनपद के कुरावली निवासी संदीप गिहार की 24 वर्षीय पत्नी संध्या को 10 जून की शाम बजरिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां संध्या ने एक बच्ची को जन्म दिया था। प्रसव के बाद शुक्रवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल प्रशासन ने गंभीर हालत बताते हुए उसे रेफर कर दिया। बाहर ले जाते समय महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस दौरान आक्रोशित परिजन शव को वापस अस्पताल लेकर पहुंचे और चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर कोतवाली प्रभारी दर्शन सिंह तथा मऊदरवाजा थाना प्रभारी अजब सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उत्तेजित परिजनों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा, उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# राष्ट्रीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में छात्र-छात्रायें दिखायेंगे अपनी प्रतिभा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

योग का महत्व और उससे होने वाले लाभ के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2026 के अन्तर्गत 15 से 18 जून तक आनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करेगा। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश जारी किये है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश भर के माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अब योग के क्षेत्र में अपने ज्ञान का प्रदर्शन करेगें। इस हेतु शिक्षा विभाग 15 से 18 जून तक राष्ट्रीय योग ओंलपियाड 2026 का आयोजन कर रहा है। जिसमें आनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित होगी। माध्यमिक शिक्षा निर्देशक डा0 महेन्द्र देव के अनुसार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद वर्ष 2016 से योग ओलंपियाड का आयोजन कर रही है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश जारी कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का प्रतियोगिता में पंजीकरण कराने के लिए कहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये है यह विद्यार्थियों को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष रजनीश, शिक्षा पूर्व संयुक्त मंत्री सत्येन्द्र सिंह एवं पूर्व उपाध्यक्ष संतोष दुबे ने विद्यार्थियों से अपील की है कि प्रतियोगिता में प्रतिभागी प्रतिभाग हेतु अपना पंजीकरण कराये।

## दबंगों ने दंपत्ति को पीटा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के डिलरा गांव में गुरुवार रात एक युवक ने घर में घुसकर रामौतार और उनकी पत्नी धन देवी के साथ मारपीट की। पुराने विवाद को लेकर हुई इस घटना में दंपति घायल हो गये। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम डिलरा निवासी रामौतार पुत्र नेकराम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब 10 बजे गांव का निवासी युवक उनके घर में घुस आया। युवक ने पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब रामौतार और उनकी पत्नी वहां से बचकर गांव के प्रधान के घर जा रहे थे, तभी युवक ने अपने साथियों को बुलाकर उन्हें रास्ते में रोक लिया। रास्ते में भी गाली-गलौज जारी रही, जिसका विरोध करने पर शिवम और उसके साथियों ने रामौतार के साथ मारपीट शुरू कर दी। रामौतार को बचाने आई उनकी पत्नी धनदेवी के साथ भी मारपीट की गई। जिससे दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

# फोन पर बात करने से मना करने पर प्रेमी ने प्रेमिका को मारी गोली, घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

- आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज, तलाश कर रही पुलिस
- युवती की मां ने बताया कि आरोपी युवक उनके घर आता-जाता था

प्रेम प्रसंग के विवाद में एक युवक ने युवती को गोली मार दी। जिससे युवती घायल हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में युवती को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मुहल्ला बीबीगंज बहादुरगंज निवासी विवेक शाक्य की 18 वर्षीय पुत्री सलोनी छत पर बैठी थी। इसी दौरान मुहल्ला टाउन हाल निवासी विशाल वहां आया और घर में घुसकर छत पर चढ़ गया और वहां सलोनी पर तमंचे से गोली चला दी। गोली सलोनी के दाहिने पैर में लगी। चीखपुकार सुनकर स्वजन भी वहां पहुंचे तो युवक वहां से भाग निकला। स्वजन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी अजब सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और घायल सलोनी को लेकर डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में पहुंची सलोनी की मां प्रीति ने बताया कि उनके सामने ही विशाल ने गोली चला दी। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह और सीओ सिटी अभय वर्मा लोहिया अस्पताल पहुंचे। उन्होंने युवती और उसकी मां से घटना की जानकारी ली।

इसके बाद अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी अस्पताल पहुंचकर आवश्यक नमूने एकत्र किए हैं। युवती की मां ने बताया कि आरोपी युवक उनके घर आता-जाता था। युवती ने बताया करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मोबाइल से बात होना शुरू हुई थी। इसके बाद गोली मारने वाले युवक से करीब एक साल से उसकी शादी की बात चल रही थी। उसने अचानक परिवार को जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया था। युवती ने बताया कि उसे लगा था कि युवक उसकी मां पर हमला करेगा, लेकिन जैसे ही वह आगे बढ़ी, युवक ने उसे गोली मार दी और फरार हो गया। युवती के पिता हलवाई का काम करते थे और पिछले एक महीने से लापता हैं। युवती पिछले आठ दिनों से टाउन हॉल में काम करने जाती है। इस मामले में क्षेत्राधिकारी सदर अभय वर्मा ने बताया कि गोली मारने वाले युवक की पहचान विशाल के रूप में हुई है। विशाल और सलोनी के बीच आपस में मित्र हैं और बातचीत होती थी और घर भी आना जाना था।

उसकी तलाश में पुलिस टीम भेजी गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके पिता विशंभर कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया गुरुवार की रात मऊ दरवाजा थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक द्वारा युवती को गोली मार कर घायल कर दिया गया है।

तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। परिजन से पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी युवक और युवती एक दूसरे को एक डेढ़ साल से जानते थे। युवती से फोन पर बात को लेकर आरोपी युवक से मन मुटाव हुआ। इसको लेकर आरोपी युवक ने यह घटना कारित की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दविशें दे रही है।



अस्पताल में भर्ती युवती

# तम्बाकू नियंत्रण अभियान के तहत 17 दुकानदारों पर का हुआ चालान

- 2920 रुपये वसूला गया जुर्माना, दी गई हिदायत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

तम्बाकू नियंत्रण अभियान के तहत मुख्य चिकित्साधिकारी व नगर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अपनी टीम के साथ फतेहगढ़ नगर क्षेत्र में अभियान चलाकर 17 दुकानदारों के चालान कर 1920 रुपये का जुर्माना वसूल कर हिदायत दी है कि यदि आगे नियमों का पालन न करके मिलने पर जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।

शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय व नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार के निर्देशन में विनोद कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजू अहिरवार सहायक अध्यापक एन.सी.सी.ए जी.आई.सी., सूरज दुबे जिला सलाहकार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोमवीर सिंह उपनिरीक्षक पुलिस अपने दल के साथ कलेक्ट्रेट के सामने जी.आई.सी. एवं जी.जी.आई.सी. के पास की दुकानों पर अभियान चलाया। जिसमें विद्यालय परिसर के 100 गज के दायरे में बिक्री केन्द्रों पर जुर्माना लगाया गया एवं फतेहगढ़ चौराहा केन्द्रीय विद्यालय के सामने विक्रय केन्द्रों पर जुर्माना लगाया गया। जिला जेल चौराहा पर बिना साइनेज के विक्रय कर रहे तम्बाकू बिक्री केन्द्रों पर जुर्माना लगाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, में कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया गया, जिसमें कुल 17 व्यक्तियों से 2920 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।



जांच करती टीम

# कालाबजारी में हुसैनपुर नौखंडा की उचित दर दुकान का अनुबंध पत्र निरस्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सरकारी खाद्यान्न गेहूं, चावल, बाजारा की कालाबजारी /डायवर्जन की शिकायत ग्रामीणों ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से की थी। जिसको संज्ञान में लेते हुए डीएम ने डीएम ने उचित दर विक्रेता की दुकान का अनुबंध पत्र निरस्त कर दिया। वहीं खाद्यान्न वितरण के लिए ग्राम सभा हुसैनपुर नौखंडा के कार्ड धारकों को कुंती देवी ग्राम पंचायत नगला खेमरगाई कोटेदार से संबद्ध किया गया है। विकासखण्ड कमालगंज की ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखण्डा के उचित दर विक्रेता माया देवी के विरूद्ध आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यमों से प्राप्त शिकायत के कम में पूर्ति निरीक्षक कमालगंज के द्वारा मौके पर जाकर जाँच की गयी। विक्रेता माया देवी द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के द्वारा अनुदानित खाद्यान्न गेहूँ 105.922 कु0, चावल 157.038 कु0, बाजरा 103.79 कु0 एवं चीनी 63 किलो0 आदि की नफ0 नाजायज कमाये जाने के उद्देश्य से कालाबाजारी/डायवर्जन कर लिये जाने एवं 1.50 कु0 मक्का (अखाद्य) स्टॉक में अधिक पाये जाने व अन्य अनियमितताओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेश 11 जून के अनुपालन में विकासखण्ड कमालगंज की ग्राम पंचायत हुसैनपुर नौखण्डा के उचित दर विक्रेता माया देवी की उचित दर दुकान का अनुबंध पत्र निरस्त करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कोतवाली फतेहगढ़ में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि राशन कार्डधारकों को नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का वितरण करना सुनिश्चित करें। यदि किसी उचित दर विक्रेता के विरूद्ध खाद्यान्न वितरण के सम्बन्ध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

दर्ज करायी गई रिपोर्ट

## एससी/एसटी एक्ट में चार पर मुकदमा दर्ज

संकिसा, समृद्धि न्यूज। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अछरौड़ा निवासी दिलीप कठेरिया पुत्र सुरेश ने गांव के ही संजीव, टीटू पुत्रगण जगदीश, प्रशांत पुत्र संजीव, गौतम पुत्र संतोष के विरुद्ध जाति सूचक गाली-गलौज व मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 2 जून समय लगभग शाम 5 बजे मेरा भाई अनिल घर के बाहर बैठा था, तभी उपरोक्त आरोपित टीटू, संजीव ने गाली-गलौज कर मारपीट की। 10 जून शाम 7:30 बजे जब मेरा भाई अनिल शौचक्रिया के लिए खेतों की तरफ जा रहा था, तभी माता मन्दिर के पास उपरोक्त सभी आरोपित मेरे भाई अनिल के साथ जाति सूचक गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपितों ने मेरे भाई अनिल के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के सुपुर्द कर दी।

# किसानों को अपनी जमीनें बचाने के लिए करना पड़ेगा संघर्ष: राकेश टिकैत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- जिलाध्यक्ष की मां के शांति पाठ में पहुंचकर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने दी श्रद्धांजलि

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार की माँ के शांति पाठ में पहुंचे भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पहुंच कर हवन में आहुति दी और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को अपनी जमीनें बचाने के लिए प्रशासन से संघर्ष करना पड़ेगा, लडऩा पड़ेगा, अभी तो एक ही एक्सप्रेसवे निकल रहा है, आगे और निकलेंगे।

लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के जो सर्किल रेट बढ़े है वह जिलाध्यक्ष और किसानों के संघर्ष से बढ़े। कही सर्किल रेटों में कमी है, वह भी बढ़ेंगे। सर्किल रेट बढ़वाने के लिए किसानों को बड़ा संघर्ष करना, पड़ेगा लडऩा पड़ेगा। जमीनें बचाने के लिए भी लड़ना पड़ेगा।

सरकार और जिला प्रशासन किसानों की जमीनों का बैनामा कराने के लिए उन्हें धमकाएंगे, लाल आंख भी दिखाएंगे, लेकिन किसानों को इनसे डरना नहीं है, इनकी बातों में नहीं आना है। अब किसान जाग गया है, अपने खेतों को बचाने के लिए प्रशासन से लड़ना सिख गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की उनकी बिना सहमती के कोई भी उनकी जमीन नहीं ले सकता। अगर कोई जमीन नहीं देना चाहता है तो जिला प्रशासन उन किसानों को धमकाएगा तो पूरे देश के आंदोलन यही फर्रुखाबाद में चलेंगे। इस दौरान राजवीर सिंह जादौन, बिजेंद्र सिंह यादव, उदयवीर यादव, तिलक सिंह राजपूत, रूपेंद्र शाक्य, विपिन यादव, आरव सिंह आदि मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि देते किसान नेता राकेश टिकैत

# ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूल खुलते ही स्वतंत्र लेखन प्रेरणाप्रद पुस्तकें एवं समाचार पत्र पढ़ने पर रहेगा जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा ने अधिकारियों को व्यवस्थायें पूरी करने दिये निर्देश
- बच्चों में स्वतंत्र लेखन की आदत विकसित करने पर भी दिया जायेगा जोर
- इस सत्र में बच्चों की उपस्थिति पर दिया जायेगा विशेष स्थान

परिषदीय विद्यालयों के वर्तमान सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ उनके व्यक्तित्व विकास के लिए शासन ने निर्देश जारी किये है। जिसके तहत बच्चों की उपस्थिति और सीखने के स्तर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। इसके अलावा इस योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को नियमित रुप से पुस्तके और समाचार पत्र पढ़ने के लिये प्रेरित किया जायेगा।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलते ही शासन ने बच्चों के विकास हेतु बेसिक शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये है। जिसे कार्यरुप प्रदान करने के लिए अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी ने विगत दिनों वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए सभी मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशकों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश दिये गये कि विद्यालय खुलने से पहले सभी व्यवस्थायें पूरी कर ली जाये। ताकि पहले दिन से ही बच्चों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिल सके। इस सत्र में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों की मुख्य रुप से उपस्थिति और उनके सीखने के स्तर पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

इसके अलावा विद्यार्थियों को नियमित रुप से प्रेरणा प्रद पुस्तके और समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही बच्चों में स्वतंत्र लेखन की आदत विकसित करने पर भी जोर दिया जायेगा। निपुण भारत मिशन को भी मजबूत बनाने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विशेष निर्देशित किया गया है।

# समर इंटर्नशिप विशेष कार्यक्रम में विधि विद्यार्थियों को दी गई जानकारियां


इंटर्नशिप कार्यक्रम में मौजूद सचिव एवं सीओ आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में जून के लिए समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बिंदिया भटनागर के नेतृत्व में विधि छात्र-छात्राओं इंटर्न्स हेतु एक विशेष, प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के कार्यालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी अजय वर्मा पुलिस उपाधीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी सीओ अजय वर्मा ने समर इंटर्नशिप के चयनित विधि प्रशिक्षुओं को पुलिस प्रशासन की आंतरिक संरचना एवं उसकी वास्तविक कार्यप्रणाली से विस्तारपूर्वक अवगत कराया जाएगा। इस ज्ञानवर्धक सत्र में मुख्य रूप से अपराध अन्वेषण प्रक्रिया क्राइम जांच, नागरिकों के मौलिक अधिकार तथा समाज के कमजोर वर्गो हेतु महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी विभिन्न विधिक प्रावधानों पर विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा। प्रशिक्षुओं को पुलिस विभाग एवं न्यायिक तंत्र के मध्य आपसी समन्वय और उनके क्रियान्वयन की व्यावहारिक बारीकियों को गहराई से समझने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मूल मंशा के अनुरूप, इस इंटर्नशिप और विशेष सत्रों का मुख्य उद्देश्य विधि के छात्रों को मात्र किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर विधिक सेवा संस्थानों तथा कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न अंगों के व्यावहारिक संचालन से रूबरू कराना है। पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाला यह सत्र छात्रों की शंकाओं का समाधान करने तथा उनमें प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति संवेदनशीलता व विधिक समझ विकसित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

# ई-रजिस्ट्रीकरण का तहसील अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन तहसील में आम सभा की बैठक आहूत की गयी। जिसमें तहसील सदर में कार्यरत सभी अधिवक्तागण एवं दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता आदि उपस्थित हुए। बैठक में महानिरीक्षक निबन्धन उ0 प्र0 लखनऊ द्वारा 04 जून के पत्र पर चर्चा हुई।

जिसमें सरकार द्वारा दस्तावेज लेखन का कार्य विभाग द्वारा ई-रजिस्ट्री प्रणाली लागू करके अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से दस्तावेज पंजीकरण का कार्य कराये जाने की योजना बनाई जा रही है।

जिससे प्रदेश की समस्त तहसीलों में कार्यरत अधिवक्तागण, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता व अन्य सहयोगीगण रोजी-रोटी पर संकट उत्पन्न हो जायेगा एवं प्रदेश भर में लाखों लोग बेरोजगार हो जायेगें। जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। पत्र में अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ई-रजिस्ट्रीकरण का कार्य कराये जाने का उल्लेख किया गया है। इस व्यवस्था से दस्तावेजों में विधिक जानकारी के आभाव में रजिस्ट्रीकरण का कार्य सुचारु रुप से नहीं हो सकेगा एवं पूरे प्रदेश में अधिकृत संस्थाऐं एकाधिकार के रुप में कार्य करेंगी। जिससे आम जनता को अधिक से अधिक कठिनाइयाँ उत्पन्न होगी। अधिकृत संस्थाओं में जानकारी के अभाव के कारण चिभिन्न त्रुटियाँ उत्पन्न होगी, जिससे विभिन्न वादों की गिनती बढ़ेगी। जिससे न्याय व्यवस्था पर गलत प्रभाव पड़ेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। साथ ही तहसील बार एसोसिएशन सदर एवं दस्तावेज लेखक एसोसिएशन सदर द्वारा स्टाम्प विक्रेता व सहयोगियों के साथ ई-रजिस्ट्रीकरण के आदेश का विरोध किया गया। इस क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग की गई। मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि इस कानून के खिलाफ प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

आगामी विधानसभा चुनाव में इस काले कानून का असर भी पड़ने की संभावना है। प्रदेश सरकार इस पर ध्यान दें और इस आदेश को वापस ले। इस संबंध में तहसील के अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर सचिव अतुल मिश्रा, नंदकिशोर दुबे, अशोक कुमार सक्सेना, संजीव बाथम, दिनेश कुमार बाथम, विष्णु नारायण, मनीष सक्सेना, दिनेश चन्द्र, रामवरन दीक्षित सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक

# इग्नू में जुलाई सत्र में पी.एच.डी. प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने 36 कार्यक्रमों में अनुसंधान की उपाधि प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए जुलाई सत्र में पी.एच.डी. में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन लिंक के माध्यम से 1 जुलाई तक कर सकते हैं। यह जानकारी वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने डी.एन. पी.जी. कॉलेज फतेहगढ़ स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 के को-ओर्डिनेटर डॉ. आर.एन. सिंह को ई-मेल के माध्यम से दी। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि मनोविज्ञान, मानव विज्ञान, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, जैव रसायन विज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, भूविज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सांख्यिकी, गणित, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा, पर्यावरण विज्ञान, ललित कला, रंगमंच, संगीत, समाजकार्य, प्रबन्धन, वाणिज्य आदि लगभग 36 कार्यक्रमों में अनुसंधान उपाधि के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का 55 प्रतिशत अंकों के साथ परास्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा एस.सी.ए एस.टी., ओ.बी.सी., ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। विश्वविद्यालय ने पूर्णकालिक एवं अंशकालिक दोनों ही श्रेणियों में पी.एच.डी. कार्यक्रम ऑफर किया है। ऐसे में वे सभी कार्यरत अभ्यर्थी जो अंशकालिक पी.एच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें अपने विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है। दोनों ही श्रेणियों के अभ्यर्थियों को छः माह का कोर्स वर्क इग्नू मुख्यालय, नई दिल्ली में करना अनिवार्य है। निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु चार श्रेणियों में आवेदन किया जा सकता है।

प्रथम श्रेणी में अभ्यर्थी को यू.जी.सी. नेट के साथ जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस श्रेणी में प्रवेश साक्षात्कार के माध्यम से दिया जायेगा। द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में अभ्यर्थी का यू.जी.सी. नेट उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं इसमें प्रवेश के लिए 70 प्रतिशत वरीयता नेट के स्कोर एवं 30 प्रतिशत वरीयता साक्षात्कार पर आधारित होगी। चतुर्थ श्रेणी के अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक होगा तथा इसमें प्रवेश के लिए 70 प्रतिशत वरीयता प्रवेश परीक्षा के स्कोर एवं 30 प्रतिशत वरीयता साक्षात्कार पर आधारित होगी। चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार इग्नू मुख्यालय मैदानगढ़ी, नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा। साक्षात्कार में अनुसंधान क्रियाविधि, विषय विशेषज्ञता तथा संचार कौशल विषयों पर प्रश्न किये जा सकते हैं। डॉ0 सिन्हा ने बताया कि चयनित विद्यार्थी कार्यक्रम को न्यूनतम् तीन वर्षों में तथा अधिकतम् छः वर्षों में पूर्ण कर सकते हैं। अभ्यर्थी फतेहगढ़ डीएन कालेज से सम्पर्क करें।

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक में पीडीए को मजबूत करने का लिया गया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव कैप्टन रामाधार सिंह रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीडीए को एक लेकर आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत के साथ जीतना है। और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाना है। बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर ने विचार व्यक्त किये। अमित यादव ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने कहा कि आजाद हिंदुस्तान में सैनिकों के प्रति अगर किसी ने बड़ा दिल दिखाया था तो वो हैं नेताजी मुलायम सिंह यादव तथा समाजवादी पार्टी, आज जो सैनिकों की शहादत को समाज में सम्मान मिलता है, वह समाजवादी पार्टी की ही देन है। हम समाजवादी सैनिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे पीडीए आंदोलन को मजबूत करके समाज में समता और संपन्नता लाने का प्रयास करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष केके यादव, रामपाल सिंह, रामाधार सिंह, छोटे सिंह, बृजेश कुमार, अमित यादव, मदन पाल, हरि सागर, राकेश चंद श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, बीन सिंह, शंभू दयाल, गया सिंह, जय शाक्य, सुरेंद्र सिंह, रमेश सिंह, राजू शर्मा, सर्वेश कुमार, राधेश्याम,देवेंद्र सिंह, नेत्र पाल सिंह, अमित कुमार, प्रवीण कुमार, भुवनेश कुमार, ओमप्रकाश यादव, सुशील कुमार, ज्ञान सिंह, प्रेम सिंह, रूमाल सिंह, सीता राम, श्याम बाबू, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

# हत्या के मामले में कोर्ट के आदेश पर चार पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- हत्या करने के पश्चात हत्यारे मोटरसाइकिल समेत लाश को तालाब में डाल दिया था

हत्या के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बलरामपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही चार रोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। 12 नवंबर 2025 को समय दोपहर लगभग 12 बजे प्रार्थी का भाई सर्वेश कुमार अपने फार्म हाउस से घर आ रहा था।

उसी समय बेचेलाल व बेचेलाल पुत्र शिवा चक रोड पर लेजम पाइप बिछा कर समरसेबल से आलू की भराई कर रहे थे। मोटरसाइकिल पाइप पर चढ़ जाने से पाइप फट गया तो युक्त लोग भाई सर्वेश को भदी-भदी गालियां देने लगे तथा फावड़े से जान मारने की धमकी दी कि ज्यादा पैसे बाला बनता हैं। तुझे देख लेंगे, झगड़ा करते समय गांव के लोगों ने बचाया। 13 नवंबर 2025 को लगभग शाम 4 बजे प्रार्थी का भाई मोटर साइकिल से कीट नाशक दवा लेने बाइक से ज्योता जा रहा था, तभी गांव के ही संतोष ने कहा कि मेरी साइकिल टूट गई है। हमे भी ज्योता चलना है। जब भाई ने मना किया तो संतोष ने अपनी जेब से शराब का पौआ निकाल कर पिलाया उसके बाद प्रार्थी का भाई संतोष की साइकिल को मोटरसाइकिल पर रखकर करनपुर तक ले कर गया। तथा दवा लेने के बाद संतोष षड्यंत्र के तहत बलरामपुर निवासी बेचेलाल शिवा व अनूप को बुला लिया तथा प्रार्थी के भाई को जबदस्ती झोपड़ी में लेजाकर शराब पिलाकर नाक, मुंह दवा कर हत्या कर दी।

हत्या करने के पश्चात भाई की लाश मोटर साइकिल समेत प्रार्थी के फॉर्म हाउस के पीछे बने तालाब में डाल दिया। जब प्रार्थी की भाभी व भतीजा भाई की तलाश कर रहे थे तो उसकी लाश तालाब के पास पड़ी थी। लाश को लेकर मोहम्मदाबाद प्राइवेट अस्पताल लाये जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूकता गतिविधियों में तेजी आ गई है। जून की इस रिकॉर्ड तोड़ देने वाली भीषण गर्मी और तेज धूप की परवाह न करते हुए, पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमों ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

गुरुवार को जनपद के विभिन्न थानों की महिला सुरक्षा दल (एंटी रोमियो स्क्वाड) और मिशन शक्ति प्रभारियों ने शहरी मोहल्लों से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों का दौरा किया। उमस और लू के बीच टीम की महिला पुलिसकर्मियों ने गांव के चौपालों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और तंग गलियों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। टीमों ने वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर क्राइम को लेकर भी बालिकाओं को सचेत किया। सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग कैसे करें, अंजान लोगों से दूरी कैसे बनाएं और किसी भी प्रकार की ब्लैकमेलिंग या छेड़छाड़ होने पर चुप रहने के बजाय आवाज कैसे उठाएं, इस पर विशेष रूप से चर्चा की गई। पुलिस ने महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य हर महिला के भीतर सुरक्षा की भावना और आत्मविश्वास को जगाना है।


नवाबगंज में महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

# कम्बोडिया समारोह में डॉ. रामकृष्ण राजपूत हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


सम्मानित होते डॉ. रामकृष्ण राजपूत

दो देशों की यात्रा से लौटे साहित्यकार व इतिहासकार डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने पत्रकार वार्ता में विशिष्ठ प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित होने की जानकारी दी। अपने पल्ला स्थित निवास पर डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी संगठन का कंबोडिया समारोह में सम्मानित किया गया। जिसमें देश विदेश से कई विद्वान, साहित्यकार, इतिहासकारों ने भाग लिया। भारतीय कला, भाषा, साहित्य, धर्म की विवेचना तथा उनके इतिहासिक महत्व और उपादेयता पर प्रकाश डालकर कम्बोडिया की संस्कृति में विष्णु और थाईलैण्ड की सुवर्ण भूमि की महत्वता को प्रतिपादित किया। भारतीय संस्कृति के विस्तार के साथ भारत में बयोवृद्ध मुख्य अतिथि एवं लब्धप्रतिष्ठ विद्वान, पुरातत्वविद-साहित्यकार डा0 रामकृष्ण राजपूत की विद्वता व लोकप्रियता का समारोह में सौभाग्य बताया गया। डा0 रामकृष्ण की सद्यप्रकाशित दो पुस्तकों-मलेशिया, कम्बोडिया यात्रा तथा इंग्लैण्ड की यात्रा-2000 का विमोचन करते हुए उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इससे भारत का सराहनीय योगदान रहा। रचना विमर्श की केंद्रबिन्दु, सुभाषचन्द्र बोस की स्वतंत्रता संघर्ष की कार्यस्थली तथा किंग नोरोडाम सिंहानोक और किंग नवम् पुमीपोन क्वीन श्रीकिट भी चर्चा का विषय रहे। डा0 रामकृष्ण के 68 पुस्तकों के सृजन अनेक पत्रिकाओं के संपादन संग्रहीत सांस्कृतिक संपदा निस्पृह एवं निष्पक्ष वकविद्वता और उनके देश में प्राप्त राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान भी उनकी महनीयता और गहनीयता का उदाहरण प्रतिबिम्बित करते है। सम्मेलन में गीत, गजल, मुक्तक, नई कविता, छन्दबद्ध, छन्दमुक्त, मात्रिक, वार्णिक, हाइक, महाकाव्य, खण्डकाव्य आदि पर वक्तव्य की श्रंखला चली। साथ ही उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण किया। कई देशों से पहुंचे लोगों ने यात्रा का अनुभव साझा किये। वार्ता के दौरान विदेशी स्मृति चिन्हों को भी लाकर दिखाया। साथ ही उन्हें स्थानीय लोगों ने सम्मानित किया। इस मौके पर रविन्द्र भदौरिया, भोजराज, पंचशील राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा सेवकों ने पांचाल घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में गंगा को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने हेतु साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन गंगा घाट पांचाल घाट पर किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाएं, गंगा योद्धा एवं अन्य स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। भारी मात्रा में गंगा तट से खंडित मूर्ति, प्लास्टिक, पॉलिथीन, कांच, कपड़े इत्यादि अपशिष्ट सामग्री हटाई गई। लगभग दो कुंतल कूड़ा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि लोग अज्ञानता वश गंगा के तट पर अपशिष्ट सामग्री छोड़ जाते हैं जिसकी वजह से गंगा का जल दूषित होता है। कई बार भारी मात्रा में कांच भी मिलती है जिससे कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि गंगा के तट पर किसी भी प्रकार की सामग्री विसर्जित ना करें, इससे न सिर्फ धर्म का अपमान होता है, बल्कि पर्यावरण भी दूषित होता है। नमामि गंगे के प्रशिक्षक रोहित दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को यह समझना चाहिए कि हम जिस तरह से अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी तरह से हमें गंगा तट को भी स्वच्छ रखना चाहिए। लोग स्वयं को पवित्र करने के लिए गंगा स्नान करते हैं, परंतु बदले में गंगा के जल में अपशिष्ट सामग्री छोड़ जाते हैं, जिससे गंगा नदी का अपमान होता है। योगाचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को यह समझना चाहिए कि यदि प्रतिदिन हम इसी तरह से गंगा नदी में अपशिष्ट सामग्री छोड़ जाएंगे तो एक दिन गंगा में शुद्ध जल के स्थान पर सिर्फ अपशिष्ट सामग्री ही बचेगी।

इस अवसर पर उपस्थित नविकों, पंडा पुजारी, दुकानदारों आदि को भी गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस अभियान में गंगा योद्धा दीक्षा, पल्लवी, विवेक, अश्मित एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।


स्वच्छता अभियान में भाग लेते गंगा सेवक

## खबरें एक नजर में

### युवा लेखक आयुष मोहन मिश्रा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर के युवा लेखक एवं आध्यात्मिक चिंतक आयुष मोहन मिश्रा को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य समारोह में मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्य, आध्यात्मिक चिंतन तथा युवा पीढ़ी में आत्मविकास और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। गोला निवासी आयुष मोहन मिश्रा ने मात्र 21 वर्ष की आयु में अपनी पहली पुस्तक 'द सीक्रेट ऑफ योर स्पिरिचुअल पावर' लिखी थी। प्रारंभिक दौर में कई प्रकाशकों द्वारा पुस्तक प्रकाशित करने से मना करने के बावजूद उन्होंने स्वयं का प्रकाशन संस्थान स्थापित कर पुस्तक प्रकाशित कराई। बाद में यह पुस्तक पाठकों के बीच लोकप्रिय हुई और अमेजन पर बेस्टसेलर के रूप में पहचान बनाई। उनकी पुस्तक का सात भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी किया जा चुका है। इसके बाद दिसंबर 2025 में उनकी दूसरी पुस्तक 'फिलॉसफी ऑफ कलियुग' प्रकाशित हुई, जिसे पाठकों ने खूब सराहा। यह पुस्तक राष्ट्रीय बेस्टसेलर सूची में भी शामिल रही। मानद डॉक्टरेट सम्मान मिलने पर नगरवासियों, शिक्षाविदों, साहित्य प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आयुष मोहन मिश्रा को शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने इसे नगर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

### कांग्रेस ने चलाया जनसंपर्क व हस्ताक्षर अभियान



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** कांग्रेस पार्टी द्वारा छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों के बीच पार्टी की अपील वितरित की गई। साथ ही अंडमान-निकोबार की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण को लेकर देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान के तहत जनसमर्थन भी जुटाया गया। खुटार रोड स्थित कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए हस्ताक्षर अभियान शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि देश के ज्वलंत मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान का आयोजन जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के निर्देश पर किया गया, जबकि नेतृत्व नगर अध्यक्ष अजीत जैन ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और हस्ताक्षर कर अभियान का समर्थन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोगों को अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### शक्ति एक पहल ने चलाया सई नदी का सफाई अभियान

**प्रतापगढ़।** सामाजिक संस्था शक्ति एक पहल द्वारा शुक्रवार को सई नदी की गरिमा को बहाल करने के लिए एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका ईओ राकेश कुमार तथा नगर पालिका सफाई निरीक्षक संतोष सिंह सम्मिलित हुए। अभियान अभियान में क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें सुरेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार संतोष पांडेय,ग्राम प्रधान शिवाजी सिंह और मंदिर समिति के पुजारी गण शामिल रहे।संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती दीपिका सिंह और को-फाउंडर प्रेम सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में 250 से अधिक उत्साही वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अनूप मिश्रा, महेंद्र सिंह, विश्वजीत सिंह और महेश वर्मा जैसे सक्रिय सदस्यों ने पूरी टीम का हौसला बढ़ाया।

### ठेकेदार की मां के निधन पर शोक

**महराजगंज।** जनपद के नगर पंचायत आनन्दनगर के निवासी ठेकेदार रविन्द्र शुक्ल के माता का निधन बीते दिनों लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया है ।वह लगभग 85वर्ष की रही उनका अंतिम संस्कार सरयू घाट अयोध्या में कर्मकांड विधि से सम्पन्न हुआ है। उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार, इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव, अधिवक्ता व राजनीतिज्ञ उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख्ख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय,फरेंदा के पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेंद्र सिंह,पूर्व विधायक विनोद तिवारी, पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी ,पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह, डॉ निशांत मणि त्रिपाठी,पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुहम्मद अली पूर्व चेयरमैन अशोक जायसवाल पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, कांग्रेस प्रदेश सचिव त्रिभुवन मिश्र, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय सिंह, सपा नेता अमित चौबे, पूर्व सभासद देवीशरन दूबे, अभिजीत सिंह, डॉ रामनारायन चौरसिया, पूर्व वार के अध्यक्ष अरविंद मिश्र, पूर्व वार के अध्यक्ष रविन्द्र उपाध्याय, मनोज मिश्र, राघवेन्द्र मिश्र, विभिन्न दलों के राजनितिज्ञ पीडब्ल्यूडी अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार संवर्ग,समाजसेवी, व्यापारी, सहित नात- रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### एनडीपीएस तस्करी मामले में फरार अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण, न्यायालय के आदेश पर भेजा गया जेल

**महराजगंज।** थाना ठूठीबारी क्षेत्र में दर्ज मादक पदार्थ तस्करी के चर्चित मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त ने आखिरकार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजने का आदेश दिया। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि थाना ठूठीबारी में धारा 8/22/23/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में अरशद खान निवासी वार्ड नंबर-12, घनश्यामनगर, थाना सोनौली, जनपद महराजगंज वांछित चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत थी तथा उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। पुलिस की बढ़ती दबिश और गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज होने के बीच अभियुक्त ने न्यायालय की शरण लेते हुए आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजने का आदेश दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है, ताकि समाज में नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। यह कार्रवाई कानून व्यवस्था बनाए रखने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने सुनी, ग्रामीणों की समस्याएं



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत लोहराव और बड़गड़ा में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया।चौपाल में ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राशन वितरण, पेंशन, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।अधिकारियों ने मौके पर ही कुछ शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया।अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, संजय सिंह, गौरव राणा, रोजगार सेवक राजेश कुमार सहित विभागीय कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हलिया मुख्यालय बाजार में 553 जनगणना मकानों का कार्य, संपन्न



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया मुख्यालय बाजार क्षेत्र में सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार मौर्य द्वारा भ्स्ट संख्या 0631 में जनगणना से जुड़े 553 मकानों का कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न कर लिया गया। प्रदीप कुमार मौर्य ने बताया कि निर्धारित समय सीमा में घर-घर जाकर जनगणना सर्वेक्षण किया गया और सभी आवश्यक आंकड़े एकत्र किए गए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया।विभागीय अधिकारियों ने कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित कर्मचारियों के प्रयासों से ही जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य समय पर पूरे हो पाते हैं।

# वृद्ध की रुकी पेंशन चालू कराने को जिलाधिकारी खुद बने सहारा

- दफ्तरों में कसा अनुशासन का शिकंजा
- विकास भवन की हरियाली पर डीएम ने जताई प्रसन्नता, वरिष्ठ सहायक बृजेश अवस्थी को मिली शाबाशी
- जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के साथ डीएम ने परखी ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास भवन के औचक निरीक्षण में डीएम अंजनी कुमार सिंह का संवेदनशील, सख्त प्रशासनिक चेहरा एक साथ देखने को मिला। समाज कल्याण विभाग में निरीक्षण के दौरान शहर के निर्मल नगर निवासी वृद्ध सूरज प्रसाद वर्मा ने कई माह से वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत डीएम से की। मामला गंभीरता से लेते हुए डीएम ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों से जानकारी ली। जांच में पता चला कि ई-केवाईसी न होने के कारण पेंशन रुकी हुई थी।

इस पर डीएम ने मौके पर ही स्वयं खड़े होकर कनिष्ठ सहायक हेमंत कुमार से वृद्ध की ई-केवाईसी कराई और आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए समस्या का तत्काल समाधान कराया। डीएम की तत्परता से वृद्ध के चेहरे पर राहत और संतोष दिखाई दिया। निरीक्षण के दौरान विकास भवन परिसर में हरियाली और स्वच्छ वातावरण देखकर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्य के लिए वरिष्ठ सहायक/ स्टेनो सीडीओ बृजेश अवस्थी की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता और हरित वातावरण सकारात्मक कार्य संस्कृति का परिचायक है।

मत्स्य विभाग के निरीक्षण में डीएम ने पाया कि एक कनिष्ठ सहायक लखनऊ से लौटकर कार्यालय पहुंचा है। कारण पूछने पर कर्मचारी ने बताया कि आहरण-वितरण संबंधी कार्यों के लिए मंडल स्तर पर जाना पड़ता है। इस पर डीएम ने व्यवस्था को सरल बनाने के लिए जिला स्तर पर ही आहरण-वितरण का चार्ज सक्षम अधिकारी को दिए जाने संबंधी पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने पंचायत राज, अर्थ एवं संख्याधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, सहकारिता, लघु सिंचाई, मनरेगा, ग्राम्य विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, मत्स्य, पशुपालन, आरईएस तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली और ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था की समीक्षा की। कर्मचारियों ने अपने मोबाइल फोन पर ऑनलाइन अटेंडेंस का विवरण दिखाकर उपस्थिति की पुष्टि की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी शत-प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऑनलाइन अटेंडेंस में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उपस्थिति दर्ज न होने पर वेतन भुगतान प्रभावित होगा।

## गन्ना किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित, 21 लाख रुपये की सहायता



**बिजुआ खीरी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूनिट गुलरिया द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में गन्ना किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी खीरी जितेंद्र कुमार मिश्र और इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह ने किसानों को कृषि यंत्र सौंपकर आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को गुलरिया चीनी मिल परिसर में किया गया। इस दौरान किसानों को लेजर लेवलर, ट्रैक्टर चालित पावर स्प्रेयर, पावर वीडर सहित विभिन्न कृषि यंत्र अनुदान पर उपलब्ध कराए गए। अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के प्रयोग से खेती की लागत कम होगी और गन्ने की उत्पादकता में वृद्धि होगी। जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि यंत्रों का उपयोग खेती को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक होगा। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने की अपील की। इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह ने बताया कि गुलरिया चीनी मिल किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में मिल प्रबंधन द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों पर लगभग 171 लाख रुपये का अनुदान दिया जा चुका है। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 में 21 लाख रुपये की सहायता प्रदान कर कृषि यंत्रों का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ज्ञान प्रकाश तिवारी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा दिनेश चंद्र यादव, महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान, मिल अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर किसानों में उत्साह देखने को मिला।

## बिजली के खंभे में उतरे करंट से आठ वर्षीय बालक झुलसा

**घर के बाहर खेलते समय हादसे का शिकार हुआ मासूम**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा में बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर एक आठ वर्षीय बालक झुलस गया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। ग्राम बेहड़ा निवासी रिजवान का आठ वर्षीय पुत्र तबरेज घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वह पास में स्थित बिजली के खंभे के संपर्क में आ गया, जिसमें करंट उतर आया था। खंभे को छूते ही उसे तेज झटका लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार बालक की हालत खतरे से बाहर है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है। घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र के सभी खंभों और जर्जर तारों की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## कल 15 केंद्रों पर होगी जीआईसी प्रवक्ता पद के लिए परीक्षा, डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** जिले में 14 जून को आयोजित होने वाली प्रवक्ता (महिला/पुरुष) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा जिले के 15 केंद्रों पर एक पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा में 6257 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक आयोजित की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने किया। बैठक में अधिकारियों को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि परीक्षा संबंधी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच करने और मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट घड़ी, कैलकुलेटर समेत सभी प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षा केंद्र में ले जाने पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक ने परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जन चौपाल में किसानों ने उठाई नहर की ऊंचाई की समस्या

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



केंद्र सरकार के 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर थोथा माइनर बाण सागर नहर निर्माण खंड 8 मिर्जापुर की ओर से जनसम्पर्क अभियान के तहत शुक्रवार को थोथा और गजरिया गांव में प्रगति पद यात्रा एवं जन चौपाल का आयोजन किया गया।बाण सागर सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता शशि प्रकाश शुक्ला एवं अधिशासी अभियंता मिराज अहमद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्राम प्रधान राजेश यादव भी मौजूद रहे। चौपाल में थोथा गांव निवासी कमला शंकर दुबे, राजेश्वरी प्रसाद तथा अरविंद नारायण दुबे ने बताया कि नहर की ऊंचाई अधिक होने से बाण सागर का पानी किसानों के खेत तक नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने नहर की ऊंचाई कम करने और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। अधीक्षण अभियंता शशि प्रकाश शुक्ला ने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और तकनीकी जांच के बाद समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण विनीत सिंह ने गिनाई उपलब्धियां

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को हलिया बाजार में आयोजित कार्यक्रम में मिर्जापुर ध् सोनभद्र विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। विधान परिषद सदस्य ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण, किसान सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि सड़क, रेल और हवाई संपर्क के विस्तार से देश की कनेक्टिविटी मजबूत हुई है, वहीं आत्मनिर्भर भारत अभियान ने स्थानीय उद्योगों और रोजगार को बढ़ावा दिया है। विधान परिषद सदस्य ने कार्यकर्ताओं से इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।इस दौरान विधान परिषद सदस्य ने प्रबुद्ध जनो को माल्यार्पण कर स्वागत किया है इस दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, ताराचंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं, बिना सुरक्षा उपकरण विद्युत कार्य न करें: अधीक्षण अभियंता

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सभागार फरेंदा में गुरुवार सायं अधीक्षण अभियंता महराजगंज ई. यशपाल सिंह की अध्यक्षता में आनंदनगर विद्युत वितरण खंड के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विद्युत आपूर्ति की स्थिति, उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निस्तारण, लाइन अनुरक्षण कार्यों, राजस्व वसूली, विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण तथा विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधीक्षण अभियंता ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध एवं संतोषजनक समाधान किया जाए। ई. यशपाल सिंह ने कहा कि राजस्व वसूली विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर लंबे समय से विद्युत बिल बकाया है, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। निर्धारित समयावधि में भुगतान न करने वाले बड़े बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने विद्युत चोरी को विभाग एवं राष्ट्र की आर्थिक क्षति बताते हुए इसके विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्युत चोरी के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर देते हुए अधीक्षण अभियंता ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी विद्युतकर्मी बिना सुरक्षा उपकरणों के विद्युत कार्य न करे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कार्य के दौरान हेलमेट, ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए। सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। अंत में उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि बेहतर विद्युत सेवाएं प्रदान करना विभाग की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए सभी को समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।

## ट्रैक्टर से गिरकर युवक की हुई मौत पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव में गुरुवार की दोपहर ट्रैक्टर सवार युवक की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई मौके पर पहुँचे युवक के स्वजनों ने युवक को उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर लेकर गए जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया है। युवक के मौत पर स्वजन रोने बिलखने लगे सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी लवलेश गिरि का 22 वर्षीय पुत्र शुभम गिरि गांव के ट्रैक्टर पर बैठकर गांव में जा रहा था की ट्रैक्टर से युवक नीचे गिर गया जिससे युवक के सिर में चोट लगने से युवक की मौत हो गई । मौके पर पहुँचे युवक के स्वजनों ने युवक को उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर लेकर गए जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया । युवक के मौत की सूचना पर युवक के स्वजन रोने बिलखने लगे मृत युवक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था ट्रैक्टर गांव निवासी एक युवक का बताया जा रहा है । सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व एसआई शिवजी यादव व रमाशंकर ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया ट्रैक्टर सवार युवक की ट्रैक्टर से नीचे गिरने से मौत हो गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी कैडेट्स को कराया गया योग का अभ्यास



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने बताया कि12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के अवसर पर Yoga for Healthy Ageing थीम के अन्तर्गत संचालित कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास सत्रों की श्रृंखला में शुक्रवार प्रातः 5-30 बजे संगम इंटरनेशनल स्कूल,कटरा प्रतापगढ़ के प्रांगण में विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 18 बटालियन एनसीसी, प्रतापगढ़ के कैडेट्स को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने, तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने तथा तन-मन को स्वस्थ, शांत एवं प्रसन्नचित रखने में योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह यादव ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।इस अवसर पर डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. जय प्रकाश कुशवाहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) कृष्ण कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाहा, सुनीता सिंह, सुमन सिंह, योग सहायक अजय त्रिपाठी, सतीश सिंह सहित समस्त एनसीसी स्टाफ उपस्थित रहे।

## पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



आगामी पल्स पोलियो अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में माइक्रोप्लान रिवीजन बैठक आयोजित कर अभियान की रूपरेखा, बूथ संचालन एवं घर-घर भ्रमण की रणनीति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. केपी सिंह ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए चलाया जाने वाला यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने पाए। इसके लिए बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाई जाएगी।

डॉ. सिंह ने बताया कि अभियान के लिए प्रत्येक टीम में तीन सदस्यों को शामिल किया जाएगा। ये टीमें बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ-साथ छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उनके घर पहुंचकर दवा पिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि अभियान शुरू होने से पूर्व सभी टीमों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में सर्वेक्षण, बूथ प्रबंधन, रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा छूटे हुए बच्चों की पहचान से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जाएगी। साथ ही अभियान की नियमित निगरानी भी की जाएगी, ताकि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत बच्चों तक पोलियो की खुराक पहुंचाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।